You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-47 ❐ मंगलवार, 17 मार्च 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



व्यायाम से उत्तम स्वास्थ्य, लंबी आयु, शक्ति और सुख की प्राप्ति होती है। अच्छा स्वास्थ्य सबसे बड़ा सौभाग्य है और जीवन में सभी कार्यों की सफलता का आधार भी स्वस्थ शरीर ही है। कि अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है और इसमें व्यायाम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। **नरेंद्र मोदी**

सरकार ने फिर दोहराया देश में कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं 11

मुख्यमंत्री ने 63 सफाई निरीक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र 12

# बच्चों को रोने और नाराज होने दें स्मार्टफोन कतई न दें : योगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

जालोर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मातृशक्ति का आह्वान किया कि छोटी आयु के बच्चों को रोने-नाराज होने दें, कुछ देर में वे ठीक हो जाएंगे, लेकिन स्मार्टफोन कतई न दें।

स्मार्ट फोन का अधिकाधिक प्रयोग समय की हानि के साथ आंखों को नुकसान पहुंचा रहा है। यह सोचने की सामर्थ्य को कम और बुद्धि को कुंठित कर रहा है। लोग डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं। स्मार्टफोन के तमाम गेम नकारात्मक दिशा की ओर ले जा रहे हैं। बच्चा जितना समय स्मार्टफोन पर खर्च कर रहा है, उतना समय यदि अच्छी पुस्तकों, योग, व्यायाम पर लगाएगा तो जीवन सुंदर-व्यवस्थित होगा। स्मार्टफोन का लगातार प्रयोग नशे जैसा ही खतरनाक है। राजस्थान दौरे के दूसरे दिन सोमवार को गोरक्षपीठाधीश्वर व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जालोर के श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर (सिरे मंदिर) के 375 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय महायज्ञ एवं विशाल धर्मसभा में शामिल हुए। युवा पीढ़ी को दी सीख-परिवार के लिए समय निकालिए, बातचीत कीजिएधर्मसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने युवा पीढ़ी को सीख दी कि जितना आवश्यक है, उतना ही स्मार्टफोन प्रयोग कीजिए। परिवार के लिए समय निकालिए, बातचीत कीजिए। भोजन, पूजा के समय फोन न उठाइए, बाद में कॉलबैक कीजिए। स्मार्टफोन एक समय बाद डिप्रेशन की बीमारी पैदा करने वाला है। छोटी-छोटी बातों के कारण आत्महत्याओं की प्रवृत्ति बढ़ी है। कभी विफलता मिली है तो कारण ढूंढ कर उसे सफलता में बदलना ही जीवन है। विफलता से घबराना नहीं, बल्कि चुनौतियों का मुकाबला करना है। कोई भाग्य नहीं ले सकता, सब कुछ ईश्वरीय कृपा से ही मिलता है। लोभ लालच से मुक्त रहकर देश, समाज के लिए सोचिए। नशे के सौदागरों को परिवार, समाज, नगर, कस्बे, गांव में घुसने न देनामुख्यमंत्री ने कहा कि देश के दुश्मन और नशे के सौदागर युवा पीढ़ी को नशे के आगोश में ले जाना चाहते हैं। नशे के कारोबारियों को सफल नहीं होने देना है। किसी देश के भविष्य को देखना है तो युवा पीढ़ी को देखें। यह सही दिशा में है तो देश नई ऊंचाई तक पहुंचता है। मुख्यमंत्री ने अपील की कि नशे के सौदागरों को परिवार, समाज, नगर, कस्बे या गांव, कहीं नहीं घुसने देना है। मनुष्य हड़पने की बजाय जरूरतमंद तक पहुंचाने का भाव रखेमुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में 200 से अधिक देश हैं, लेकिन भारत जैसा कोई नहीं। भारत दुनिया में अलग क्यों है, इसके लिए त्योहारों, परंपराओं, ऋषियों-मुनियों, विद्वानों, सैनिकों, किसानों, नौजवानों, बहन-बेटियों और माताओं के योगदान की विशिष्टता को समझना होगा। मुख्यमंत्री ने सिरे मंदिर के आसपास बंदरों के चौराहे का जिक्र करते हुए कहा कि कल जब हम लोग यहां रुके तो ढेर बंदर आ गए। हमने एक बंदर को रोटी दी तो वह खाने लगा, लेकिन जब तक उसने पहली रोटी खा नहीं ली, तब तक दूसरी रोटी नहीं ली। मनुष्यों को यह शालीनता सीखनी चाहिए। मनुष्य हड़पने व संचय की बजाय जरूरतमंद तक पहुंचाने का भाव रखे। लोभ संवरण साधना है और इसे जीवन का हिस्सा बनाना परम साधना है। विरोध को भी अपने में समाहित करने का सामर्थ्य रखता है भारतमुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषि-मुनि जहां साधना करते थे, उस पूरे क्षेत्र का प्रभाव इतना आध्यात्मिक होता था कि शेर और गाय एक ही घाट पर पानी पीते थे। मुख्यमंत्री ने शिव परिवार का जिक्र किया। कहा कि मां पार्वती दुर्गा की प्रतीक हैं, उनकी सवारी शेर और भोलेनाथ की सवारी बैल है। गणपति की सवारी चूहा, भोलेनाथ के गले में नाग और कार्तिकेय की सवारी मोर है, फिर भी सब साथ मिलकर जीवन चक्र को

● शेष पेज 11 पर



❐ जालोर (राजस्थान) में श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर के 375 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय महायज्ञ एवं विशाल धर्मसभा में शामिल हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

❐ योगी ने युवा पीढ़ी को दी सीख-विफलता मिली है तो कारण ढूंढकर उसे सफलता में बदलें, परिवार के लिए समय निकालिए, बातचीत कीजिए

❐ स्मार्टफोन डिप्रेशन की बीमारी पैदा करने वाला है, छोटी-छोटी बातों के कारण बढ़ी आत्महत्याओं की प्रवृत्तिः मुख्यमंत्री

❐ जब 145 करोड़ जनशक्ति का भारत बोलता है तो 500 वर्ष की विकट समस्या का भी समाधान होता हैः योगी

# ट्रंप की नाटो देशों को चेतावनी

**एजेंसी**

वॉशिंगटन। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और होर्मज जलडमरूमध्य के बाधित होने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर चौतरफा दबाव पड़ रहा है। एक तरफ पश्चिम एशिया में अमेरिका और इस्राइल के ठिकानों पर ईरानी हमले जारी हैं। वहीं दूसरी तरफ ट्रंप घरेलू मोर्चे पर भी घिरते जा रहे हैं। अमेरिका का एक बड़ा तबका इस संघर्ष के खिलाफ है। हैरानी की बात ये है कि इस मुश्किल समय में भी ट्रंप को अपने सहयोगी नाटो देशों की मदद नहीं मिल पा रही है। यही वजह है कि ट्रंप ने सहयोगी देशों को चेतावनी दी है कि नाटो समूह का भविष्य अच्छा नहीं है।

एक इंटरव्यू के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने नाटो के सहयोगी देशों को साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से फायदा लेने वाले देशों को इसकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। ट्रंप ने कहा, 'यह बिल्कुल ठीक है कि होर्मुज से फायदा लेने वाले देश ये सुनिश्चित करें कि वहां कुछ भी गलत न हो।' ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर कोई कुछ नहीं करता या मदद नहीं करता तो मुझे लगता है कि यह नाटो के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा। ट्रंप ने कहा, 'हमें यूक्रेन के मामले में उनकी मदद की जरूरत नहीं पड़ी। अब देखते हैं कि वे हमारी मदद करते हैं या नहीं, क्योंकि मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि हम उनके साथ खड़े रहेंगे, लेकिन वे हमारे साथ नहीं खड़े रहेंगे। गौरतलब है कि ट्रंप होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बारूदी सुरंगों को साफ करने के लिए युद्धपोतों की तैनाती की मांग कर रहे हैं। हाल ही में भी मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा था 'हम नाटो के लिए हमेशा तत्पर हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन सा देश होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने में हमारी मदद करेगा।'



❐ होर्मुज संकट में मदद नहीं मिलने पर अंजाम भुगताने को तैयार रहने को कहा

पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका फंसता नजर आ रहा है। सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई और कई अन्य शीर्ष नेताओं की मौत के बाद भी ईरान झुकने के लिए तैयार नहीं है और लगातार पश्चिम एशिया में अमरिकी ठिकानों और इस्राइल पर हमले कर रहा है। अमेरिका और इस्राइल की ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश भी सफल होती नहीं दिख रही है। ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित करने के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति पर दबाव पड़ा है। अमेरिकी तेल कंपनियों ने भी इसे लेकर चिंता जताई है और ट्रंप से अपील की है कि अगर जल्द ही कोई रास्ता नहीं निकला तो हालात बदतर हो सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने करीब सात देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य में अपने युद्धपोत तैनात करने की मांग की है। हालांकि, अमेरिका के करीबी सहयोगियों ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसे देशों ने तो इससे इनकार कर दिया है।

## ईरान युद्ध का स्थायी अंत चाहता है, देश जल्द ही जीत का जश्न मनाएगा : अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान अपनी भूमि पर अमेरिका और इजरायल के साथ जारी युद्ध का स्थायी अंत चाहता है और उम्मीद है कि देश जल्द ही विजय का जश्न मनाएगा। श्री अराघची ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ईरान ने अपने विरोधियों को कोई संदेश नहीं भेजा है और न ही संघर्षविराम की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष इस तरह समाप्त होना चाहिए कि भविष्य में दुश्मन दोबारा इस प्रकार की आक्रामक कार्रवाई करने का साहस न कर सकें। उन्होंने कहा कि ईरान युद्ध का इच्छुक नहीं है, लेकिन वह चाहता है कि मौजूदा संघर्ष का अंत इस तरह हो जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति की संभावना ही समाप्त हो जाए। विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले महीने अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ शुरू की गई सैन्य कार्रवाई के जवाब में ईरान ने तुरंत कई चरणों में जवाबी हमले किए और अमेरिकी तथा इजरायली ठिकानों को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी जब ईरान के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई हुई थी, तब विरोधी पक्ष ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग कर रहे थे, लेकिन बाद में उन्होंने ही संघर्षविराम की मांग की थी। श्री अराघची ने संघर्ष के शुरुआती चरण में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला सैयद अली खामेनेई की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी शहादत पूरे राष्ट्र के लिए सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने इस संघर्ष में कई वरिष्ठ अधिकारियों, आम नागरिकों और बच्चों के मारे जाने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह अवधि देश के लिए कठिन

● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### सहायक बोरिंग तकनीशियन के 402 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 15 अप्रैल से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग सहायक बोरिंग तकनीशियन के 402 पदों पर भर्ती करने जा रहा है। इसके लिए 15 अप्रैल से 5 मई तक आवेदन लिए जाएंगे। इसमें किसी तरह का संशोधन 12 मई तक किया जा सकेगा। आयोग के सचिव अवनीश कुमार सक्सेना की ओर से सोमवार को इसकी सूचना जारी की गई। लघु सिंचाई विभाग में सहायक बोरिंग तकनीशियन के पदों पर भर्तियां होंगी। इसके लिए प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी-2025) वाले पात्र होंगे। भर्ती के लिए आवेदन आयोग की वेबसाइट ऑनलाइन लिए जाएंगे। सभी वर्गों के लिए ऑनलाइन आवेदन शुल्क 25 रुपये रखा गया है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों, भूतपूर्व सैनिक, महिला, दिव्यांगजन और उत्कृष्ट खिलाड़ी श्रेणी के अभ्यर्थियों को अपने वर्ग के आधार ऑनलाइन शुल्क देना होगा।

### नेगेटिव बैलेंस की वजह से अभी भी कटे हैं 1.47 लाख कनेक्शन

**लखनऊ।** स्मार्ट मीटरों में नेगेटिव बैलेंस होने की वजह से प्रदेश भर के 1.47 लाख उपभोक्ताओं के कनेक्शन अभी भी कटे हैं। पावर कॉरपोरेशन ताजा आदेश में कहा है कि अगर इन उपभोक्ताओं ने कटिया लगाकर बिजली इस्तेमाल की तो इन पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ताओं से मीटर खाता रीचार्ज करवाकर कनेक्शन जुडवाने की अपील की गई है। प्रदेश में 13 मार्च से स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली लागू कर दी गई है। इसके बाद से स्मार्ट मीटरों में नेगेटिव खाते वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन स्वतः कट रहे हैं। पावर कॉरपोरेशन से मिली जानकारी के मुताबिक, अब तक प्रदेश में 2,23,765 उपभोक्ताओं के कनेक्शन कट गए थे। इनमें से 76,209 उपभोक्ताओं ने मीटर रीचार्ज करवा लिया, जिसके बाद उनके कनेक्शन दोबारा जुड़ गए हैं। वहीं, 1,47,556 उपभोक्ताओं के घरों में अब भी बत्ती गुल है। पावर कॉरपोरेशन ने इन उपभोक्ताओं से मीटर रीचार्ज करवाकर दोबारा कनेक्शन जुडवाने की अपील की है। साथ ही यह भी कहा है कि अगर इन उपभोक्ताओं के परिसर में कटिया मारकर बिजली का उपयोग होता पाया गया तो विधिक कार्रवाई भी होगी और मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा।


# फरवरी में थोक महंगाई दर बढ़कर 2.13 फीसदी हुई

**एजेंसी**

नई दिल्ली। देश में थोक महंगाई दर फरवरी 2026 में बढ़कर 2.13 प्रतिशत हो गई है। यह लगातार चौथा महीना है जब थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई में इजाफा दर्ज किया गया है। इससे पहले जनवरी में यह दर 1.81 प्रतिशत थी, जबकि फरवरी 2025 में यह 2.45 प्रतिशत रही थी। सरकार द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी इसका प्रमुख कारण रही।

उद्योग मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि फरवरी 2026 में महंगाई की सकारात्मक दर मुख्य रूप से अन्य विनिर्माण, बेसिक मेटल, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य वस्तुओं और वस्त्रों की कीमतों में वृद्धि की वजह से रही। यानी थोक बाजार में कई जरूरी श्रेणियों में कीमतों का दबाव बना रहा, जिससे महंगाई दर ऊपर गई। आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य वस्तुओं में महंगाई जनवरी के 1.55 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी में 2.19 प्रतिशत हो गई। हालांकि सब्जियों की महंगाई में कुछ राहत देखने को मिली। फरवरी में सब्जियों की महंगाई 4.73 प्रतिशत रही, जो जनवरी में 6.78 प्रतिशत थी। इसके बावजूद दाल, आलू और अंडा, मांस व मछली जैसी वस्तुओं की कीमतों में पिछले महीने के मुकाबले अधिक तेजी दर्ज की गई।

● शेष पेज 11 पर



❐ खाने-पीने की चीजें और रोजाना जरूरत का सामान महंगा हुआ

# पीएनजी कनेक्शन लेने पर कंपनियों ने शुरू की विशेष प्रोत्साहन योजना

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। सरकार ने सोमवार को लोगों से अपील की कि जहां संभव हो वे रसोई गैस के लिए एलपीजी की जगह पाइप के माध्यम से पीएनजी कनेक्शन लें जिसके लिए कंपनियां विशेष प्रोत्साहन दे रही हैं।

कुछ कंपनियों ने 500 रुपये की मुफ्त गैस और कुछ ने जमानत राशि माफ करने की घोषणा की है। सरकार ने यह भी अपील की है कि जिन लोगों के पास एलपीजी और पीएनजी दोनों कनेक्शन हैं वह एलपीजी कनेक्शन वापस कर दें।

सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद रसोई गैस उपभोक्ताओं को सिलेंडर की सुचारू आपूर्ति की जा रही है, कई राज्यों में वाणिज्यिक सिलेंडर की आपूर्ति शुरू हो गयी है और देश में घरेलू एलपीजी का उत्पादन भी बढकर 36 प्रतिशत बढ गया है। इसके अलावा 92700 टन एलपीजी से लदे दो भारतीय टैंकरों में से

● शेष पेज 11 पर

## भारत का एलपीजी से लदा शिवालिक टैंकर पहुंचा मुंद्रा बंदरगाह



नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के कारण ईरान के निकट होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे भारत के 24 जहाजों में से एक एलपीजी टैंकर शिवालिक सोमवार शाम गुजरात में मुंद्रा बंदरगाह पहुंच गया जबकि दूसरे एलपीजी टैंकर नंदादेवी के मंगलवार सुबह कांडला बंदरगाह पहुंचने की संभावना है। शिवालिक टैंकर पर करीब 45 हजार टन एलपीजी लदी है और इसके आने से देश में एलपीजी की आपूर्ति और मजबूत होगी। ये दोनों एलपीजी टैंकर कुछ दिन पहले होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकल कर भारत के लिए रवाना हुए थे।

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने अपराह्न एक संवाददाता सम्मेलन में बताया था कि करीब 45 हजार टन एलपीजी लेकर आ रहा भारतीय टैंकर शिवालिक सुरक्षित रूप से होर्मुज़ जलडमरूमध्य पार करने के बाद शाम को मुंद्रा बंदरगाह पहुंचने वाला है। उन्होंने कहा कि कार्गो को तेजी से उतारने के लिए दस्तावेज़ी प्रक्रिया और प्राथमिकता के आधार पर जहाज को घाट देने की व्यवस्था पहले से ही पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही होर्मुज़ जलडमरूमध्य से निकलने वाले एक अन्य टैंकर के मंगलवार कांडला पोर्ट पहुँचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि 611 भारतीय नाविकों के साथ भारतीय ध्वज वाले 22 जहाज अभी भी होर्मुज़ जलडमरूमध्य के पश्चिम में फारस की खाडी में मौजूद हैं और उनकी कड़ी निगरानी की जा रही है।

## साहित्य अकादेमी पुरस्कारों की घोषणा, ममता को हिंदी और प्रीतपाल को उर्दू के लिए चुना गया

नयी दिल्ली। वरिष्ठ कथाकार ममता कालिया को हिंदी में उनके संस्मरण 'जीते जी इलाहाबाद' के लिए वर्ष 2025 का साहित्य अकादेमी पुरस्कार दिया जायेगा।

साहित्य अकादेमी ने सोमवार को 24 भाषाओं में 2025 का साहित्य अकादेमी पुरस्कार देने की घोषणा की। अकादेमी के अनुसार, उर्दू के लिए प्रीतपाल सिंह 'बेताब' को उनके काव्य संग्रह 'सफर जारी है' और भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी नवतेज सरना को अंग्रेजी के लिए उनके उपन्यास 'क्रिमसन स्प्रिंग' के लिए इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। साहित्य अकादेमी की सचिव पल्लवी प्रशांत होलकर ने बताया कि ये पुरस्कार 31 मार्च को यहां एक समारोह में प्रदान किये जायेंगे। पुरस्कार में ताम्रपलक, शॉल और एक लाख रुपये की राशि प्रदान की जायेगी। राजस्थानी भाषा में श्री जितेंद्र कुमार सोनी को उनके कहानी संग्रह भरखमा, मैथिली में श्री महेंद्र को उनके संस्मरण 'धात्री पात सन गाम' के लिए, पंजाबी में श्री जिंदर को उनके कहानी संग्रह 'सेफ्टी किट,

● शेष पेज 11 पर

# बंगाल में आयोग ने मुख्य सचिव-डीजीपी को हटाया

## कोलकाता पुलिस कमिश्नर समेत 6 अधिकारी बदले, आयोग बोला- ये अफसर चुनाव से दूर रहेंगे

**एजेंसी**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और गृह सचिव को हटाने के कुछ घंटों बाद, चुनाव आयोग ने सोमवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), कोलकाता पुलिस आयुक्त और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को बदल दिया है।

इस कदम को चुनाव से पहले निष्पक्ष प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने और प्रशासनिक निगरानी को मजबूत करने के आयोग के प्रयासों के तहत देखा जा रहा है।

आयोग के निर्देशानुसार पीयूष पांडे को पुलिस महानिदेशक के पद से हटा दिया गया है। 1992 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सिद्ध नाथ गुप्ता को नया डीजीपी नियुक्त किया गया है और वे पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक (प्रभारी) के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

चुनाव आयोग ने कोलकाता पुलिस आयुक्त को भी बदल दिया है। उनके स्थान पर 1996 बैच के अधिकारी सुप्रतिम सरकार अजय नंदा को नियुक्त किया गया है। श्री नंदा एक अनुभवी अधिकारी माने जाते हैं जिन्होंने माओवादी विरोधी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे इससे पहले आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस आयुक्त कार्यालय के आयुक्त रह चुके हैं और कोलकाता पुलिस में भी कई पदों पर कार्य कर चुके हैं। उन्हें पश्चिम बंगाल विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का पहला महानिरीक्षक भी नियुक्त किया गया था। आयोग ने राज्य पुलिस के अन्य महत्वपूर्ण पदों में भी .

● शेष पेज 11 पर




## भाजपा ने पश्चिम बंगाल के लिए 144 उम्मीदवार घोषित किये, सुवेंदु देंगे ममता को टक्कर

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपने 144 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी जिसमें विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी नंदीग्राम के साथ-साथ भवानीपुर सीट से भी उम्मीदवार बनाया गया है जहां उनका मुकाबला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से होगा। भाजपा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार घोष को बोलपुर से टिकट दिया गया है। कूचबिहार उत्तर (एससी) सीट से सुकुमार रॉय, सीतलकुची (एससी) से सावित्री बर्मन, दिनहाटा से अजय रॉय और तूफानगंज से मालती रावा रॉय पार्टी उम्मीदवार होंगे। कुमारग्राम (एसटी) से मनोज कुमार ओरांव, कालचिनी (एसटी) से विशाल लामा और अलीपुरद्वार से परितोष दास को टिकट दिया गया है। श्री अधिकारी ने पिछली बार नंदीग्राम सीट पर तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी को हराया था। सुश्री बनर्जी ने भवानीपुर से भी चुनाव लड़ा था और वहां से विजयी रही थीं। इस बार भी भाजपा ने सुश्री बनर्जी को उनके चुनावी अखाड़े में घेरने की रणनीति बनायी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की 12 मार्च को हुई बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर विचार किया गया था। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। इसमें पश्चिम बंगाल के लिए 144 उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी दी गई। भाजपा नेतृत्व का कहना है कि उम्मीदवारों का चयन संगठन की मजबूती, क्षेत्रीय संतुलन और सामाजिक प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए किया गया है। पार्टी को उम्मीद है कि श्री मोदी के नेतृत्व और केंद्र सरकार की योजनाओं के आधार पर राज्य में उसे व्यापक जनसमर्थन मिलेगा। चुनाव आयोग ने रविवार को राज्य की 294 सदस्यीय विधान सभा के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की । राज्य में दो चरणों- 23 मार्च और 29 मार्च

● शेष पेज 11 पर

# अस्पताल में भीषण आग लगने से 10 मरीजों की मौत, 11 कर्मी झुलसे

**एजेंसी**

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार द्वारा संचालित एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के आईसीयू में रविवार देर रात भीषण आग लगने से कम से कम 10 मरीजों की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने यह जानकारी दी।

घटना के बाद अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री ने बताया कि मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने के दौरान अस्पताल के करीब 11 कर्मचारी झुलस गए। मुख्यमंत्री ने बताया कि ट्रॉमा केयर गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) और उससे सटे आईसीयू में 23 मरीज भर्ती थे। उन्होंने कहा कि आग लगने से सात मरीजों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य की दम घुटने या जलने से मौत हो गई। माझी ने पत्रकारों को बताया, ''इस घटना में कुल 10 मरीजों की मौत हुई है।'' उन्होंने कहा कि आग शायद शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल के ट्रॉमा केयर विभाग के आईसीयू में आग लगी, जहां गंभीर रूप से बीमार मरीजों का इलाज किया जा रहा था। माझी ने इस मामले में न्यायिक जांच की भी घोषणा की और अग्निशमन सेवा के महानिदेशक को मामले की जांच करने तथा तुरंत उन्हें रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा। उन्होंने कहा, ''मैं अग्निशमन विभाग के महानिदेशक को निर्देश देता हूं कि वह स्वयं एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का दौरा करें और अग्निशमन सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि न्यायिक जांच के बाद रिपोर्ट में यदि कोई दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की

● शेष पेज 11 पर



# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 90 हजार लाभार्थियों के खातों में भेजी योजना की पहली किस्त

❐ इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से जुड़े लाभार्थियों ने भी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री के शर्मा ने आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ मे आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के 90,000 लाभार्थियों के बैंक खातों में मुख्यमंत्री के कर कमलों से डीबीटी के माध्यम से प्रथम किस्त के रूप में 900 करोड़ की अनुदान राशि का अंतरण के अवसर पर सभी लाभार्थियों को बधाई दी है।

इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से जुड़े लाभार्थियों ने भी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता की।इस अवसर पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी गरीबों के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर पात्र गरीब परिवार को पक्का घर उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।*हर पात्र को मिलेगा आवासः ए.के. शर्मा*मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जिन पात्र लाभार्थियों को अभी तक योजना का लाभ नहीं मिल पाया है, उन्हें भी शीघ्र ही इस योजना के अंतर्गत शामिल किया जाएगा। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी पात्र परिवार आवास की सुविधा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।*डबल इंजन सरकार गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध*नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों परिवारों का अपने पक्के घर का सपना साकार हो रहा है, जिससे उनके जीवन में सुरक्षा, सम्मान और स्थायित्व का भाव पैदा हुआ है।उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश के हर जरूरतमंद को आवास, बिजली, पानी और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि सभी नागरिक सम्मानजनक जीवन जी सकें।

# डीएम की अध्यक्षता में सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान की बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार रायबरेली में सी.एम. युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 10 कम/खराब प्रगति वाले बैंकों के जोनल हेड/रीजनल हेड एवं स्टेट हेड्स की प्रगति समीक्षा बैठक संपन्न हुयी।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा एक्सिस बैंक की अत्यंत खराब प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें 31 मार्च 2026 तक आवंटित लक्ष्य प्रत्येक दशा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अन्य बैंकों यथा आईसीआईसीआई, इन्डियन बैंक, केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, इन्डियन ओवरसीज़ बैंक, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया, सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, उ.प्र. ग्रामीण बैंक एवं पंजाब नेशनल बैंक के शीर्ष अधिकारियों से कहा गया कि सी.एम. युवा उद्यमी विकास अभियान सरकार की एक अति महत्वपूर्ण योजना है जिसकी मॉनिटरिंग शासन स्तर पर लगातार की जाती है। उक्त के दृष्टिगत समस्त बैंकों को प्रत्येक दशा में आवंटित लक्ष्य पूर्ण करना है इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी द्वारा 18 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले मेगा ऋण वितरण कैम्प में स्वीकृति/वितरण किये जाने वाले प्रकरणों की संख्या से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश बैंक अधिकारियों को दिया गया एवं उक्तानुसार प्रकरणों का स्वीकृति/वितरण करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, उपायुक्त उ?द्योग परमहंस मौर्य, अग्रणी जिला प्रबंधक रूपेश दुबे, सम्बंधित बैंकों के शीर्ष अधिकारियों सहित जिला उ?द्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र रायबरेली के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार कार पेट्रोल पंप में घुसी, व्यक्ति का पैर टूटा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिविल लाइन्स स्थित छुट्टा सिनेमा के सामने पेट्रोल पंप पर रविवार शाम करीब 4 बजे अचानक अफरा-तफरी मच गई, जब एक तेज रफ्तार ब्लैक कार अनियंत्रित होकर पेट्रोल पंप परिसर में घुस गई।कार ने वहां पेट्रोल भरवा रहे एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पैर टूट गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।टक्कर इतनी तेज थी कि पास में खड़ी एक अन्य गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई और कार का बोनट भी टूट गया। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो चुका था।घटना की सूचना पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने पुलिस को दे दी है। फिलहाल पुलिस कार चालक से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि कार इतनी तेज रफ्तार से पेट्रोल पंप के अंदर कैसे घुस गई।

### ठगों ने चार गुना रुपये करने का लालच देकर करोड़ों की ठगी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर में ठगों के एक गिरोह ने लोगों को 10 साल में रकम चार गुना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी कर ली। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि ठगों ने निवेश योजना का लालच देकर कई लोगों से बड़ी रकम जमा कराई और भरोसा दिलाया कि तय समय पूरा होने पर रकम कई गुना करके वापस की जाएगी। कुछ समय तक लोगों को भरोसे में रखने के लिए छोटे-छोटे भुगतान भी किए गए, लेकिन बाद में आरोपियों ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। जब पीड़ितों को ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने पुलिस से शिकायत की। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और अन्य पीड़ितों की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### नौकरी न मिलने पर बना फर्जी आरपीएफ दरोगा, जीआरपी ने किया गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नौकरी न मिलने से परेशान एक युवक फर्जी आरपीएफ दरोगा बन गया। वह वर्दी पहनकर रेलवे परिसर और आसपास के इलाकों में घूमता था और लोगों पर रौब झाड़ता था। सूचना मिलने पर जीआरपी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी के पास से फर्जी पहचान पत्र और वर्दी से जुड़े कुछ सामान भी बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी खुद को आरपीएफ का अधिकारी बताकर लोगों को भ्रमित करता था और कई जगह जांच-पड़ताल के नाम पर हस्तक्षेप भी करता था। पुलिस अब यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी ने इस दौरान किसी से पैसे तो नहीं वसूले। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है।

### नेशनल हाईवे पर थार कार में लगी भीषण आग

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हंडिया थाना क्षेत्र के भेखरी के पास नेशनल हाईवे पर सोमवार दोपहर एक थार कार में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। हाईवे से गुजर रहे वाहन चालकों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कार का बड़ा हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हो चुका था। घटना के दौरान कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित हुआ। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से फल विक्रेता की मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** झूंसी थाना क्षेत्र के रहिमापुर चौकी अंतर्गत मलावा बुजुर्ग गांव के पास रविवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में एक फल विक्रेता की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब 6 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने ऑटो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो के किनारे बैठे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक की पहचान सुनील कुमार उर्फ सोनू (38) पुत्र रामलाल जायसवाल निवासी उमरी मय टाटीहरा गांव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुनील कुमार रोजाना फल का ठेला लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे और प्रतिदिन इसी रास्ते से आना-जाना करते थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पीछे से आ रही मुर्गा लदी पिकअप ने तेज रफ्तार में ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी पूजा जायसवाल, 12 वर्षीय बेटा अंश और 7 वर्षीय बेटा अनुज हैं। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

### डीएम ने जनसुनवाई में आये आवेदक को दिलाई ट्राई साइकिल

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई में राम भरोसे पुत्र राम विशाल नि0-ग्राम मझिगवां हरदोई वि.ख.हरचंदपुर ने प्रार्थना पत्र देकर अनुरोध किया कि प्रार्थी 100 प्रतिशत दिव्यांग है प्रार्थी के पास आवास नहीं है। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया, जिसके सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि प्रार्थी का पीएम आवास की पात्रता सूची में नाम है शीघ्र ही आवास का लाभ मिल जायेगा। जिलाधिकारी ने राम भरोसे को दिव्यांगजन विभाग से नई ट्राई साइकिल दिलवाई, इसके साथ ही अवगत कराया गया कि आवेदक को दिव्यांग पेंशन का भी मिल रहा है लाभ, जिलाधिकारी ने बच्चों के लिए मिशन वात्सल्य के तहत स्पॉन्सरशिप योजना का भी लाभ दिलाने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए है।

### डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ.प्र. लखनऊ के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का आन्तरिक त्रैमासिक निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली गई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव, उपजिलाधिकारी सचिन यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश को लेकर हुए मारपीट में चार घायल

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थुलवासा चौकी क्षेत्र के पूरे महतो मजरे थुलवासा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से जमकर पिटाई कर दी। घटना मे गंभीर रूप से घायल पति-पत्नी जिला अस्पताल में ज़िन्दगी व मौत से जूझ रहे हैं। जानकारी के अनुसार पूरे महतो गांव निवासी बाबूलाल और पप्पू के परिवार के बीच लंबे समय से पुरानी रंजिश है । जिसको लेकर सोमवार सुबह सात बजे पप्पू के परिवार ने बाबूलाल के परिवार पर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना में बाबूलाल व उनकी पत्नी कलावती, बेटा इंद्रेश व प्रदीप समेत चार गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच-बचाव करने आए ग्रामीणों द्वारा एम्बुलेंस की मदद से चारों घायलों को सीएचसी महराजगंज लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाबूलाल के बेटे प्रदीप कुमार ने गांव के ही पप्पू पुत्र किरसन, सत्येंद्र कुमार पुत्र पप्पू, गीता पत्नी पप्पू और रोशनी पुत्री पप्पू के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि पप्पू के परिवार ने घर में घुसकर उनकी माता पिता व भाई की लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से जमकर पिटाई कर दी। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि दोनों पक्षों के घायलों का उपचार चल रहा है। चौकी इंचार्ज थुलवासा को जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस कर्मियों को दिया गया सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल की अध्यक्षता में काशी विश्वनाथ धाम में तैनात पुलिस कर्मियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण एवं संवाद कार्यशाला का त्र्यंबकेश्वर हॉल में समापन हुआ, जिसमें सेवा, सुरक्षा एवं संवेदनशीलता को पुलिसिंग की मूल भावना के रूप में स्थापित करने पर बल दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों को श्रद्धालुओं के साथ विनम्र एवं सम्मानजनक व्यवहार, प्रभावी संवाद कौशल, भीड़ प्रबंधन तथा तनावपूर्ण परिस्थितियों में संयमित प्रतिक्रिया देने के व्यावहारिक उपायों से अवगत कराया गया।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल पर पुलिस की भूमिका केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि श्रद्धालुओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार भी उतना ही आवश्यक है, इसलिए पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं को अपना मेहमान समझकर ड्यूटी करें तथा विनम्रता और धैर्य का परिचय दें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मंदिर में पुलिस व्यवहार से संबंधित वास्तविक फीडबैक प्राप्त करने के लिए प्रत्येक सप्ताह पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं की वेशभूषा में भेजा जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन मुंबई स्थित ऑयस्टर एचआर सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की विशेषज्ञ टीम द्वारा सहभागितापूर्ण एवं व्यवहारिक पद्धति से किया गया, जिसमें नागरिक-केन्द्रित पुलिसिंग और सकारात्मक पुलिस छवि निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री शिवहरी मीणा, पुलिस उपायुक्त सुरक्षा श्री अनिल कुमार यादव सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे ।

# दैवीय आपदा से प्रभावितों को शीघ्र मिले सहायता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक सोमवार को सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता लालजी प्रसाद निर्मल ने की।

इस दौरान प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ और फतेहपुर जनपदों के अधिकारियों के साथ दैवीय आपदाओं से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई।बैठक में समिति के सभापति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दैवीय आपदाओं से प्रभावित लोगों को शासन द्वारा अनुमन्य आर्थिक सहायता समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाए। साथ ही लू, वज्रपात, शीतलहर, भारी वर्षा, बाढ़ और सर्पदंश जैसी आपदाओं से बचाव के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया।समिति ने वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के दौरान आपदाओं से जुड़े मामलों की विभागवार समीक्षा की। सभापति ने कहा कि भविष्य में ऐसी कार्ययोजना तैयार की जाए जिससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जनहानि और धनहानि को कम किया जा सके और पीड़ितों को जल्द राहत मिल सके।बैठक में सर्पदंश से होने वाली मौतों पर चिंता जताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ह्लक्या करें, क्या न करेंङ्क संबंधी जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। साथ ही सर्पदंश से मृत्यु होने की स्थिति में सरकारी सहायता के लिए पोस्टमार्टम अनिवार्य होने की जानकारी आमजन तक पहुंचाने को कहा गया। जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी वेनम इंजेक्शन सहित आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।समिति ने प्रयागराज के बदरा सनौटी क्षेत्र में बाढ़ से निपटने के लिए स्थायी कार्ययोजना बनाने की भी बात कही। बैठक के अंत में मनीष कुमार वर्मा ने समिति को आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

### राना की वीर भूमि शंकरपुर में गूंजा शौर्य और होली का उत्सव

रायबरेली। जिले के विकास खंड जगतपुर क्षेत्र स्थित अमर सेनानी राना बेनी माधव सिंह की जन्मस्थली -कर्मस्थली शंकरपुर वीरभूमि में रविवार को शौर्य, परंपरा और भाईचारे का अनूठी मिसाल देखने की मिली। राना बेनी माधव सिंह स्मारक समिति शंकरपुर, के बैनर तले आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में क्षेत्र व जिले के गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों और समाजसेवियों ने बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। समारोह में राना की वीरता का स्मरण करते हुए फूलों की होली खेली गई और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया। समारोह का आयोजन समिति के संस्थापक हरिचंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन मार्गदर्शन एवं समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंह 'धीरज' और संयोजक अरुणेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में शंकरपुर इंटर कॉलेज के सभागार में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राना की कुलदेवी मां दुर्गा के दर्शन-पूजन से हुई, इसके बाद राना पार्क में स्थापित उनकी अश्वारोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वीरता और बलिदान को नमन किया। होली मिलन का भव्य शुभारंभ समिति के संरक्षक बुधेंद्र बहादुर सिंह ने राना की वीरगाथाओं और वीर रस के गीतों से किया।

# उत्तर पुस्तिकाओं में अभद्र भाषा लिखने वाले छात्रों से होगी पूछताछ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ कुलपति ने बताया कि जल्द ही ऐसे सभी मामलों में नोटिस जारी किए जाएंग

प्रयागराज । प्रोफ़ेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) राज्य विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान कई चौंकाने वाले मामले सामने आए हैं। कुछ छात्रों ने उत्तर पुस्तिकाओं में परीक्षकों के लिए अभद्र भाषा लिखी है, जबकि कई कॉपियों में पास कराने के लिए नोट, मोबाइल नंबर और यहां तक कि पैसों का प्रलोभन देने जैसी बातें भी लिखी मिली हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित छात्रों, उनके अभिभावकों और संबंधित महाविद्यालय के प्रबंधन को विश्वविद्यालय बुलाकर पूछताछ करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों का कहना है कि यह जानना जरूरी है कि छात्रों ने परीक्षा जैसी गंभीर प्रक्रिया में इस तरह की हरकत क्यों की।कुछ मामलों में कथित रूप से पैसे देने के संकेत भी पाए गए हैं, जिससे विश्वविद्यालय प्रशासन की चिंता और बढ़ गई है। कुलपति अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि परीक्षा व्यवस्था की गरिमा और शैक्षणिक माहौल को बनाए रखना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है और परीक्षकों के प्रति असम्मानजनक भाषा बिल्कुल भी स्वीकार नहीं की जाएगी।

कुलपति ने बताया कि जल्द ही ऐसे सभी मामलों में नोटिस जारी किए जाएंगे। नोटिस के जरिए संबंधित छात्रों, उनके अभिभावकों और महाविद्यालयों के प्राचार्यों या प्रबंधन प्रतिनिधियों को तलब किया जाएगा। पूछताछ के दौरान यह भी देखा जाएगा कि यह छात्रों की व्यक्तिगत गलती है या किसी गलत सलाह या दबाव का परिणाम।विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार, दोषी पाए जाने पर छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इसमें परीक्षा परिणाम पर असर डालने से लेकर भविष्य की परीक्षाओं में प्रतिबंध जैसी कार्रवाई भी शामिल हो सकती है। प्रशासन का कहना है कि उत्तर पुस्तिका केवल ज्ञान के आकलन का माध्यम होती है, उसमें इस तरह की भाषा या प्रलोभन लिखना शैक्षणिक अनुशासन और शिक्षक-छात्र संबंधों की मर्यादा के खिलाफ है।

### जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 714 लाभार्थियों को मिली प्रथम किस्त

रायबरेली। मुख्यमंत्री उप्र योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत 90 हजार लाभार्थियों के बैंक खातों में 01-01 लाख रुपये की पहली किस्त (कुल 900 करोड़ रुपए) की धनराशि हस्तांतरित की गई है। यह राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजी गई है। जिसमें जनपद के 714 लाभार्थियों के खातों में प्रथम किस्त की धनराशि सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रेषित की गई।

# डीएम की अध्यक्षता में आईडीटीआर सेंटर कार्मिकों की मानदेय, वेतन भुगतान के लिये बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में इंस्टीट्यूट मैनेजमेन्ट कमेटी की बैठक जिसमें इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च हरचन्दपुर, रायबरेली के कार्मिकों की मानदेय वेतन, डीजल/पेट्रोल, विद्युत, इंटरनेट के बिलों के भुगतान को अनुमोदन हेतु बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा इसके अतिरिक्त इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च प्रचार-प्रसार एवं स्कूली वाहनों के चालकों के प्रशिक्षण हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरविन्द कुमार यादव, प्रधानाचार्या इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च , रायबरेली बबिता वैश्य, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक उ.प्र. परिवहन निगम, रायबरेली लवकुश, यू.पी. सिडको (ए.ई.), रायबरेली एवं टाटा मोटर्स लिमिटेड नीरज शर्मा मौजूद रहे।

# अपर मंडल रेल प्रबंधक ने वाराणसी के रनिंग रूमों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे का वाराणसी मंडल संरक्षित रेल परिचालन हेतु अपने रनिंग कर्मचारियों को मिलने वाली सुख-सुविधाओं एवं उनके स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील है। इसी क्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक(परिचालन) अशोक कुमार वर्मा ने सोमवार को वाराणसी मंडल के छपरा रेलवे स्टेशन पर स्थित गार्ड/लोकोपायलट क्रू लाबी एवं गार्ड/लोकोपायलट रनिंग रूमों का गहन निरीक्षण किया ।

इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(ऑपरेशन) श्री धर्मेन्द्र यादव , मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री रमेश पाण्डेय, मंडल विद्युत इंजीनियर (कोचिंग)श्री दीपक यादव, सहायक संरक्षा अधिकारी श्री अभिषेक कुमार ,सहायक मंडल इंजीनियर/छपरा श्री ए. के.राय एवं वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित थे ।अपर मंडल रेल प्रबंधक(परिचालन) श्री अशोक कुमार वर्मा अपनी निरीक्षण स्पेशल गाड़ी से छपरा जं स्टेशन पहुँचे और स्टेशन पर यात्री सुख सुविधाओं का निरीक्षण करने के उपरांत स्टेशन पर पड़ने वाले गार्ड/लोकोपायलट रनिंग रूमों एवं क्रू लॉबीयों का गहन निरीक्षण किया । अपने निरीक्षण के दौरान श्री वर्मा ने क्रू एवं डीजल लॉबी में साइनिंग ऑन एवं साइनिंग ऑफ़ कियास्क,ब्रीथ-एनालाईजर,रिजर्व एवं प्रतीक्षारत क्रू कर्मचारियों के विश्रामालय एवं टायलेट्स का निरीक्षण किया और सम्बंधित को सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए निर्देश दिया । निरीक्षण के क्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री वर्मा ने छपरा स्टेशन के कर्मचारी विश्रामालयों यथा गार्ड/लोकोपायलट रनिंग रूमों में कर्मचारियों को मिलने वाली सुख-सुविधाओं का संज्ञान लिया जिसमें कर्मचारियों को भीषण गर्मी के मौसम में पीने के ठंडे पानी हेतु वाटर कूलर,सोने के यथोचित प्रबन्धन हेतु साफ-सुथरे बेड रोल एवं मच्छरदानी की उपलब्धता, शारीरिक व्यायाम हेतु व्यायाम कक्ष एवं मानसिक शांति हेतु योग कक्ष तथा कर्मचारियों को हाइजीन युक्त भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कीचन,पीने के स्वच्छ पानी की मशीन,खाने की गुणवत्ता,डाइनिंग हाल के रख-रखाव एवं साफ-सफाई का निरीक्षण किया और सम्बंधित को निर्देश दिया ।

इस दौरान श्री वर्मा ने विभिन्न रंनिग रूम में ठहरे कर्मचारियों से उनको मिलने वाली सुविधाओं जानकारी ली और रनिंग रूम में बेड की उपलब्धता बढ़ाने के लिए किये जा रहे विस्तार कार्यो की प्रगति का निरीक्षण किया ।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी0एण्डडब्ल्यू0 लखनऊ के द्वारा ई टेंडर संख्या 268-Mech-CW-CMCEPPFSLKO25 के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 06.04.2026 15:00 है जो उसी दिन 15:30 बजे वेबसाइट पर खोले जाएगे। इस टेंडर के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडरर ध्यान दे कि निविदा मूल्य (जैसा **IREPS** पर प्रावधान हो) का भुगतान यह केवल **through online payment mode** जो कि **ireps** पर उपलब्ध है जैसे की नेटबैंकिंग, डेबिड कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदे, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान के अनुमति नहीं है।

| कार्य का नाम | कॉम्प्रेहेंसिव मेन्टेनेन्स कान्ट्रैक्ट (सीएमसी) फार अपकीपिंग आफ इलेक्ट्रो-न्यूमेटिक प्रेसुराइज्ड फलशिंग सिस्टम (इपीपीएफएस) ओवर लखनऊ डिवीजन नार्दन रेलवे फार ए पीरियड आफ टू इयर्स। | | |
|---|---|---|---|
| निविदा टाईप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 06.04.2026 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 17.03.2026 |
| प्री-बिड येस/नो | नो | प्री बिड केव्री डेट टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रु.) | Rs.3,56,77,920.02 (Including GST) | टेंडरिंग सेक्शन | टेण्डर सी०एण्डडब्ल्यू० |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार ईच शिड्यूल आइटम | बिडिंग यूनिट | % एज अबव/बिलो /एट पार |
| धरोहर राशि | 3,28,400.00 | आफर की वैद्यता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | निशुल्क | कार्य की अवधि | 24 माह |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 23.03.2026 | | |

**No. 268-Mech-CW-CMCEPPFSLKO25 Dt.: 16.03.2026** 885/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# नई दिल्ली में 'विकसित दिल्ली 2047' सम्मेलन आयोजित, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने रखा विकसित शहर का विज़न

❒ ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों और शहरों के महापौरों की उपस्थिति में हुई चर्चा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ । नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड में विकसित दिल्ली 2047 विषय पर एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम द ब्रिक्स एसोसिएशन ऑफ सिटीज एंड म्युनिसिपालिटीज़ तथा ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट द्वारा आयोजित किया गया।

सम्मेलन में ब्रिक्स देशों से आए महापौरों, प्रतिनिधियों, शहरी विकास विशेषज्ञों, पत्रकारों और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और वर्ष 2047 तक विकसित भारत और विकसित शहरों के निर्माण की दिशा में व्यापक विचार-विमर्श किया। इस सम्मेलन में लखनऊ की माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल ने भी सम्मिलित हुईं और शहरों के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजय के. रहाटकर, भुवनेश्वर की महापौर सुलोचना दास, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, बरेली के महापौर डॉ. उमेश गौतम, एनसीटी नई दिल्ली के विधायक डॉ. अनिल गोपाल की मुख्य सलाहकार हंसा पटेल तथा संस्थान के निदेशक डॉ. जयराम पाठक सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित "Indiaâs Urban Vision: Role of Cities in Making Developed India" विषयक पैनल चर्चा में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने भी अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने ब्रिक्स देशों से पधारे सभी महापौरों, प्रतिनिधियों और उपस्थित अतिथियों का अभिवादन करते हुए कहा कि उन्हें भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक शहर लखनऊ का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ, जो उनके लिए गर्व का विषय है। महापौर ने कहा कि वर्ष 2047 में भारत अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण करेगा और देश के माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का लक्ष्य लेकर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भी तेज गति से विकास कर रहा है। उन्होंने बताया कि अनुमान है कि वर्ष 2047 तक लखनऊ की आबादी डेढ़ करोड़ से अधिक हो जाएगी। इसी बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए शहर के योजनाबद्ध और दीर्घकालिक विकास की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में दिल्ली-एनसीआर की तर्ज पर लखनऊ-एससीआर विकसित किया जा रहा है, जिसमें लखनऊ और आसपास के जिलों को जोड़कर एक आधुनिक और सुव्यवस्थित शहरी क्षेत्र बनाया जाएगा। महापौर सुषमा खर्कवाल जी ने अपने संबोधन में बताया कि पर्यावरण संरक्षण और नदी पुनर्जीवन भी शहर के विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गोमती नदी को स्वच्छ और संरक्षित बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। नदी में गिरने वाले अधिकांश नालों को टैप किया जा चुका है तथा शहर में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की संख्या बढ़ाई जा रही है। इसके साथ ही जीपीएस ट्रैकर से युक्त नावों के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 22 किलोमीटर लंबे नदी क्षेत्र की सफाई की जा रही है। जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए अमृत योजना के तहत शहर के सभी क्षेत्रों को सीवर लाइन से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। साथ ही कठौता झील जैसे जल भंडारण स्रोतों का विकास किया गया है, जिसकी जल भंडारण क्षमता लगभग 1230 मिलियन लीटर है।

# गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथीन के खिलाफ नगर निगम का विशेष अभियान

❒ 14 दुकानदारों का चालानों से 11,400 की वसूली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**

लखनऊ । शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और प्रतिबंधित पॉलीथीन के उपयोग पर रोक लगाने के उद्देश्य से नगर निगम लखनऊ द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर जोन-03 में की गई।

अभियान का नेतृत्व जोनल अधिकारी मनोज यादव के निर्देशन में किया गया। जोन 3 की टीम ने वर्मा पेट्रोल पम्प से इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा तक क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध रोकथामात्मक कार्रवाई की। साथ ही बाजार में तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद बेचने वाले व्यापारियों को लाइसेंस बनवाने के लिए जागरूक किया गया।अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 05 चालान किए गए, जिनके माध्यम से 5,000 का जुर्माना वसूला गया। वहीं प्रतिबंधित पॉलीथीन के उपयोग पर भी नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए 06 चालान किए और 5,800 का जुर्माना वसूला।इसके अतिरिक्त बाजार में बिना लाइसेंस तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों को लाइसेंस बनवाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान 03 दुकानों के विरुद्ध स्पॉट फाइन करते हुए 600 का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार पूरे अभियान के दौरान कुल 14 चालानों के माध्यम से 11,400 की धनराशि वसूल कर नगर निगम कोष में जमा कराई गई। अभियान में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रमोद कुमार गौतम, पुष्कर सिंह पटेल, सुमित मिश्रा तथा क्षेत्रीय सुपरवाइजर और नगर निगम की संयुक्त टीम मौजूद रही।

# फॉरेंसिक साइंस के साक्ष्य मूर्त होते हैं : डॉ. जी.के गोस्वामी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में आज जनपद सीतापुर के 100 बच्चों ने एक शैक्षणिक परिभ्रमण कियाद्य उल्लेखनीय है कि आज फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट में आए बच्चों एवं उनके साथ समन्वयक एवं शिक्षकों को जिलाधिकारी सीतापुर डॉ राजा गणपति आर द्वारा जिला विज्ञान क्लब सीतापुर के तत्वावधान में भेजा गया था।

इस अवसर पर डॉ योगेश दीक्षित ने जनपद सीतापुर के 11 विद्यालयों से कोऑर्डिनेशन कर कक्षा 9 से 12 तक के विज्ञान संवर्ग के बच्चों को विजिट कराया द्य उन्होंने अपने शिक्षकों के दल सहित संस्थापक निदेशक को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित कियाद्य इस अवसर पर उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट आफ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ के संस्थापक निदेशक डॉ जीके गोस्वामी ने बच्चों एवं अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि फॉरेंसिक साइंस हमें सत्य की खोज करना बताता हैद्य यह ऐसा विज्ञान है जो अज्ञानता से ज्ञान की तरफ हमें अग्रेषित करता है द्य उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक साइंस के साक्ष्य मूर्त होते हैं इनमें किसी भी प्रकार का बदलाव कर पाना संभव नहीं है और इन्हीं ठोस साक्ष्यों के बल पर किसी व्यक्ति को न्यायालय में न्याय मिल पाता हैद्य उन्होंने कहा कि विद्यार्थी को सदैव लगनशील होना चाहिए तथा असाधारण मेहनत करके अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए जो विद्यार्थी असाधारण तथा मेहनतकश नहीं होगा इसका अर्थ है कि वह साधारण होगा और साधारण व्यक्ति को कभी भी असाधारण उपलब्धि नहीं मिल सकती है इसलिए हमें तय करनी होगी कि हमें जीवन में पाना क्या है और उसके लिए हम कितनी मेहनत करते हैं?इस अवसर पर डॉ मनीष राय एवं डॉ पलक अनेजा ने बच्चों को साइबर फॉरेंसिक के संबंध विषय में व्याख्यान देकर उनका ज्ञानवर्धन कियाद्य व्याख्यान के बाद बच्चों ने विश्व स्तरीय क्राइ लैब तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ड्रोन लैब का भी विजिट कियाद्य इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र श्रीवास्तव, जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी, श्री कार्तिकेय, श्री शैलेंद्र सिंह तथा सीतापुर से आए शिक्षकगण राज नारायण वर्मा, सुश्री अमिता यादव , वैभव श्रीवास्तव, महेश मिश्रा, पीतांबर वर्मा, संजय मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, विनीत वाजपेई, प्रशांत शुक्ला, सुभाष वर्मा तथा संतोष कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नगराम में शिव महापुराण कथा का भक्तिमय माहौल

❒ सजीव झांकियों के साथ सुनाया गया शिव-पार्वती विवाह

**कैनविज टाइम्स संवाददात**




नगराम, लखनऊ । नगराम कस्बा स्थित चल रही श्री शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का प्रसंग बड़े ही भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। कथावाचक श्री अवधेश नंदन मिश्र (अनुभवी जी) ने सजीव झांकियों के माध्यम से विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

कथा के दौरान बताया गया कि जब भगवान शिव अपने भूत-प्रेत और पिशाचों की टोली के साथ नंदी पर सवार होकर राजा हिमाचल के घर बारात लेकर पहुंचे, तो उनका अद्भुत स्वरूप देखकर वहां उपस्थित लोग भयभीत हो गए। इस दौरान कथा स्थल पर भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा तथा श्रद्धालु डीजे की धुन पर झूमते हुए नजर आए। कथा के मुख्य आयोजकों में सुशील गुप्ता, अवधेश गुप्ता, राम आधार वर्मा व डॉ. रमेश चौरसिया शामिल हैं। कथा के बीच कस्बा निवासी लल्लू वर्मा ने अपने पोते अनुराग वर्मा के साथ कथावाचक व उनकी समस्त टीम को राम मंदिर का चित्र एवं श्रीराम का पटुका पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें रामचरितमानस की पुस्तक भेंट की। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

## डिजिटल कृषि की ओर तेजी से बढ़ रहा उत्तर प्रदेश

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री अभियान को तेज गति दी है। इस पहल के जरिए किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ कृषि व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रदेश में खरीफ और रबी दोनों सीजन में डिजिटल क्रॉप सर्वे का व्यापक स्तर पर संचालन किया गया है। इसके तहत राजस्व गांवों में खेतों और फसलों का डिजिटल सर्वे कराया जा रहा है, जिससे फसल संबंधी सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें और योजनाओं का लाभ किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा सके।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के कुल 1,08,935 राजस्व गांवों में से 95,765 गांवों का जियो-रेफरेंसिंग कार्य पूरा हो चुका है। इसी आधार पर खरीफ और रबी सीजन में बड़े पैमाने पर खेतों का डिजिटल सर्वे किया गया है। खरीफ सीजन में 5,37,08,511 से अधिक प्लॉट का सर्वे अंतिम रूप से स्वीकृत किया गया, जबकि रबी सीजन में 5,56,44,677 से अधिक प्लॉट का सर्वे पूरा किया जा चुका है।

किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री अभियान भी मिशन मोड में चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लगभग 2,88,70,495 लाभार्थी हैं। सत्यापन अभियान के बाद 2,31,36,350 से अधिक किसानों का डेटा उपलब्ध हुआ है। इनमें से अब तक 1,67,01,996 से अधिक पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी फार्मर रजिस्ट्री में शामिल हो चुके हैं, जो कुल लक्ष्य का करीब 72.19 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त लगभग 28,37,162 ऐसे किसानों को भी फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकृत किया गया है जो पीएम किसान योजना के लाभार्थी नहीं हैं।

राज्य सरकार का मानना है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का सटीक डाटाबेस तैयार होगा। इससे फसल बीमा, कृषि अनुदान, आपदा राहत और अन्य योजनाओं का लाभ सही किसानों तक पहुंचाने में सुविधा होगी। सरकार के अनुसार कृषि क्षेत्र में डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग से उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होता जा रहा है। आने वाले समय में इन पहलों के जरिए किसानों को योजनाओं का लाभ और अधिक प्रभावी ढंग से मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## केशव मौर्य ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, त्वरित समाधान के निर्देश

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को लखनऊ स्थित में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि हर व्यक्ति की समस्या का हर संभव समाधान किया जाएगा और किसी भी पीड़ित को न्याय पाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जनसुनवाई के दौरान उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित और संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से भूमि विवाद, अवैध कब्जे और उत्पीड़न से जुड़े मामलों को बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां जरूरत हो, वहां सख्त कार्रवाई भी की जाए ताकि लोगों को न्याय मिल सके।

जनता दर्शन में महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की शिकायतों को प्राथमिकता के साथ सुना गया। उपमुख्यमंत्री कई फरियादियों के पास स्वयं जाकर उनकी समस्याएं सुनते दिखाई दिए और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने शिकायतों के समाधान के लिए कई जिलों के अधिकारियों से सीधे फोन पर बातचीत भी की। उन्होंने बुलंदशहर, मिर्ज़ापुर, अंबेडकरनगर, शामली, प्रतापगढ़ और फर्रुखाबाद के जिलाधिकारियों तथा संभल, चित्रकूट, ललितपुर, बदायूं, शामली, रायबरेली और बहराइच के पुलिस अधीक्षकों से बात कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## सीएचसी में गंदगी देख भड़के ब्रजेश पाठक, सफाई एजेंसी का भुगतान काटने के निर्देश

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को लखनऊ के चिनहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में गंदगी, वार्डों की बदहाल स्थिति और अव्यवस्थाएं देखकर वह भड़क गए।उपमुख्यमंत्री ने जनरल वार्ड में कई बेड पर चादर न होने और अस्पताल परिसर में फैली गंदगी पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को नोटिस जारी करने और सफाई एजेंसी का एक सप्ताह का भुगतान काटने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि जब तक अस्पताल में साफ-सफाई और व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त नहीं होंगी, तब तक संबंधित अधिकारी घर नहीं जाएंगे। निरीक्षण के दौरान ब्रजेश पाठक मरीजों के बीच पर्चा काउंटर की कतार में भी खड़े हुए और उनसे अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। पैथोलॉजी विभाग में लंबी कतार देखकर उन्होंने जांच प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए ताकि मरीजों को ज्यादा इंतजार न करना पड़े।

# नगर निगम का अतिक्रमण के खिलाफ सघन अभियान, कई अस्थायी कब्जे हटाए गए

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और उससे उत्पन्न हो रही यातायात समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने सोमवार को व्यापक और सघन अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर की गई। अभियान का उद्देश्य शहर की प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना है।

अभियान के तहत जोन-6 में जोनल अधिकारी अमरजीत यादव के नेतृत्व में वार्ड लाल जी टंडन, हुसैनाबाद और भवानी गंज क्षेत्र में कार्रवाई की गई। इस दौरान अनुसरल गर्ल्स हॉस्टल के पास, जूता बाजार हुसैनाबाद तथा न्यू नक्खास मार्केट स्थित मिनी ट्यूबवेल के पास प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते हुए अवैध अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान 10 ठेले, 4 गुमटी और 20 अस्थायी दुकानों को हटवाया गया। साथ ही मौके से 1 लोहे का स्टूल, 3 कैरेट, 4 टायर और 1 लोहे का जाल सहित अन्य सामान जब्त किया गया। नगर निगम टीम ने अतिक्रमण करने वालों को सख्त चेतावनी भी दी कि भविष्य में उक्त स्थलों पर पुनः अतिक्रमण न किया जाए।

इस अभियान में कर अधीक्षक विजय शंकर, कर निरीक्षक धर्मदेव तथा 296 टीम के कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में जोन-8 में भी अवैध अस्थायी अतिक्रमण, होर्डिंग, बैनर और पोस्टर के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी श्री विकास सिंह के नेतृत्व में मेदांता हॉस्पिटल, वृन्दावन कालिन्दी पार्क और तेलीबाग चौराहे के आसपास अवैध रूप से लगाए गए ठेले और खोमचे हटाए गए। कार्रवाई के दौरान 8 कैरेट, 3 नारियल कांटा, 1 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 2 पानी की पेटी, 2 सिलेंडर, 1 लोहे की बेंच, 1 बैटरी, 1 ठेला और 5 स्टूल सहित अन्य सामान जब्त किया गया।

# पुलिस ने आन लाइन डेटिंग ऐप के माध्यम से जालसाजी करने के गिरोह का किया पर्दाफाश

❒ अलीगंज पुलिस ने सर्विलास सेल उत्तरी की मदद से 4 शातिर अभियुक्तों साहित एक आपचारी को किया गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । को थाना अलीगंज मे सूचना दर्ज की गई जिसमे पीड़ित द्वारा बताया गया कि उसके घर कुछ अनजान लोग आए और उन्हे जाल मे फसाकर लूट की घटना को अंजाम दे कर फरार हो गये।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अलीगंज पुलिस ने सर्विलास सेल उत्तरी की मदद से इसी मामले मे 4 शातिर अभियुक्तों साहित एक आपचारी को अपनी गिरफ्त मे लेते हुए ये खुलासा किया है कि ये अभियुक्त आन लाइन डेटिंग ऐप का गिरोह चलाते हैं जो लगों के घर घुसकर उनका आपत्ति जनक वीडियो बनाकर उन्हे ब्लैक मेल भी करते हैं अभियुक्तों के नाम खालिद अहमद पुत्र कमाल ,देवकरण सिह् पुत्र राजेंद्र सिंह ,आकाश पांडेय पुत्र रामलखन पांडेय ,सुभाष रावत पुत्र गोली के सात एक 17 वर्षीय नाबालिग़ भी है जो इन अपराधियों का प्रमुख अंग भी है। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से 4 अदद मोबाईल फोन 3 मोटर साइकिल और 19999 रुपय की आन लाइन ठगी का ब्यौरा भी बरामद किया है अभियुतो पर दर्ज मुकदमे के आधार पर विधिक कार्यवाही कर दी गई है साथ ही गिरोह के अन्य सदस्यों की भी तलाश की जा रही है।

# सड़क सुरक्षा एवं यातायात पर जागरूकता व्याख्यान का सफल आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। गुरु नानक गर्ल्स पीजी कॉलेज, लखनऊ में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम तथा सड़क सुरक्षा क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता विषय पर एक व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। यह एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुरभि गर्ग के कुशल संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में टी चारबाग के श्री हरि राम यादव, ट्रैफिक पार्क (हीरो मोटोकॉर्प) के ट्रैफिक मैनेजर श्री सुमित मिश्रा तथा श्री विवेक शर्मा उपस्थित रहे। व्याख्यान के दौरान मुख्य वक्ताओं ने शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। उन्होंने सड़क पर चलते समय सावधानी बरतने हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस के महत्व तथा अभिभावकों और आम लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।इसके पश्चात श्री सुमित मिश्रा ने यातायात के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ सड़क संकेतों की विस्तृत जानकारी देते हुए छात्राओं को उनके महत्व से अवगत कराया।

कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा की नोडल अधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं। बल्कि जीवन रक्षा का संकल्प है। उन्होंने छात्राओं से स्वयं यातायात नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने परिवार एवं समाज को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग, ज़ेब्रा क्रॉसिंग के उपयोग तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग से बचने पर विशेष बल दिया और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।कार्यशाला के समापन अवसर पर सभी शिक्षिकाओं, छात्राओं, कर्मचारियों एवं अभिभावकों ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली।इस कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुरभि गर्ग के मार्गदर्शन में रोड सेफ्टी क्लब के सदस्यों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रणजीत कौर, डॉ. पूजा सिंह, डॉ. दिव्या प्रजापति एवं डॉ. कीर्ति पटेल के सक्रिय सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में लगभग 130 छात्राओं की उपस्थिति रही।अगर चाहें तो मैं इसे अखबार शैली (छोटी खबर) या प्रेस नोट फॉर्मेट में भी लिखकर दे सकता हूँ।

## चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है: अखिलेश

लखनऊ। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना लागू होने के बाद चुनाव आयोग द्वारा वहां के डीजीपी, पुलिस कमिश्नर सहित एडीजी लॉ एंड ऑर्डर को हटा दिया गया है।इस मसले को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जब भी किसी राज्य में चुनाव होता है और वहां भाजपा की सरकार नहीं होती, तो सबसे पहले वहां के चीफ सेक्रेटरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को हटा दिया जाता है। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि उत्तर प्रदेश में ऐसा क्यों नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चुनाव के दौरान कभी भी डीजीपी को नहीं हटाया गया, जबकि कई बार चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की गई थी। उन्होंने पूछा कि जिन अधिकारियों के परिवार के लोग खुद चुनाव लड़ रहे थे, क्या उन्हें पद से हटाया गया। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा है। उनका कहना है कि पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है और उसकी कार्रवाई भी उसी के अनुरूप दिखाई देती है।

# जिला सहकारी बैंक लखनऊ ने दो बी पैक्सो का किया गया शुभारंभ

❒ हर सदस्य तक सरकार की सुविधायें आसानी से पहुंचे इसके लिये आपकी बी0-पैक्स शुरू की गयी है: वीरेन्द्र प्रताप सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**





लखनऊ । जिला सहकारी बैंक लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन एवं सहकारिता मंत्री जे0पी0 एस0 राठौर के नेतृत्व में ज़िले की बी-पैक्स-कुम्भरांवा एवं बी0 पैक्स गोधना का शुभारम्भ वीरेन्द्र प्रताप सिंह (चेयरमैन जिला सहकारी बैंक, लखनऊ) के कर कमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित किसान व्यापारी व समिति सदस्यों को सम्बोधित करते हुये चेयरमैन वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा, हर सदस्य तक सरकार की सुविधायें आसानी से पहुंचे इसके लिये आपकी बी0-पैक्स शुरू की गयी है। इसका निर्वाचन द्वारा संचालक मण्डल का चयन किया गया। समितियों का रजिस्ट्रेशन कर लिया गया है।कार्यालय स्थापना हेतु 2 लाख रुपए और खाद-बीज के व्यापार हेतु 10 लाख रुपये की लिमिट स्वीकृति की गयी। जमीन उपलब्ध होने पर विधिवत इनकी विल्डिंग निर्मित कर आम जन की सेवा की जायेगी। भारत सरकार के प्रधानमंती नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना सहकार से समृद्धि'' द्वारा गरीब, मजदूर, किसान के चेहरे पर मुस्कान लाने हेतु जिला सहकारी बैंक लखनक संकल्पवध्द है। उन्होंने कहा किसानों का ही थी हमारे लिए सर्वपरी है हमारा किसान खुशहाल होगा तो देश उन्नति की ओर आगे बढ़ेगा इस अवसर पर विनय प्रताप सिंह संचालक, दिवाकर सिंह उत्तर प्रदेश ग्राम विकास बैंक, अवधेश सिंह प्रधान, गौरव सिंह विमलेश मिश्रा मण्डल अध्यक्ष सहित जिला सहायक आयुक्त व सहायक निबंधक वैशाली सिंह, बैंक सी0ई0ओ0 आवेश प्रताप मौर्य डीजीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सचिव, अध्यक्ष गण की उपस्थिति रहीं।

# अनोखी साहित्यिक प्रतिभा के धनी थे शायर अफसर बिसवानी

- ❒ अन्तर्राष्ट्रीय शायर खुर्शीद अफसर बिसवानी के 86वें जन्म दिवस पर विशेष
- ❒ शायर खुर्शीद अफसर बिसवानी ने अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर बिसवां का नाम किया रोशनः विजय शंकर बाजपेयी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। शायर खुर्शीद अफसर बिसवानी अनोखी साहित्यिक प्रतिभा के धनी रहे हैं। वह हिंदी उर्दू साहित्य के लिए एक मिसाल थे। हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक सूफी संत शैखुल औलिया हज़रत गुलजार शाह और बाबा विश्वनाथ की पवित्र नगरी बिसवां ने 16 मार्च 1940 को सैय्यद खुर्शीद अफसर बिसवानी जैसे मशहूर अन्तर्राष्ट्रीय शायर को जन्म दिया। उन्होंने अपने बचपन में कानपुर में रहकर मशहूर शायर एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना हसन मोहानी के घर जाकर शिक्षा ग्रहण की उसके बाद अपने गृह नगर बिसवां आकर उस समय के मशहूर शायर जिगर बिसवानी के शागिर्द हो गये।कौमी यकजहती का शायर खुर्शीद अफसर बिसवानी तंग हालातों से लड़ने और मुश्किलों का सामना करने का संदेश अवाम को देता रहा।

उनकी शायरी में भारतीय सभ्यता एवं इंसानियत की तस्वीर नजर आती है। उन्होंने 21 वर्ष की कम उम्र से ही साहित्यिक लेखन का कार्य शुरू कर दिया था। उन्होंने अपने नाम के साथ साथ बिसवां का भी नाम रोशन किया। दर्जनों काव्य संग्रहों, गीत व ग़ज़ल संग्रहों के अलावा दर्जनों साहित्यिक ग्रंथों की रचनाएं की तथा तमाम पत्र पत्रिकाओं के लिए नियमित रूप से लेखन का कार्य भी किया।पेशे से वह एक अच्छे वकील भी थे। उन्हें साहित्य लेखन के लिए दर्जनों राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान और पुरस्कार भी मिले।

उनके 86वें जन्मदिन पर जहांगीराबाद कस्बे में बज़्म ए सुखनो अदब एण्ड वेलफ़ेयर सोसायटी के चेयरमैन डा0 वकील अहमद खान ''अजहर खैराबादी'' के आवास पर एक संगोष्ठी कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर हाफिज शफकत अली खान ''फूल मियां'',खबीर अहमद खान उर्फ हसीर खान, खिजिर खान, महद खान, परवीन बेगम, अमन श्रीवास्तव, कमर खान, मनाल खान, अशोक कुमार व सबाहुद्दीन, सैफ अली उर्फ आलम सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। उन्होंने समाज को आगाह करते हुए कहा था कि- ''ऐसा न हो चराग कहीं घर ही फूंक दे, यह देखकर जलाओ कि रुख क्या हवा का है।'' उनकी शायरी बड़े तजर्बे व होशो हवास शायरी की थी। ऐसा कोई विषय नहीं जिस पर उन्होंने कलम न उठाई हो। खुर्शीद अफसर बिसवानी ने मोहब्बत के पैगाम को आम करते हुए कहा कि- ''हमने दुश्मन को भी दुश्मन नहीं समझा अफसर, हम तो कातिल को भी जीने की दुआ देते हैं।'' उनके जज़्बात का अंदाजा इस शेर से लगाया जा सकता है कि- '' बढ़ते हैं, भटकते हैं, गिरते हैं, समझते हैं। मंजिल के तमन्नाई हर हाल में चलते हैं।' मोहब्बत व भाई चारा का पैगाम देते हुए 17 जून 2001 को वह हम सभी को छोड़कर इस फानी दुनिया से रुखसत हो गये।फिर भी जब तक यह दुनिया रहेगी उनका नाम अदब की दुनिया में एहतराम से लिया जाता रहेगा। आज वह मेरे बीच नहीं है लेकिन उनका नाम हमेशा अमर रहेगा।

# सकरन में कानून की जगह उदय हुआ लूट का मंगल प्रभात

- ❒ चोरों के आतंक और पुलिस की चुप्पी से टूटा भरोसा, दुगाना का परिवार पलायन को मजबूर
- ❒ दस दिन बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, गांव में पोस्टर लगाकर पीड़ित परिवार ने पुलिस पर लगाए मिलीभगत के आरोप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर। थाना सकरन क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्राम दुगाना में चोरी की घटना के बाद भी पुलिस की कथित उदासीनता से आहत एक परिवार अब गांव छोड़ने को मजबूर हो गया है। न्याय की आस टूटने के बाद पीड़ित परिवार ने गांव में पोस्टर चिपकाकर अपनी पीड़ा जाहिर की, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और सकरन पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दुगाना निवासी इंद्रपाल पुत्र रामदीन के घर 4/5 मार्च 2026 की रात चोरों ने धावा बोल दिया। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने घर में घुसकर दरवाजे तोड़ डाले और घर में रखा अनाज, बर्तन तथा अन्य घरेलू सामान उठा ले गए। घटना के बाद परिवार ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और थाना सकरन में लिखित प्रार्थना पत्र भी दिया, लेकिन करीब दस दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।पीड़ित परिवार का आरोप है कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। न्याय न मिलने से निराश होकर परिवार ने गांव की दीवारों पर पोस्टर लगाकर अपनी मजबूरी जाहिर की। पोस्टर में साफ लिखा हैञ्चोरों के आतंक और पुलिस के अमानवीय कृत्य से परेशान होकर हम परिवार समेत गांव छोड़ने को मजबूर हैं। अब हमें कानून पर से भरोसा उठ गया है।ञ्गांव में लगे इन पोस्टरों ने पूरे इलाके में हलचल मचा दी है। ग्रामीणों में चर्चा है कि यदि पुलिस समय रहते कार्रवाई करती तो किसी परिवार को अपना घर-आंगन छोड़ने की नौबत नहीं आती। लोगों का कहना है कि सकरन क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं से ग्रामीण पहले ही भयभीत हैं और पुलिस की निष्क्रियता ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है।स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे खुलेआम वारदात को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। यही कारण है कि अब लोग अपनी सुरक्षा को लेकर खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं।उधर इस पूरे मामले में थाना सकरन पुलिस का पक्ष सामने नहीं आ सका है। यदि जल्द ही इस मामले में ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ सकता है तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो सकता है।

# शक्ति सम्मान से सम्मानित हुई महिलाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




विसवां, सीतापुर। शक्ति अभियान के अंतर्गत विकास खंड बिसवां कार्यालय के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। सम्मेलन में महिला दिवस की आयोजक विभा सिंह ने बताया कि महिलाएं शक्ति का स्त्रोत है, दुनिया की, देश की आधी आबादी हैं। महिलाओं के भारत के साथ - साथ पूरी दुनिया में संघर्ष का एक इतिहास रहा है।

उन्होंने अमेरिका में 1908 में भेदभाव और काम के घंटों को कम कराने को लेकर अपने देश की तत्कालीन सरकार और फैक्ट्री मालिकों के विरोध में बड़ा संघर्ष किया , जीत भी हासिल की और नए आयाम कायम किए। उनके संघर्ष की बदौलत ही आज महिला कुछ स्वतंत्र हुई है लेकिन पूरी तरह से आज भी महिलाओं पर बंदिशे खत्म नहीं हुई है।देश की आजादी की लड़ाई लड़ने में रानी लक्ष्मी बाई, बेगम हजरतमहल, ऊदा देवी , लक्ष्मी सहगल जैसी महिलाओ का शानदार इतिहास रहा है, देश का संविधान बनाने वाली संविधान सभा में 15 महिलाएं जिसमें सरोजिनी नायडू, सुचेता कृपलानी, विजयलक्ष्मी पंडित,जैसी महिलाओं की भागीदारी थी। समाज को सुधारने में खासकर शिक्षा को बढ़ावा देने में सावित्रीबाई फुले, फातिमा शेख जैसी महिलाएं आज भी लाखों महिलाओं को प्रेरणा देती है।आज पूरी दुनिया में जिस तरह से एक देश की दूसरे देश को लेकर अविश्वसनीयता बढ़ रही है, युद्धोंन्माद बढ़ रहा है उसका सबसे अधिक असर अगर पड़ेगा तो महिअओ पर पड़ेगा। अंतराष्ट्रीय स्तर पर महिलाएं कही भी नीति निर्णायक नहीं होती है, न ही कही किसी भी स्तर पर पॉलिसी मेकर बनती है।बड़े से बड़े देश अपने देश में महिलाओं को देश के सर्वोच्च पदों पर बराबरी का मौका और भागीदारी नहीं दे पाए है। हमें उसी भागीदारी को देश में बढ़ाने की जरूरत है।कार्यक्रम को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री अतीक अहमद जी, संबोधित किया, महिलाओं को अपने हाथों से शक्ति सम्मान पत्र और खुशहाली, हरियाली का प्रतीक गमले दिए और महिला दिवस की शुभकामना दी।भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बिसवां ब्लॉक के अध्यक्ष श्री अब्दुल करीम अंसारी जी ने महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामना दी। कार्यक्रम को नागरिक अधिकर संगठन से श्री हरिशंकर गुप्ता,वादा फाउंडेशन से श्री श्रीराम यादव, श्री काशीराम भार्गव, वामा संस्था की ज्योति भारती, शर्मावती, ने संबोधित किया। अंत में शक्ति सम्मान पत्र ऐसी महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने एक महिला होने के नाते समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई, मुकाम हासिल किया और बगैर किसी पुरुष के सहारे अपने बल पर अपने बच्चों को परवरिश दी । इन महिलाओं में सरिता भारती,सुषमा भार्गव, रीना,राधा, अनुप्रास मिश्रा,रूबी, कमरुन निशा अंसारी, फूलजहां, माया देवी, मीना, गीता, बालजती , शाहजहाँ,मायावती ,शिवदेवी, रामकोरी, संध्या, रहमतजहां, रूपरानी, सावित्री, को शक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने के दो आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना कलान पुलिस ने किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।थाना कलान क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि इसी थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी आर्यन गुप्ता और पीयूष यादव ने उसकी नाबालिग पुत्री से जबरन शारीरिक सम्बन्ध बनाए और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट आदि संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और आरोपियों की तलाश शुरू की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धर्मपुर से आगे आंधीदेई रोड पर पुलिया से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से दोनों अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कलान के प्रभारी निरीक्षक शिवदीन वर्मा के साथ उपनिरीक्षक मनोज कुमार उपाध्याय, का. वशु आर्य और जितेन्द्र मौजूद रहे।

# सामूहिक विवाह के तहत ओसीएफ मैदान में 251 जोड़ों का विवाह सम्पन्न

- ❒ सरकार ने ली है बेटियों के जन्म से लेकर पढ़ाई-लिखाई व विवाह तक की जिम्मेदारीः वित्त मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत ओसीएफ रामलीला मैदान में 251 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें 211 हिन्दू और 40 मुस्लिम जोड़ों का विवाह रीतिरिवाज से सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने फीता काटकर, भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस दौरान उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को उपहार देकर उनके नव दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मानजनक तरीके से सम्पन्न कराना तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। बेटियों के जन्म से लेकर पढ़ाई-लिखाई तथा विवाह तक की जिम्मेदारी सरकार ने ली है। कहा कि योजना के तहत प्रत्येक कन्या के खाते में 60 हजार रूपए की एफडी कराई जाती है और 25 हजार रूपए की राशि से साड़ी, पायल, बिछिया, बर्तन, पंखा, गद्दा आदि विवाह उपयोगी सामग्री दी जाती है। इसके अलावा 15 हजार रूपए की धनराशि का उपयोग विवाह कार्यक्रम की व्यवस्था में किया जाता है। बताया कि सरकार द्वारा मातृ वंदना योजना के तहत पांच हजार रुपए की सहायता भी दी जाती है। वहीं, कन्या सुमंगला योजना के तहत बच्ची के जन्म से पढ़ाई-लिखाई के लिए 06 चरणों में 25 हजार रुपये तक की सहायता का प्रावधान है। बताया कि प्रदेश में कन्या सुमंगला योजना अंतर्गत 23 लाख से अधिक बेटियों को लाभ प्रदान किया गया है। इस दौरान महापौर अर्चना वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, डीसीबी चेयरमैन डीपीएस राठौर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, जिला परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला समाज कल्याण अधिकारी, संबंधित खण्ड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# गोला पहुंचे डीएम-एसपी, चैती मेले की तैयारियों को लेकर की बैठक, बनी रणनीति

- ❒ छोटी काशी गोला में चैती मेले की तैयारियां तेज, सुरक्षा और सुविधा पर जोर
- ❒ डीएम-एसपी ने मेला स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, सभी विभागों को समय से तैयारियां पूरी करने के निर्देश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर,खीर। छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में ऐतिहासिक चैती मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ ख्याति गर्ग की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में नगर पालिका, तहसील प्रशासन और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मेले की सभी जरूरी तैयारियों को समय से पूरा करें।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि चैती मेला यहां की संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। इसे सजाने संवारने और व्यवस्था में नगर पालिका, प्रशासन के साथ नगर वासियों का भी विशेष सहयोग चाहिए। डीएम ने मेले के आयोजन में सुविधा, सुरक्षा और सुगमता पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिए। प्रशासन का उद्देश्य है कि यह ऐतिहासिक चैती मेला सुरक्षित, सफलतापूर्वक संपन्न हो, जिससे स्थानीय जनता और दूर-दराज से आने वाले दुकानदारों और दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने चैती मेला में पुलिस व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, मेले में मेडिकल, पुलिस एवं फायर के लगने वाले कैंप, पेयजल व्यवस्था, खोया पाया कैम्प, सफाई व्यवस्था, छिड़काव, फॉगिंग एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका, तहसील प्रशासन को निर्देश दिए कि चैती मेले की सभी जरूरी व मुकम्मल तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं।

एसपी डॉ.ख्याति गर्ग ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व की तरह यह मेला भी सकुशल, व्यवस्थित तरीके से संपन्न होगा। सभी के सहयोग से मेले का आयोजन खुशी और सौहार्द के साथ सुनिश्चित किया जाएगा। सुझाव दिया कि स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सामाजिक मुद्दों से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम भी शामिल किए जाएं। इससे युवा पीढ़ी में सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का संदेश जाएगा। मेले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी, ताकि आमजन मेले का आनंद पूरी सुरक्षा के साथ ले सकें।

एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने निर्देश दिए कि लूज वायर, ट्रांसफार्मर ठीक करवाए जाएं। खुले ट्रांसफार्मर की बैरिकेटिंग और खतरे का निशान स्पष्ट प्रदर्शित किया जाए। विद्युत आपूर्ति सुचारू रहे। उन्होंने रेट लिस्ट, फूड टेस्टिंग, खाद्य पदार्थों की सफाई, वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था, सफाई कार्मिकों की रोस्टर ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सिविल डिफेंस और एनजीओ के प्रतिनिधियों को मेले में अपनी सेवाएं देने के लिए कहा गया।

एएसपी अमित कुमार राय ने कहा कि मेले में पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती रहेगी। पार्किंग और मेला सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित की जाएगी। झूले की समय-समय पर सुरक्षा मानक जांच की जाएगी और फायर टेंडर की प्रॉपर व्यवस्था भी रहेगी। नपाप अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू ने कहा कि प्रशासन के मार्गदर्शन में चलने वाले मेले को भव्यता से आयोजित किया जाएगा, जिसमें नगर वासियों का अपेक्षित सहयोग की आकांक्षा है। मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसमें स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। *डीएम-एसपी ने किया मेला स्थल का भ्रमण, तय समय में व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश*

बैठक के बाद डीएम-एसपी ने मेला स्थल का पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में लगी अस्थायी दुकानों को खाली कराने और निर्धारित समय के भीतर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि मेला समय पर और व्यवस्थित तरीके से शुरू हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इस मौके पर सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी पश्चिमी अमित राय, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, युगांतर त्रिपाठी, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति और जन सामान्य मौजूद रहे।

## पूर्वांचल महासभा का होली मिलन समारोह सम्पन्न




**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूर्वांचल महासभा सेवा समिति का होली मिलन समारोह कार्यक्रम रविवार को गन्ना किसान संस्थान लोधीपुर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के वित्त एवं संस्दीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, जेल अधीक्षक जेपी तिवारी, पूर्वांचल महासभा के अध्यक्ष सतीश चन्द मिश्र आदि ने संयुक्त रूप से ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वल से किया। इस दौरान पूर्वांचल महासभा ने मुख्य अतिथि का स्वागत अंगवस्त्र व स्मृति-चिन्ह देकर किया। इस दौरान बलिया से आए कलाकारों ने भोजपुरी गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि होली का पर्व केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और समरसता का सन्देश देने वाला पर्व है। नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्र ने कहा कि होली अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं को सहेजने का अवसर प्रदान करता है। जेल अधीक्षक जेपी तिवारी ने आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सभी ने एक-दुसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। अंत में महासभा के अध्यक्ष सतीश चन्द मिश्र ने सभी अतिथियों, आयोजन समिति और कलाकारों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम देर रात तक चला। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पूर्वांचल महासभा के महामंत्री विपुल प्रसाद, उपाध्यक्ष रुपेश रावत, अनिल मौर्य, कमलेश यादव, ओमप्रकाश, राजेश सिंह, शम्भुशरण शुक्ला, वंशराज सिंह, सुनील तिवारी, परमात्मा सिंह, विश्वनाथ मिश्रा, डॉ. गोरखनाथ गुप्ता, मुन्ना लाल, लालजीत यादव, रामबाबू, पशुपतिनाथ उपाध्याय, मुकेश परिहार, डॉ. आलोक सिंह, एसके पाण्डेय, त्रिवेणी मिश्रा आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में प्रदीप पाण्डेय, रामनिवास, डा. अजय तिवारी, कृमको फर्टीलाइजर्स, रिलायंस रोजा थर्मल पॉवर, ओसीएफ, रोडवेज, रेलवे में कार्यरत तमाम पूर्वांचल के लोग सपरिवार मौजूद रहे।

# छोटी काशी गोला कॉरिडोर परियोजना का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

- ❒ परियोजना की प्रगति का अवलोकन, अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अध्यक्ष नगर पालिका परिषद विजय शुक्ला रिंकू, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और अफसरों संग सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना छोटी काशी गोला कॉरिडोर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना के नक्शों और स्थल पर स्थिति का बारीकी से अध्ययन किया और परियोजना की वर्तमान प्रगति को समझते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि गोला के पर्यटन विकास एवं छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर की कार्यवाही मिशन मोड में तेजी से आगे बढ़ाई जाए। कहा कि यह परियोजना मुख्यमंत्री जी की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है, और इसे समयबद्ध तरीके से सफल बनाना सबकी समेकित जिम्मेदारी है।निरीक्षण के दौरान डीएम ने परियोजना क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य, सड़क मार्ग, पर्यटक सुविधाओं और मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण का निरीक्षण किया। निर्देश दिए कि समस्त निर्मित भवनों की स्लैब कास्टिंग कार्य 31 मार्च तक गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।उन्होंने यह भी कहा कि कॉरिडोर के पाथवे की पीसीसी कार्य 31 मार्च तक पूर्ण किए जाएं। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि कार्य समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न हो, ताकि परिसर का उपयोग जल्द ही सुचारू रूप से किया जा सके। इस दौरान एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, सीओ रमेश कुमार तिवारी, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे उपस्थित रहे।

# गांवों तक दौड़ेंगी निजी बसें, सीएम ग्राम परिवहन योजना से खुलेंगे नए रूट, मांगे आवेदन

- ❒ एआरएम गीता सिंह ने कहा कि वाहन क्षमता 15-28 सीटर और गाड़ी का आयु अधिकतम आठ वर्ष होनी चाहिए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 के तहत लोग अपना वाहन ग्रामीण रूट पर लगा सकते हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम से करार के बाद इन गाड़ियों को ग्रामीण रूट पर चलाया जा सकता है। इसके लिए लोग सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। एआरएम गीता सिंह ने कहा कि वाहन क्षमता 15-28 सीटर और गाड़ी का आयु अधिकतम आठ वर्ष होनी चाहिए। अनुबंध की अवधि 10 वर्ष, आवेदन शुल्क दो हजार रुपये, सिक्योरिटी पांच हजार रुपये प्रति वाहन और मासिक शुल्क 1500 रुपये निर्धारित है। उन्होंने कहा कि करार के बाद इन गाड़ियों के परमिट शुल्क में 100 फीसदी की छूट दी जाएगी।

पूरी कमाई वाहन मालिक की होगी, जिसमें निर्धारित सीमा तक किराया वसूली का अधिकार होगा। मार्ग, फ़ेरे और समय का निर्धारण भी वाहन मालिक करेंगे। इसमें उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। चयन की प्रक्रिया 15 से 24 दिन में पूरी होगी। उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने की स्थिति में प्रभावितों को राशि और बीमा देयता वाहन मालिक की होगी।

## डीएम की अध्यक्षता में होगा चयन

योजना के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच और चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति करेगी। समिति में सीडीओ, एआरटीओ और एआरएम शामिल होंगे।

## सीएम ग्राम परिवहन योजना' से गांवों को मिलेगी रफ्तार, ब्लॉक-तहसील तक दौड़ेंगी छोटी बसें

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जिले के दूरदराज गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026' के जरिए अब ग्राम पंचायतों तक सीधी और सस्ती परिवहन सुविधा पहुंचाने की तैयारी है। योजना के तहत निजी बस संचालकों की मदद से ऐसे ग्रामीण मार्गों पर छोटे वाहन चलाए जाएंगे, जहां परिवहन निगम की बसें कम या बिल्कुल नहीं चलतीं। सरकार का लक्ष्य है कि गांवों से ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय तक सीधी, सुरक्षित और नियमित परिवहन सेवा उपलब्ध हो। इसके लिए 15 से 28 सीट क्षमता वाली छोटी बसें ग्रामीण सड़कों पर दौड़ेंगे।

## लखीमपुर खीरी में 600 शहरी लाभार्थियों को पीएम आवास योजना की पहली



**लखीमपुर, खीरी,, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहरी गरीबों के पक्के आवास का सपना साकार करने की दिशा में सरकार ने सोमवार को एक बड़ा कदम उठाया। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 के तहत 600 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छह करोड़ रुपये की पहली किस्त डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की।कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और पीओ डूडा संगीता सिंह की मौजूदगी में सीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी। सीएम ने बटन दबाकर सभी लाभार्थियों के खातों में एक-एक लाख की धनराशि अंतरित की। इस दौरान विधायक एवं डीएम ने एडीएम संग लाभार्थियों को आवास के स्वीकृति पत्र वितरित किए।*'पीएम आवास योजना से गरीबों को सम्मान और सुरक्षित भविष्य' : विधायक*विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि पीएम आवास योजना केवल पक्का घर नहीं, बल्कि गरीबों को सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भर भविष्य देती है। उन्होंने कहा कि पीएम और सीएम के नेतृत्व में अब गरीबों का पक्के आवास का सपना साकार होता नजर आ रहा है। विधायक ने लाभार्थियों से अपील की कि वे इस सहायता का सदुपयोग कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराएं और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करें*डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने लाभार्थियों को दी बधाई*डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ घर देने तक सीमित नहीं है, बल्कि गरीबों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की सौगात है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ समय पर, पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से हर पात्र नागरिक तक पहुंचे, ताकि हर परिवार नई छत के साथ खुशहाल और समृद्ध जीवन की दिशा में कदम बढ़ा सके। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि योजना गरीबों के जीवन में न सिर्फ छत, बल्कि आत्मसम्मान और आशाओं का आधार भी बन रही है। कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के 90,000 लाभार्थियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रत्येक लाभार्थियों के खाते में प्रथम किश्त रू0 एक लाख की धनराशि हस्तान्तरित की, जिसमें जनपद खीरी नगरीय निकायों के 600 लाभार्थी सम्मिलित हैं।

# कार्यकर्ताओं के तप और त्याग से देशभर में मजबूत हुई भाजपा : राजीव कुमार गुप्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत नगर बदायूँ, बिल्सी नगर, बिसौली ग्रामीण, उसावाँ, बसोमा, दहगवां मंडल में प्रशिक्षण वर्गों में बदायूँ नगर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग वैभव लॉन में आयोजित हुआ, जिसका उद्घघाटन जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। तथा बिल्सी नगर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग भगवान दास पैलेस में आयोजित हुआ, जिसका उद्घघाटन बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। तथा बिसौली ग्रामीण मंडल का प्रशिक्षण वर्ग ब्लू ऑर्चिड बिसौली में आयोजित हुआ, जिसका उद्घघाटन वरिष्ठ नेता मनोज कृष्ण गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। तथा उसावाँ मंडल का प्रशिक्षण वर्ग शिव पैलेस दातागंज में आयोजित हुआ, जिसका उद्घघाटन जिला उपाध्यक्ष नेकपाल कश्यप ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। तथा बसोमा मंडल का प्रशिक्षण वर्ग ममता उत्सव लॉन में आयोजित हुआ, जिसका उद्घघाटन वरिष्ठ नेता अरविंद वाल्मीकि ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। तथा दहगवां मंडल का प्रशिक्षण वर्ग प्रेम रिसॉर्ट इस्लामनगर में आयोजित हुआ, जिसका उद्घघाटन जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र मोहन शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा संगठन का विस्तार कार्यकर्ताओं की सक्रियता और संगठनात्मक कार्यों के निरंतर संचालन से संभव होता है। आगे कहा कार्यकर्ताओं को मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करते हुए नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा संगठन की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए। इससे पार्टी की संरचना और अधिक सुदृढ़ होती है। इतिहास एवं विकास विषय पर बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा भाजपा का उदय एक लंबी वैचारिक साधना और संगठनात्मक संघर्ष का परिणाम है। जनसंघ के दौर से लेकर आज तक पार्टी ने अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी विचारधारा को समाज के बीच स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के त्याग, तप और निरंतर जनसंपर्क के कारण भाजपा आज देश के कोने-कोने तक पहुंची है और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए विकास की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।.बूथ प्रबंधन विषय पर प्रदेश मंत्री डीपी भारती ने कहा कि भाजपा का बूथ कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत होता है। बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता और मतदाताओं से निरंतर संपर्क ही चुनावी सफलता का आधार बनता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ञ्मन की बातङ्क हर माह के अंतिम रविवार को बूथ पर सामूहिक रूप से सुनी जाए और उसके बाद बूथ समिति की बैठक कर संगठनात्मक कार्यों पर चर्चा की जाए। भाजपा सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन विषय पर पूर्व सांसद डॉ संघमित्रा मौर्य ने कहा केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही डबल इंजन की भाजपा सरकार ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के अनेक नए मानक स्थापित किए हैं। गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, किसान हित और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।वैचारिक अधिष्ठान विषय पर वरिष्ठ नेता मनोज कृष्ण गुप्ता ने कहा कि भाजपा का संगठन स्पष्ट विचारों और अनुशासित कार्यशैली पर आधारित है। कार्यकर्ताओं को संगठन के सिद्धांतों को समझते हुए उसी भावना के साथ अपने दायित्वों का पालन करना चाहिए और संगठन को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्य पद्धति विषय पर जिला उपाध्यक्ष नेकपाल कश्यप ने कहा भाजपा की कार्यप्रणाली अनुशासन, समन्वय और सामूहिक निर्णय की परंपरा पर आधारित है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाता है, जिससे संगठन की मजबूती लगातार बढ़ती है। वरिष्ठ नेता अरविंद वाल्मीकि ने कहा संगठन का विस्तार निरंतर जनसंपर्क और सामाजिक सहभागिता से संभव होता है। कार्यकर्ताओं को समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच जाकर संवाद स्थापित करना चाहिए और संगठन की नीतियों व कार्यक्रमों से नए लोगों को जोड़ने का प्रयास करते रहना चाहिए। इतिहास एवं विकास विषय पर जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र मोहन शर्मा ने कहा भाजपा का विकास कार्यकर्ताओं की मेहनत, अनुशासन और संगठनात्मक प्रयासों से लगातार आगे बढ़ा है। समय के साथ संगठन ने अपनी मजबूत संरचना और सक्रिय कार्यकर्ताओं के बल पर विस्तार किया है और निरंतर प्रगति की है। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विषयों पर सात सत्रों में पूर्व चैयरमैन दीपमाला गोयल, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, वरिष्ठ नेता राणा प्रताप सिंह, जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव, जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत, जिला महामंत्री डॉ अरुण प्रकाश, जिला उपाध्यक्ष भगवान सिंह मौर्य, जिला कोषाध्यक्ष डॉ आशीष शर्मा, जिलाध्यक्ष धीरज पटेल, क्षेत्रीय सह-संयोजक आईटी विभाग कृष्णवीर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी आशीष शाक्य, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज माहेश्वरी, जिला संयोजक आईटी विभाग संदीप चौहान, जोगेंद्र पटेल, प्रदीप चौधरी, अजय तोमर, शिवम शंखधार, रचना शंखधार ने अपने विषयों पर संबोधित किया। इस अवसर पर दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, चैयरमैन बिल्सी ज्ञानवती सागर, चैयरमैन दातागंज नैना गुप्ता, डॉ केपी लोधी, ब्रज बिहारी लाल, भगवान दास सागर, रामशरण शर्मा, जसवंत सिंह, वीरपाल सिंह, जयनारायण शर्मा, राकेश दीक्षित, मनोज कुमार सिंह, राजेंद्र सागर, वीर सिंह चौधरी, रामपाल सिंह, राजबहादुर, भूदेव सिंह, नक्षत्र चौहान, गेंदालाल राजपूत, दाताराम, शाक्य, राजपाल सिंह, नरेन्द्र पाल सिंह, राम नरेश सिंह, ब्रजेश बाबू वार्ष्णेय, ओमप्रकाश सागर, ओमबाबू सक्सेना, डॉ मनवीर सिंह, डीके चड्डा, देवदत्त शर्मा, धीरेंद्र प्रताप सिंह, महंत सोहन दास, पंकज शर्मा, शिशुपाल, यतेंद्र पाल सिंह, दाताराम, शिवकुमार गुप्ता, मेखला सिंह, हरवंश यादव, लीलाधर शर्मा, महेंद्र सिंह मौर्य, कैलाश गुप्ता, आदित्य माहेश्वरी, अजय मथुरिया, सुनील कुमार सिंह, राहुल लोधी, परमवीर शाक्य, गुलशन प्रताप सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

# नकाबपोश बदमाशों ने दिनदहाड़े युवक को मारी गोली

## गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूं। उघैती थाना क्षेत्र में नकाबपोश बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देकर बदमाश भाग गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया और घटना की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार उघैती थाना क्षेत्र के गांव गर्वी निवासी समीर (20) पुत्र जाहिद ईखखेड़ा गांव में हेयर सैलून पर काम करता है। सोमवार को वह अपने काम में व्यस्त था, तभी अचानक तीन नकाबपोश बदमाश वहां पहुंचे और समीर पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही समीर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल समीर को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रूदायन पहुंचाया, लेकिन उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज बदायूं रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार समीर दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा है। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस का कहना है कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी गई है। हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं एसपी ग्रामीण हृदेश कठेरिया का कहना है कि थाना उघैती क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खेड़ा स्थित दुकान समीर हेयर सैलून संचालक को अज्ञात व्यक्ति द्वारा गोली मारकर घायल कर दिया है वही मुकदमा पंजीकृत कर, घटना का शीघ्र अनावरण करने टीमों का गठन कर दिया हैं, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# शेखूपुर रोड एसटीपी प्लांट के निर्माण पर विवाद, कोर्ट के स्टे के बावजूद हो रहा निर्माण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट मीरा सराय शेखूपुर रोड स्थित के निर्माण को लेकर स्थानीय स्तर पर काफी विवाद की स्थिति बनी हुई है।

कोर्ट का स्थगन आदेश स्थानीय रिपोर्ट्स और चर्चाओं के अनुसार, इस प्लांट के निर्माण पर न्यायालय द्वारा रोक लगाई गई है। उसके बावजूद भी निर्माण हो रहा है विवाद का मुख्य कारण यह है कि कोर्ट के आदेश के बावजूद, प्लांट की चारदीवारी के भीतर निर्माण कार्य चोरी-छिपे या लगातार जारी रहने की खबरें आ रही हैं।

**विवादों में घिरी कार्यदाई संस्था ग्रामीणों ने किया विरोध**

मीरा सराय और आसपास के निवासी इस प्लांट का विरोध कर रहे हैं। उनका तर्क है कि घनी आबादी और रिहायशी इलाके के पास एसटीपी प्लांट बनने से भविष्य में प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

**प्रशासनिक रुख.....**

इस मामले में अक्सर स्थानीय प्रशासन और जल निगम पर कोर्ट के आदेशों की अनदेखी करने के आरोप लगते रहे हैं, जिसके कारण क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी रहती है।

सूत्रों ने बताया कि शेखूपुर रोड स्थित मीरा सराय में बन रहे एसटीपी के निर्माण पर विवाद है जो की कोर्ट के अधीन है। लेकिन कोर्ट के स्टे के बाबजूद चार दीवारी में मजदूरों को लगाकर निर्माण कार्य तेज़ी से कराया जा रहा है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) शेखूपुर रोड स्थित मीरा सराय में बना रहा है। शेखूपुर रोड स्थित शहर के मीरा सराय के पास सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है। अभी यहां पर 350 मीटर की दीवार बनाई जा चुकी है, जबकि आगे का काम अभी जारी है। चहारदीवारी बन जाने के बाद अंदर का काम शुरू किया गया है।

# अवैध ऑटो स्टैंड पर ट्रैफिक पुलिस की मेहरबानी से लगता जाम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। शहर में अवैध ऑटो टैक्सी स्टैंडों को लेकर ट्रैफिक पुलिस की मेहरबानी से जाम का सबब बन रही है। शहर के ट्रैफिक प्रभारी यातायात व्यवस्था सुधारने के भले ही बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं लेकिन शहर में कई ऐसे इलाके हैं, जहां रोजाना सुबह से लेकर शाम तक डग्गामारी होती है। सड़क के किनारे ही अस्थायी रूप से वाहन स्टैंड बने हुए हैं। जिले में लगातार वाहनों की चेकिंग होती रहती है पर यातायात पुलिस भी इधर से रोजाना देखकर निकलकर जाती है। वाहन को सड़क पर खड़े करके यात्रियों को बैठाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं होती। यही वजह है कि शहर में न तो डग्गामारी खत्म हो रही है और न ही बनाए गए अस्थायी वाहन स्टैंड खत्म हो रहे हैं। शहर में आंबेडकर पार्क के नजदीक नगर पालिका की ओर से एक बोर्ड भी लगाया गया था, जिसे पर नो-पार्किंग लिखा हुआ था लेकिन अब वह बोर्ड तोड़कर अलग कर दिया गया है। सुबह से लेकर शाम तक तमाम ई-रिक्शा, ऑटो, टेंपो और मैजिक वाहन खड़े होते हैं। कभी-कभी स्थिति यह बन जाती है कि लोगों को इधर से पैदल निकलना तक दूभर हो जाता है। अंबेडकर पार्क,पुलिस लाइन चौराहा, लावेला चौक, गोपी चौक,गांधी ग्राउंड के नजदीक लोडर वााहनों का स्टैंड है तो रोडवेज बस अड्डे के नजदीक कार और टैक्सी वाहन खड़े होते हैं। जिसकी वजह से अधिका अधिक जाम की स्थिति बनी रहती है यहां वर्षों से इन वाहनों को अड्डा बना हुआ है। कई बार अधिकारियों के सामने बात पहुंची है और अभियान भी चले हैं लेकिन अस्थायी वाहन स्टैंड नहीं हटे स्थिति जैसी की तैसी बनी हुई है। जिला अस्पताल के सामने आंबेडकर पार्क के नजदीक सड़क किनारे कई वाहन खड़े रहते हैं। चालक हेल्पर आवाज लगाकर यात्रियों को बैठते दिख जाएंगे।, इस रोड पर कचहरी कलेक्ट्रेट जिला अस्पताल महिला अस्पताल के मरीजों को आने-जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है इधर से अन्य वाहनों को गुजरना और मुश्किल हो जाता। पुलिस लाइन चौराहे पर अलापुर और कुंवरगांव, दातागंज,उझानी मार्ग पर जाने वाले वाहन सड़क किनारे खड़े रहते हैं। उनके चालक हेल्पर यात्रियों को बुलाकर बैठा रहे थे। उनके नजदीक से आने-जाने वाले वाहन गुजर रहे थे। वहां जाम की स्थिति अक्सर बनी रहती है, चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ है। दावा किया जाता है कि पुलिस कर्मी सीसीटीवी कैमरों में वाहन खड़े देखकर आ जाते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश सहित बदायूं में भी अवैध टैक्सी और टेंपो स्टैंडों को तत्काल हटाने के कड़े निर्देश दिए थे। लेकिन यातायात प्रभारी की मनमानी की वजह से अभी तक अवैध टैक्सी और टेंपो स्टैंड नहीं हटे है।

## संगोष्ठी का आयोजन

**सम्भल ( बहजोई) कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सम्भल दिनांक 17 मार्च 2026 को भारतीय शिक्षा बोर्ड ( राष्ट्रीय विद्यालयी बोर्ड– उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संचालित) के तत्वावधान में आधुनिक शिक्षा में भारतीय ज्ञान परम्परा का समावेश विषय पर दिनांक 17 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे से कलक्ट्रेट सभागार में तथा अपराह्न 3 बजे से डीआर रिसोर्ट इस्लामनगर रोड़ बहजोई में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ एन पी सिंह ( आईएएस–सेवानिवृत) चेयरमैन भारतीय शिक्षा बोर्ड भारत तथा मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया ( आईएएस) तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट रहेंगे।

## न्यूट्रीशन पावर क्रिकेट क्लब ने ब्राइट स्टार 6 विकेट से हराया

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद में रेलवे स्टेडियम में सोमवार को आयोजित इंटर क्लब क्रिकेट मुकाबले में न्यूट्रीशन पावर क्रिकेट क्लब ने ब्राइट स्टार क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हरा दिया। शानदार बल्लेबाजी के लिए वसीर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। रेलवे स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ब्राइट स्टार ने निर्धारित 25 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 237 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूट्रीशन पावर क्रिकेट क्लब की टीम ने 22.2 ओवर में चार विकेट खोकर 239 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे वसीर ने शानदार 107 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि फरमान ने 56 रन का योगदान दिया। शानदार बल्लेबाजी के लिए वसीर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## फर्रुखाबाद : समाज में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाएं को संस्था ने किया सम्मानित

फर्रुखाबाद ।उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जनपद में सोमवार को आकांक्षा समिति के तत्वावधान में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही महिलाओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंतररष्ट्रीय महिला दिवस के रुप में मनाए गए इस कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष डॉ वन्दना द्विवेदी ने कहा कि अंतररष्ट्रीय महिला दिवस पूरे विश्व की महिलाओं के आत्मसम्मान को परिलक्षित करता है। भारतवर्ष में इसकी महत्ता सदैव रही है। यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः'' (संस्कृतः यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः) प्रसिद्ध मनुस्मृति श्लोक जहाँ नारियों का सम्मान और पूजा की जाती है, वहाँ देवता निवास करते हैं। यह भारतीय संस्कृति में महिलाओं के उच्च स्थान और उन्हें शक्ति का प्रतीक मानने की परंपरा को दर्शाता है। वर्तमान समय शिक्षा और ज्ञान का है हम कोई भी कार्य करें अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं करना है। उन्होंने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों यथा शिक्षा, कविता, संगीत, चिकित्सा, गंगा स्वच्छता, पर्यटन, स्वयं सहायता समूह में दायित्वों एवं सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं सुमन त्रिपाठी, दीपिका राजपूत, बिंदु गुप्ता, डॉ शशि किरण सिंह (सभी शिक्षा), ऐश्वर्या उपाध्याय, दीप्ति वत्स, नम्रता सिंह, निहारिका पटेल, प्रियंका गाँधी, डॉ सुनीता यादव, पूनम पाल, शुभांगी अग्निहोत्री, गीतांजलि पटेल, स्मृति अग्निहोत्री, राना हिज़ाब और ताइक्वांडो की बालिकाओं को सम्मानित किया। इस दौरान समिति की रश्मि सिंह, गुंजा जैन, मंजू सिंह, साक्षी गुप्ता, डॉ ज्योति गुप्ता, श्रद्धा, अनीता पाठक, भावना गुप्ता, दीपिका त्रिपाठी, डॉ मीनू गुप्ता आदि उपस्थित रहीं। कुशल संचालन राना हिज़ाब ने किया।

## फर्रुखाबाद में पुलिस ने दर्ज की मृत व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट

फर्रुखाबाद ।उत्तर प्रदेश के जनपद फर्रुखाबाद के थाना राजेपुर में मारपीट प्रकरण में मृत व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस अब जांच के बाद आगे की कार्यवाही की बात कह रही है। इस व्यक्ति की लगभग 10 वर्ष पहले ही मौत हो चुकी है। अनुज पुत्र राजकुमार निवासी गांधी ने 13 मार्च 2026 को अपने साथ हुई मारपीट की तहरीर थाना राजेपुर में दी थी। इसी आधार पर पुलिस ने राममूर्ति, विजय, अभिषेक और विनोद निवासी गांधी के खिलाफ गाली–गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर लिया लेकिन जब जांच शुरु हुई तो पता चला कि एक नामजद आरोपित विनोद की मृत्यु 4 फरवरी 2016 को हो चुकी है। प्रभारी निरीक्षक सुदेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि यह विवेचना का विषय है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मुठभेड़ में गोली लगने से दो गोतस्कर घायल, गिरफ्तार

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश में जनपद मुरादाबाद के थाना भगतपुर क्षेत्र इलाके में सोमवार सुबह खेत में गोवंश के अवशेष पड़ा मिला। सूचना के बाद पुलिस टीम सक्रिय हुई और नाकेबंदी कर क्षेत्र में गो तस्करों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान एक बाइक पर दो युवक आते हुए दिखाई दिए, जिन्हें रूकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधीक्षक (देहात) कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि थाना भगतपुर क्षेत्र में आज सुबह नौ बजे एक खेत में गोवंश के अवशेष पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी। भगतपुर थाना क्षेत्र के उदमा वाला निवासी विक्रम सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी। घटना के अनावरण के लिए दो टीमों का गठन किया गया। थाना पुलिस टीम ने नाकेबंदी कर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दोपहर करीब 12 बजे पुलिस ने बाइक पर जा रहे संदिग्ध दो लोगों को रुकने का इशारा किया तो रुकने की बजाए उन लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ गोली चलाई, जिसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगने से घायल हो गये। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। उनकी पहचान रामपुर जिले के रेकानगला निवासी आसिफ और आरिफ के रूप में हुई। एसपी देहात ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों ने गौ हत्या और अवशेषों को खेत में फेंकने की बात स्वीकारी है।फिलहाल घायलों का इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस को इनके पास से दो अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस और गौकशी करने के उपकरण बरामद किए हैं।

## डॉ. अंबेडकर प्रतिमा पर कालिख पोतने के विरोध में भीम आर्मी का प्रदर्शन

जौनपुर। यूपी के जौनपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर कालिख पोतने की घटना के विरोध में भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया। संगठन के जिला अध्यक्ष डा एसपी मानव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा को कपड़े से ढककर अपना विरोध दर्ज कराया और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा नई प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। विरोध प्रदर्शन के समय पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिलाधिकारी ने प्रतिमा को साफ कराते हुए नई प्रतिमा लगवाने का आश्वासन दिया है। वहीं पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने भी प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि घटना में शामिल लोगों की पहचान कर जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# डायट ऑडिटोरियम में फील्ड ट्रेनर्स को दिया प्रशिक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) बदायूँ के ऑडिटोरियम में जनगणना 2027 के लिए जनपद स्तरीय फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच के प्रथम दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो कि आगामी 18 मार्च तक चलेगा। तृतीय बैच का 23 से 25 मार्च तक निर्धारित किया गया है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा ने बताया कि जनगणना 2027 में पहली बार स्व-गणना की शुरुआत की गई है. जिससे परिवार एचएलओ से संबंधित विवरण ऑनलाइन भर सकेंगे। प्रगणकों को स्व-गणना के माध्यम से भरे गए डाटा को सबमिट करने से पूर्व डाटा की जाँच करनी होगी।

उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 दो चरणों में संचालित की जाएगी। प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (2026) तथा द्वितीय चरण जनसंख्या की गणना (2027) मकान सूचीकरण, मकानों की स्थिति, सुविधाओं, परिसंपत्तियों की महत्वपूर्ण सूचना प्रदान करता है और जनसंख्या की गणना के लिए ढांचा भी बनाता है।

उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 में सेन्सस 2027 एचएलओ मोबाईल ऐप का उपयोग करते हुए डिजिटल डेटा संग्रह करने की ओर एक बड़ा परिवर्तन किया गया है, जिसमें एचएलओ का अभिप्राय मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य है।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में डेटा नैतिकता, गोपनीयता, सुरक्षा और मोबाइल और वेब ऐप समस्याओं का निवारण ऐप उपयोग और डेटा सुरक्षा के लिए क्या करें और क्या न करें,जनगणना की प्रक्रिया, परिभाषाएं, हाउस लिस्टिंग, लेआउट मैप तथा आंकड़ा संकलन की विधियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स एसके इण्टर कॉलेज के अध्यापक बृजेन्द्र कुमार व एनएमएसएन दास डिग्री कॉलेज के सहायक प्रोफ़ेसर सत्यम मिश्रा द्वारा बताया गया कि जनगणना देश का अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से जनसंख्या से संबंधित सटीक आंकड़े प्राप्त होते हैं। इन आंकड़ों के आधार पर शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन किया जाता है, इसलिए जनगणना कार्य को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं सावधानी के साथ संपन्न कराना आवश्यक है।

कार्यक्रम में उपस्थित फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना 2027 के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग एवं हाउस नंबरिंग की प्रक्रिया, परिवार विवरण अंकन, भवनों के चिन्हांकन तथा लेआउट मैप तैयार करने की विधि का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को प्रपत्रों को सही तरीके से भरने, सूचनाओं का सत्यापन करने आदि के संबंध में भी जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर्स की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# पंचायत में कहासुनी पर दामाद ने की सास और साले की हत्या, पत्नी घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बरेली । उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के इज्जतनगर थाना क्षेत्र के रहपुरा चौधरी गांव में सोमवार को पारिवारिक विवाद निपटाने के लिए बुलाई गई पंचायत में दामाद ने चाकू मारकर सास और साले की हत्या कर फरार हो गया। पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। दोहरे हत्याकांड की सूचना पर एसपी सिटी मानुष पारीक और सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी सिटी ने बताया कि रहपुरा गांव में रहने वाले अफसर खान का पत्नी शायमा से काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद को सुलझाने के लिए सोमवार को गांव में दोनों पक्षों के परिजन और ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचायत बुलाई गई थी। बातचीत के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी बढ़ गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। इसी दौरान अफसर खान आपा खो बैठा और चाकू निकालकर सास आसमा और साला आदिल पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी शायमा भी हमले में घायल हो गई। अचानक हुए हमले से पंचायत में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण तीनों घायलों को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद आसमा और आदिल को मृत घोषित कर दिया। शायमा को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।

दोहरे हत्याकांड की सूचना मिलते ही एसपी सिटी मानुष पारीक और सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसपी सिटी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद के चलते वारदात होने की बात सामने आई है। आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# विद्युत जांच के नाम पर उपभोक्ताओं को न किया जाए परेशान : अंगद कुमार सिंह

**एजेंसी**

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति ने सोमवार को जनपद भ्रमण किया। इस दौरान जिला पंचायत सभागार में बैठक कर मीरजापुर और भदोही के विद्युत विभाग सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति अंगद कुमार सिंह ने की। इस दौरान जिलाधिकारी भदोही शैलेश कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अपर्णा रजत कौशिक और मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर विशाल कुमार ने देवी चित्र, अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर समिति के सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में दोनों जनपदों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति, ट्रांसफार्मरों की मरम्मत और समय से स्थापना, मीटर रीडरों के कार्य क्षेत्र, लाइन लॉस, बिजली चोरी पर कार्रवाई, राजस्व वसूली, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बिजली बिल बकाया, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तथा सरकारी संस्थानों में विद्युत कनेक्शन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। सभापति अंगद कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि 1912 टोल फ्री नंबर पर प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही विद्युत जांच के नाम पर किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उन्होंने किसानों के कृषि कार्यों के लिए समय से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, खराब ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समय सीमा में बदलने तथा अधिक लाइन लॉस और बिजली चोरी वाले क्षेत्रों में पारदर्शिता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी सरकारी भवनों, विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शत-प्रतिशत विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करने तथा प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तारों को तत्काल हटाने पर भी जोर दिया।

# उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त लाखों युवाओं को मिला रोजगार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन का गठन उत्तर प्रदेश कौशल विकास नीति, के परिप्रेक्ष्य में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, उ0प्र0 शासन के अधीन, एक पंजीकृत समिति के रूप में किया गया है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के अल्पशिक्षित कक्षा 10 के पश्चात औपचारिक शिक्षा से विरत स्कूल ड्रापआउट 14-35 आयुवर्ग के छात्र-छात्राओं को अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर, उन्हें आजीविका अर्जित करने हेतु सक्षम बनाना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उ0प्र0 कौशल विकास मिशन द्वारा विभिन्न विभागों एवं मंत्रालयों के सहयोग से कई योजनाएं संचालित की जा रही है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत स्टेट स्किल डेवलपमेंट फण्ड (एसएसडीएफ), प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना राज्य घटक (पीएमकेवीवाई), दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) संचालित है। इसके अतिरिक्त मिशन द्वारा विश्व बैंक पोषित संकल्प परियोजना (स्किल एक्वीजीशन एण्ड नॉलिज अवेयरनेस फॉर लाइवलीहुड प्रमोशन प्रोजेक्ट) भी मार्च, 2025 तक क्रियान्वित हुई है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के स्किल ईको-सिस्टम में गुणात्मक सुधार लाना तथा वंचित समुदायों (दिव्यांगजन, महिलाएं तथा अनुसूचित जाति/जनजाति) के लिए विशेष कार्यक्रम संचालित करना था। प्रदेश के स्कूलों-कॉलेजों के छात्र/छात्राओं को उनके अध्ययन काल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 की संकल्पना के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण को औपचारिक शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रोजेक्ट प्रवीण के अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों व छात्राओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण की सुविधा उनके नियमित पाठ्यक्रम के साथ उपलब्ध करायी जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 से अब तक कुल 14 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है तथा 06 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार की दृष्टि से समस्त प्रशिक्षण केन्द्रों पर आधार इनेबुल्ड बायोमैट्रिक उपस्थिति का अंकन अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि प्रशिक्षणार्थी समय से आकर अच्छे ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करें और शासकीय धनराशि का अधिकतम सदुपयोग हो सके। प्रोजेक्ट प्रवीण के अन्तर्गत अब तक 315 राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 26 हजार से अधिक छात्र/छात्राओं का कौशल प्रशिक्षण पूर्ण किया गया है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत 3,450 छात्राओं को भी निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। प्रदेश के युवाओं को किसी भी समय किसी भी स्थान से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एन0सी0वी0ई0टी0 द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमों के डिजिटल संस्करणों को उपलब्ध कराने के लिये लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल विकसित किया गया है। प्रदेश की वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ही प्रशिक्षणार्थियों को उच्चगुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण व अवस्थापना उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2017-18 में सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स के मानक निर्धारित किये गये व उनके आधार पर जे. के. इन्स्टीट्यूट फॉर टेक्नीशियन ट्रेनिंग, कानपुर को उच्चीकृत कराते हुए सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स के रूप में विकसित किया गया।

# सरदार पटेल सेवा संस्थान से ट्रेन की रफ्तार धीमी

## यही से शुरू होता अवैध वेंडर वारदातों की जड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । ट्रेनें रुकते ही आउटर पर अंवैध वेंडर सक्रिय हो जाते हैं। सामान बेचने की आड़ में ट्रेन में रेकी करके जहर खुरानी गैंग तक मुसाफिरों की सूचना एं पहुंचाते हैं और यात्रियों को खुरानी का शिकार बनाते हैं,इसमें इनकी भी हिस्सेदारी होती है।आउटर पर ट्रेनें रोके जाने के चलते यह स्थान अवैध वें डरों की नजरों में रहता है।दिन हो या रात ट्रेन रुक ते ही अवैध वेंडर सक्रिय हो जाते हैं। चलती ट्रेन में चढ़ना और उतरना इनके बाएं हाथ का खेल होता है। खाने - पीने का सामान लेकर चढ़ने वाले अवैध वेंडरों की निगाह ऐसे यात्रियों की तलाश में रहती है,जिसके पास जेवर-नकदी आदि होते हैं। बोगी में पूरी तरह रेकी करके यह लोग गैंग तक सूचनाएं प हुंचाते हैं और यात्री वारदात का शिकार हो जाते हैं अब तक कई वारदातों में यह साबित हो चुका है कि अवैध वेंडर ही वारदात की जड़ हैं। ट्रेनों में हो रही जहर खुरानी चोरी के बाद अफसरों की निगा ह ऐसे अवैध वेंडरों पर है। हालांकि अवैध वेंडरों के सिर पर किसी और का हाथ नहीं बल्कि सुरक्षा के जिम्मेदारों का ही होता है। सामान बेचने की आड़ में यात्रियों की सटीक जानकारी देने वाले ऐसे वेंडर पिकेट पर तैनात जीआरपी की टीम को नजराना भी देते हैं,थजिसके बाद ही वे बेधड़क ट्रेन में सवार हो जाते हैं, रेलवे स्टेशन सतई पुरवा सोनी गुमटी को जाने वाली सड़क सरदार पटेल सेवा संस्थान

के पास आउटर के पास, सतईपुरवा में सड़क के किनारे बने होटल,हर जगह दर्जनों अवैध वेंडरों की भीड़ इस बात की चुगली करने को काफी है कि महकमे के आशीर्वाद से ही इनका धंधा फलफूल रहा है।किसी शिकायत द्वारा शिकायत या किसी वारदात के बाद सक्रिय होने वाली जीआरपी की सख्ती कुछ दिन तो रहती है, जिससे यह गायब दिखते हैं,उसके बाद फिर मिलीभगत का वही खे ल फिर शुरू हो जाता है।

# किसानों से ट्रैक्टर ठगी करने वाले गैंग का पर्दापाश पांच ट्रैक्टर बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले की नवाबगंज पुलिस ने किसानों के सा थ ठगी करने वाले एक अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश किया है।आरोपी किसानों को डाउन पेमें ट देकर भरोसे में लेते थे और फिर उनके नाम पर ट्रैक्टर फाइनेंस कराकर किराये का लालच देते थे। बाद में ट्रैक्टर लेकर दूसरे जिलों में बेच देते थे,पुलि स ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पांच ट्रैक्टर बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार,गिरोह के सद स्य पहले किसानों को डाउन पेमेंट देकर भरोसे में लेते थे।इसके बाद किसानों के नाम पर ट्रैक्टर फा इनेंस करा लेते थे। आरोपी किसानों से कहते थे कि ट्रैक्टर को किराये पर चलाया जाएगा।इसके ब दले हर महीने करीब तीस हजार रुपये दिए जाएंगे विश्वास में लेने के बाद आरोपी ट्रैक्टर अपने कब्जे में ले लेते थे।इसके बाद उन्हें दूर-दराज के जिलों में ले जाकर अधिक कीमत पर बेच देते थे। जब तक किसानों को इसकी जानकारी होती।तब तक आ रोपी ट्रैक्टर बेचकर फरार हो जाते थे।इस मामले में पुलिस ने प्रतापगढ़ के रहने वाले कुलदीप सिंह मैनपुरी के रहने वाले सुभाष चंद्र यादव तथा मथुरा के राम जी शर्मा,बाराबंकी के रहने वाले संदीप या दव को गिरफ्तार किया है।पूछताछ के बाद पुलिस ने इनके पास से पांच ट्रैक्टर बरामद किए हैं।बराम द ट्रैक्टरों में स्वराज और पावर टेक कंपनी के वाह न शामिल हैं।पुलिस के अनुसार गिरोह के कुछ स दस्यों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है और उनके खिलाफ पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरो ह ने अब तक कितने किसानों को अपना शिकार बनाया और कितने ट्रैक्टर इसी तरह फाइनेंस करा कर बेचे गए।गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दि या गया है।पकड़े गए दो आरोपियों का अपराधिक इतिहास इनमें मैनपुरी जिले के गांव जगतपुर खा स रहने वाले सुभाष सिंह पुत्र लल्लू सिंह पुत्र ल ल्लू सिंह के खिलाफ बहराइच जिले के मुर्तिहा था ना मैं पहले से तीन मुकदमे दर्ज हैं।जबकि प्रतापग ढ़ जिले के जेठवारा थाना क्षेत्र के रहने वाले कुल दीप सिंह पुत्र अखिलेश सिंह के खिलाफ प्रयागरा ज और बहराइच जिले के मूर्तिहा थाने को मिलाक र पांच मुकदमे दर्ज हैं।

### इनको मिली सफलता

गोंडा जिले की नवाबगंज पुलिस ने किसानों से ट्रै क्टर ठगी गैंग को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक विभव सिंह,उप निरीक्षक उमेश सिंह, हेड कांस्टेबल अभिषेक सिंह,हेड कांस्टेबल सुरेश याद व,अतुल सिंह, अखिलेश यादव तथा अभिषेक प्रथ म शामिल रहे।

# महिलाओं की समस्याओं पर आयुक्त सख्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर 'मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें देवीपाटन मंडल के चारों जिलों से आईं म हिलाओं की समस्याओं को मंडलायुक्त शशि भूष ण लाल सुशील ने सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए है।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम सुरती पुरवा, कोतवाली देहात निवासी सूर्यकला देवी ने शिकायत की कि उनके घर तक जाने वाले सार्वजनिक मार्ग पर कु छ लोगों ने अवैध रूप से टीन शेड लगाकर कब्जा कर लिया है। उन्होंने बताया कि विरोध करने पर विपक्षी मारपीट की धमकी देते हैं, जिससे उनके परिवार का आवागमन बाधित हो गया है।पूर्व में शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर मंडला युक्त ने कड़ा रुख अपनाया।उन्होंने उपजिलाधि कारी (एसडीएम) सदर को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर मामले की जांच कर विस्तृत रि पोर्ट प्रस्तुत करें।अवैध कब्जा पाए जाने पर उसे तत्काल हटवाकर पीड़िता को न्याय सुनिश्चित कि या जाए।वहीं,बहराइच के पयागपुर क्षेत्र की फुल झरा ने जालसाजी के जरिए संपत्ति हड़पने का आ रोप लगाया।उन्होंने बताया कि उनकी माता की मृत्यु के बाद जमीन उनके नाम हुई थी, लेकिन विपक्षीगणों ने फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र तैयार कर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया है।पुलिस स्तर पर सुनवाई न होने की शिकायत पर मंडलायु क्त ने पुलिस अधीक्षक गोंडा को प्रकरण की गहन जांच के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जालसाजी की पुष्टि होती है, तो दोषियों के विरुद्ध तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए,मंडला युक्त ने जोर देकर कहा कि 'मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद' का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि महिलाओं से जु ड़े संवेदनशील मामलों में किसी भी स्तर पर लाप रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।शासन की प्राथ मिकता पीड़ित महिलाओं को निष्पक्ष न्याय दिला ना है।

# होली मिलन समारोह से मजबूत होता है आपसी सौहार्द : रोहित सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**रजनपुर गांव में आयोजित होली मिलन समारोह में हेमंत ब्रजवासी के गीत पर झूम उठे श्रोता**

**राज्यमंत्री ब्लाक प्रमुख ग्राम प्रधानों के साथ हजारों लोगों ने कार्यक्रम में की शिरकत**

तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई के गांव रजनपुर में समाज सेवी रोहित सिंह द्वारा भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुम्बई की नामचीन हस्तियों एवं कलाकारों के गीतों पर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये और प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री ब्लाक प्रमुख सहित अन्य तमाम जनप्रतिनिधियों के साथ ही हजारों की संख्या में लोगों ने शिरकत किया।होली मिलन समारोह के आयोजक समाज सेवी रोहित सिंह ने कहा कि होली का त्यौहार हम सबको आपसी गिले शिकवे भुलाकर गले लगाने की सीख देता है। यह त्यौहार आपसी भाईचारा प्रेम और सौहार्द को मजबूत करता है।उन्होंने कहा कि मैं बाहर तो अपने नाम से जाना पहचानता हूं लेकिन गांव आते ही अपने पिता जी के नाम से जाना जाता हूं इसलिये हर व्यक्ति को अपनी जन्मभूमि से लगाव रखना चाहिये।होली मिलन समारोह में बालीवुड अभिनेता और बिग बास सीजन टू के विजेताअभिषेक कौशिक के साथ ही अन्य तमाम नामचीन हस्तियों ने शिरकत किया।होली मिलन समारोह में प्रसिद्ध गायक हेमंत बृजवासी, निकिता राजपूत, विनती सिंह और आकांक्षा त्रिपाठी जैसी कई नामचीन हस्तियों ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्रामीणांचल में आयोजित भव्य होली मिलन समारोह स्थल को आधुनिक और रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया था।कार्यक्रम का शुभारम्भ मासूम बालिका परु सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया तो समाज सेवी रोहित सिंह राजीव कुमार सिंह ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।इस मौके पर प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह,ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, धर्मेश मिश्रा, राकेश त्रिपाठी, प्रदीप सिंघल, देवी शरण बाजपेई, विकास सिंह,आशीष मिश्रा, राजेंद्र बहादुर सिंह, अवनेंद्र प्रताप सिंह, भास्कर सिंह, कर्ण बाजपेयी, मोहम्मद अशरफ,नवीन श्रीवास्तव, विनीत मिश्रा, संतोष तिवारी, शिव भूषण शुक्ला,मोनू जायसवाल, कर्मवीर सिंह, गुडडू सिंह, सुजीत मिश्रा, दुर्योधन सिंह, जगदीश त्रिवेदी, अरुण सोनी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## उपज को सुरक्षित रखने हेतु शीत गृह भण्डारित करें आलू: डीएचओ

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि वर्तमान में आलू खुदाई का सत्र प्रारम्भ है। आलू एक जल्दी खराब होने वाली फसल है, जिसके सही रख-रखाव से न केवल फसल की बर्बादी रुकती है, बल्कि किसानों को बाजार में बेहतर मूल्य भी प्राप्त होता है। खुदाई के उपरान्त आलू फसल को लम्बे समय तक सुरक्षित रखने के लिए कोल्ड स्टोर में भण्डारित करना आवश्यक होता है। श्री चौधरी ने कृषकों को सुझाव दिया है कि वर्तमान में तापमान में वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए अपनी उपज को सुरक्षित रखने हेतु जनपद में संचालित 05 कोल्ड स्टोरेज में भण्डारित करें।

भण्डारण के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में उन्होंने कृषकों को सुझाव दिया है कि कोल्ड स्टोरेज (शीत गृह) ले जाने से पूर्व आलू को छायादार स्थान पर फैलाकर सुखा लें। कटे-फटे, रोगग्रस्त और सड़े हुए आलुओं को स्वस्थ आलुओं से अलग कर दें ताकि संक्रमण न फैले। आलू को जूट के साफ बोरों में ही भरें। प्लास्टिक की बोरियों का उपयोग न करें, क्योंकि इससे हवा का संचार रुक जाता है और आलू सड़ने की संभावना बढ़ जाती है। आलू को खेतों से कोल्ड स्टोरेज तक ले जाते समय धूप से बचाएं। परिवहन के दौरान बोरों को तिरपाल से ढकना उचित रहता है। आलू भण्डारण में किसी प्रकार की समस्या होने पर जिला उद्यान अधिकारी, बहराइच के कार्यालय अथवा मो.न. 7388427352 पर सम्पर्क करें।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को भेजा जेल

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है ।पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है ।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर आपरेशन चक्रव्यूह अभियान एवं अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर महेश कुमार पुत्र झिंगुरी निवासी ग्राम सरैया तालुके दादरा थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब बाइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है ।इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## संगठन सेवा और समर्पण ही भाजपा का मूल मंत्र : सूर्य प्रताप शाही

देवरिया। जनपद देवरिया के पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भाजपा के बैतालपुर मंडल के ब्लाक सभागार में दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया। प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही और जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर वर्गों का उद्घाटन किया। इस अभियान के तहत सात सत्रों की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में सोशल मीडिया, एआई, नमो ऐप के कुशलतापूर्वक संचालन के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया । कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने संगठन, सेवा और समर्पण के प्रति कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया । उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में एआई टूल्स के उपयोग, सोशल मीडिया के प्रभावी संचालन और बूथ प्रबंधन से जुड़ी जानकारी दी जाएगी, ताकि संगठनात्मक कार्य को और अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाया जा सके। इसके साथ ही प्रशिक्षण शिविरों में कार्यकर्ताओं के रात्रि विश्राम को भी अनिवार्य किया गया है, जिससे आपसी समन्वय और संगठनात्मक जुड़ाव को मजबूत किया जा सके। भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं में विचारधारा की स्पष्टता लाना, संगठन को मजबूत करना और उन्हें जनसेवा के लिए अधिक सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण वर्ग का संचालन भाजपा नेता अवधेश सिंह ने किया । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, अजय शाही, महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, अभिषेक राय अंकुर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रभाकर राय मीडिया सह संपर्क प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पानी भरी बाल्टी में डूबकर मासूम की मौत

मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र स्थित मझिगवां मतवार गांव में सोमवार को पानी भरी बाल्टी में डूबने से डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बच्चे को आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मझिगवां मतवार गांव निवासी अरुण का डेढ़ वर्षीय पुत्र अंकित सोमवार दोपहर घर में अपनी दादी सुगनी के पास खेल रहा था। नींद आने पर दादी सो गई और इस बीच मासूम बच्चा प्यास लगने पर वह गिलास लेकर पानी पीने के लिए घर में रखी भरी बाल्टी के पास पहुंच गया। पानी निकालने के दौरान अचानक उसका पैर फिसला और वह सिर के बल बाल्टी के अंदर गिर गया। बाल्टी में पानी भरा होने के कारण वह बाहर नहीं निकल सका और डूबने से उसकी मौत हो गई।

घटना के समय बच्चे के माता-पिता खेत में सरसों की कटाई करने गए थे। करीब एक घंटे बाद जब पिता अरुण और माता राजकुमारी घर लौटे तो बच्चे को बाल्टी में पड़ा देख उनके होश उड़ गए।

# सरस मेले में मण्डलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्ष, डीएम व सीडीओ ने की खरीदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले मे महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामी ण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के द्वारा वेंकटाचार्य क्लब परिसर में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मण्डलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्ष गरिमा भूषण ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया।साथ ही सभी अधिकारियों ने उ त्पादों की खरीदारी भी की।अतिथियों ने स्वयं सहा यता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए वि भिन्न उत्पादों का अवलोकन किया तथा उनके का र्यों की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।प्रदर्शनी में महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई के वस्त्र, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, खाद्य सामग्री, सजावटी उत्पाद एवं अन्य स्थानीय उत्पादों को आकर्षक ढंग से प्र दर्शित किया गया था।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने महिलाओं से संवाद कर उनके कार्यों, उत्पाद निर्माण की प्रक्रिया तथा विपणन से संबंधि त अनुभवों की जानकारी प्राप्त की।मण्डलीय आ कांक्षा समिति की अध्यक्ष गरिमा भूषण ने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। इस प्रकार के आयोजनों से महिलाओं को अपने उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का अवसर मिलता है, जिससे उनकी आय में वृद्धि होती है और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलता है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि जनपद में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं विभिन्न प्रका र के गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार कर रही हैं। प्रशास न का प्रयास है कि इन उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराया जाए, जिससे महिलाओं की आय बढ़े और उनका आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिक रण हो सके।मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने भी समूह की महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण महिलाएं स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं और समाज में एक स कारात्मक परिवर्तन ला रही हैं।कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने सभी स्टालों का निरीक्षण कर महि लाओं का उत्साहवर्धन किया तथा भविष्य में भी इ स प्रकार के आयोजनों को बढ़ावा देने की बात क ही।कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक निवेश निधि के मद में 2584 एसएचजी और रिवाल्विंग फंड के मद में 1422 एसएचजी को कुल 43.2 करोड़ रु पए का डेमो चेक दिया गया है।कार्यक्र म में जिला धिकारी प्रियंका निरंजन,मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन,डीसी एनआरएलएम जे.एन.राव स हित अन्य संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे ।

# जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी संजीवनी

**वीएचएसएनडी सत्रों के लिए आशाओं को मिलीं 17 प्रकार की सामग्रियां**

**1.12 लाख से अधिक लाभार्थी होंगे हर माह लाभान्वित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाले वीएचएसएनडी (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्रों को अब और अधिक प्रभावी व सुदृढ़ बनाया जा रहा है। सत्रों में संसाधनों की कमी को दूर करने के लिए सीएमओ की विशेष पहल पर ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएसएनसी) फंड का उपयोग किया गया है। इसके तहत जिले की आशा कार्यकर्ताओं को 17 प्रकार की आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सीधा सुधार देखने को मिलेगा। डीसीपीएम मो. राशिद ने बताया कि जिले के सभी राजस्व ग्रामों में प्रत्येक माह के बुधवार और शनिवार को 4500 सार्वजनिक स्थानों पर वीएचएसएनडी सत्र आयोजित किए जाते हैं। इनके माध्यम से करीब 1.12 लाख से अधिक लाभार्थियों, जिनमें गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं और बच्चे शामिल हैं, उन्हें टीकाकरण, पोषण परामर्श और स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं दी जाती हैं। पहले कई स्थानों पर आवश्यक संसाधनों की कमी से सत्रों के संचालन में दिक्कतें आती थीं, जिसे अब दूर कर लिया गया है।

डीसीपीएम ने बताया कि वीएचएसएनसी फंड का संचालन ग्राम प्रधान और आशा के संयुक्त हस्ताक्षर से होता है। सरकार इसमें हर साल 10 हजार रुपये देती है। इस वर्ष इस फंड से सत्रों को बेहतर बनाने के लिए जरूरी उपकरण खरीदे गए हैं। डीसीपीएम ने बताया कि इस फंड से आशाओं के लिए 17 प्रकार की जरूरी वस्तुएं खरीदी गई हैं। इनमें कुर्सी, मेज, हैंगिंग स्केल, एमयूएसी टेप, चटाई, टॉर्च, बैग, टीकाकरण ट्रैकिंग रजिस्टर, बाल्टी, मग, कूड़ेदान, जग-गिलास सेट, वैक्सीन रखने की ट्रे, पेन पैकेट, थर्मामीटर, बेबी ब्लैंकेट और हैंडवॉश शामिल हैं।

नई सामग्रियां पाकर आशा कार्यकर्ताओं में भी खासा उत्साह है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि संसाधनों की उपलब्धता से वीएचएसएनडी सत्रों का संचालन अब अधिक व्यवस्थित और सुचारु तरीके से किया जा सकेगा। बच्चों का वजन मापना, कुपोषण की सटीक पहचान करना, टीकाकरण का रिकॉर्ड रखना और स्वच्छता बनाए रखना पहले की तुलना में बहुत आसान हो जाएगा। हमारा उद्देश्य गांवों में ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाना है।

## आलू उत्पादक किसान समय से करें शीतगृह में भण्डारण : जिला उद्यान अधिकारी

अमेठी । जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह ने जनपद के आलू उत्पादक किसानों से अपील करते हुए कहा है कि आलू की खुदाई के बाद उसे शीघ्र ही शीतगृह में भण्डारित कर दें जिससे फसल की गुणवत्ता सुरक्षित रहे और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में वर्ष 2026 में तीन निजी शीतगृह संचालित हैं जिनमें मैसर्स कामद कोल्ड स्टोरेज एण्ड आइस फैक्ट्री बघवरिया दुर्गापुर मार्ग अमेठी, मैसर्स मनसा कोल्ड स्टोरेज आइस फैक्ट्री दुर्गापुर रामगंज अमेठी तथा मैसर्स गुरु नानक कोल्ड स्टोरेज बहादुरपुर जायस शामिल हैं। इन शीतगृहों की कुल भण्डारण क्षमता 17,115.57 मीट्रिक टन है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि सोलह मार्च तक इन शीतगृहों में लगभग दो हजार पांच सौ अठहत्तर मीट्रिक टन आलू का भण्डारण किया जा चुका है जबकि वर्तमान में आलू की खुदाई का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि खुदाई के बाद यदि आलू का तत्काल शीतगृह में भण्डारण नहीं किया जाता है तो बढ़ते तापमान के कारण आलू में सड़न शुरू हो जाती है ।

# होली मिलन बढ़ाता है समाज में भाईचारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं बीसलपुर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी दिव्या पी गंगवार के निज निवास पर होली मिलन समारोह एवं चौपाई समागम का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया, जो दिव्या पी गंगवार जी एवं चौ० प्रदीप सिंह पटेल (फाउंडर, कला ईश फाउंडेशन रजि. के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक सम्मानित जनप्रतिनिधि, समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।होली के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश दिया। चौपाई समागम के दौरान भक्तिमय वातावरण में भगवान श्रीराम के गुणगान की चौपाइयों का गायन किया गया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक है, जो समाज में आपसी सद्भाव और सामाजिक समरसता को मजबूत करता है। इस प्रकार के आयोजन समाज को जोड़ने और सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं।इस अवसर पर दिव्या गंगवार ने सभी आगंतुकों, अतिथियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम समाज में प्रेम और एकता को बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया।होली मिलन समारोह एवं चौपाई समागम कार्यक्रम के दौरान सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा जी ने अपने संबोधन में कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमें भेदभाव भूलकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटने और समाज में एकता व सद्भाव को मजबूत करने का संदेश देता है।उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन पधदद्वद्रूप्भ को जोड़ने का काम करते हैं तथा नई पीढ़ी को हमारी परंपराओं और संस्कारों से जोड़ते हैं। समाजवादी पार्टी हमेशा से समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का कार्य करती रही है।जगदेव सिंह जग्गा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए दिव्या पी गंगवार जी को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और समाज में प्रेम, एकता और भाईचारे को बनाए रखने का आह्वान किया।

होली मिलन समारोह एवं चौपाई समागम कार्यक्रम के दौरान पूर्व सदस्य विधान परिषद अमित यादव रिंकू भैया जी ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का प्रतीक है। ऐसे सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम समाज में एकता और सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, सपा जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव, सपा जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, जावेद अंसारी सोशलिस्ट, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट, सयुस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान, अमित पाठक एडवोकेट, 129 विधानसभा अध्यक्ष पूरनपुर संजय सिंह यादव, पलविंदर सिंह, महिला सभा विधानसभा अध्यक्ष ठाकुर मीता सिंह, जयपाल सिंह, रेखा देवी, अनिल कुमार शर्मा, पंकज, मुकेश पाठक, महेश वर्मा सहित तमाम सम्मानित क्षेत्रवासी, नेतागण, कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उच्च अधिकारियों के आदेशों का पालन न करना सचिवों को पड़ गया महंगा, डीएम ने रोका वेतन, मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। ग्राम पंचायतो में किए जा रहे विकास कार्यों की रिपोर्ट समय पर उपलब्ध न करना कई सचिवों को महंगा पड़ गया जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने मामले को गंभीरता लेते हुए दो सचिवों का वेतन रोक दिया है। वेतन रुकने की सूचना मिलते ही अन्य सचिवों में हड़कंप मच गया है। जनपद की लगभग 50 ग्राम पंचायत में आरसीसी एवं वर्मी कंपोस्ट संचालन प्रगति, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत ग्राम पंचायत को दी गई क्रेडिट लिमिट के सापेक्ष भुगतान, जनपद के चिन्हित 21 ग्राम पंचायतो में अन्नपूर्णा भवन निर्माण एवं उपभोग प्रमाण पत्र जमा किए जाने की प्रगति, जनपद के अवशेष विद्यालय में फर्नीचर उपलब्धता, डिजिटल लाइब्रेरी समीक्षा, पंचायत भवन निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, जन सेवा केंद्र संचालक एवं फैमिली आईडी प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक में सूचनाओ सहित प्रतिभाग करने के निर्देश दिए गए थे। किंतु कई ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा बिना किसी सूचना के बैठक में अनुपस्थित रहे। जिससे उनके कार्य क्षेत्र की ग्राम पंचायत की समीक्षा नहीं हो पाई जो उच्च अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना है। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी राजा तोमर एवं पंकज आर्य का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोक दिया है। मामले की जानकारी लगते ही जनपद पीलीभीत के अन्य विकास खंडो में तैनात कई सचिवों में हड़कंप मचा हुआ है।



## मरौरी ब्लॉक के अंतर्गत कई गांवों में जल अर्पण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकासखंड मरौरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरी अलीगंज में सोमवार को पेयजल योजना के अंतर्गत जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने फीता काटकर किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने ग्राम वासियों से पेयजल योजना से समुचित जल का उपयोग करने के साथ जल संरक्षण संयोजन के लिए ग्राम वासियों को प्रेरित किया है।उन्होंने कहा कि जल स्रोतों को सुरक्षित रखने तथा योजना का दुरुपयोग रोकना हम सभी की सामूहिक रूप से जिम्मेदारी है। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कहा कि सभी ग्रामवासी इस योजना का अधिकांश लाभ उठाएं तथा स्वच्छ पेयजल उपलब्धता को ग्राम के बेहतर स्वास्थ्य और विकास से जोड़कर देखें कार्यक्रम के दौरान पेयजल योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए ग्राम वासियों को जागरूकता संदेशों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल जल संरक्षण एवं जल संचय के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों को जल के समुचित प्रयोग,जल स्रोतों के संरक्षण तथा भविष्य की जरूरत को ध्यान रखते हुए जल बचाने का संदेश दिया गया इस अवसर पर जल निगम के सहायक अभियंता मोहम्मद हनीफ, मनोज कुमार गौतम, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे हैं।

## कार्यालयाध्यक्ष व आहरण वितरण अधिकारी समय से कोषागार में प्रस्तुत करें बिल : डीएम

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार ने जनपद के सभी विभागाध्यक्षों एवं आहरण–वितरण अधिकारियों को सूचित करते हुए बताया कि शासन द्वारा कोषागारों में बिल प्राप्त करने की अंतिम तिथि पच्चीस मार्च निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि को कार्य की अधिकता को देखते हुये कोषागार सायं सात बजे तक खुला रहेगा तथा इसी समयावधि तक बिल से संबंधित समस्त कार्य संपादित किये जायेंगे। इस सम्बंध में जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा जनपद के सभी कार्यालयाध्यक्षों एवं आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अपने विभागों के उपलब्ध बजट के सापेक्ष समस्त बिलों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूर्ण सावधानी और गहन परीक्षण के बाद ही समय से कोषागार में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि समय के भीतर बिल प्रस्तुत होने से कोषागार द्वारा उनका पारण समय से किया जा सकेगा तथा विभागों द्वारा शत–प्रतिशत बजट का उपयोग सुनिश्चित होगा जिससे धनराशि समर्पण की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय अन्यथा की स्थिति में संबंधित विभाग के कार्यालयाध्यक्ष अथवा आहरण वितरण अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित की जायेगी।

## क्लाईमेट स्मार्ट विलेज वे फारवर्ड विषयक कार्यशाला आज

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि आकांक्षी जनपद बहराइच अन्तर्गत परियोजना समन्वयक ग्रामीण डेवलपमेंट सर्विसेज/आई.टी.सी. ''मिशन सुनहरा कल'' द्वारा 17 मार्च 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कृषि भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में ''क्लाईमेट स्मार्ट विलेज वे फारवर्डङ्क विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा द्वारा सभी सम्बन्धित से ससमय कार्यशाला में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गई है।

## बिजली, गैस और आवारा पशुओं की समस्या को लेकर भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने किसानों और आम जनता से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार दोपहर 12:30 पर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। तहसील अध्यक्ष महिपाल सिंह (लालू) मंडल उपाध्यक्ष रंगीले खा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बिजली कटौती, गैस की किल्लत, खाद–बीज की उपलब्धता और आवारा पशुओं की समस्या प्रमुख रूप से उठाई गई।किसान यूनियन ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती से किसान और आम उपभोक्ता दोनों परेशान हैं, वहीं बिजली दरों में बढ़ोतरी से लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इसके अलावा गैस बुकिंग कराने के बावजूद समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने गैस की संभावित कालाबाजारी पर रोक लगाने की भी मांग की। ज्ञापन में किसानों के लिए खाद और बीज की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग के साथ ही आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान का मुद्दा भी उठाया गया। किसानों ने पशुओं के लिए स्थायी पशुशालाएं बनवाने की मांग की। साथ ही माधोटांडा फाटक पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए वहां एक गार्ड तैनात करने की भी मांग की गई।

## नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी के खिलाफ डीएम से शिकायत, मचा हड़कंप

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील में नायब तहसीलदार पर रजिस्टर्ड वसीयत को नजरअंदाज कर आदेश देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की गई है। अधिवक्ता यूनुस खान ने सोमवार दोपहर तीन बजे डीएम को भेजे पत्र में मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि तहसील में बिना पैसे के काम नहीं हो रहा और गरीब लोगों को न्याय पाने में परेशानी उठानी पड़ रही है। आरोप है कि राजकुमार बनाम सुखदेवी के बीच चल रहे प्रकरण में पंजीकृत वसीयत होने के बावजूद नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ने उसे दरकिनार कर आदेश जारी कर दिया। साथ ही वसीयत पाने वाले पक्ष की पूरी बात सुने बिना ही फैसला कर दिया गया।शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि मामला सिविल न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद आदेश पारित कर दिया गया। डीएम से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

## पुलिस की मौजूदगी में गन्ने की फसल जबरन कटवाने का आरोप, मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हजारा थाना क्षेत्र के चंदिया हजारा निवासी सुमित्रा सरकार पत्नी ऋषिकेश सरकार ने पुलिस अधीक्षक एवं मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर उनकी गन्ने की खड़ी फसल जबरन कटवाने का आरोप लगाया है।
सुमित्रा सरकार का कहना है कि पुनर्वासन विभाग की ओर से उन्हें लगभग तीन एकड़ भूमि आवंटित की गई है, जिस पर उन्होंने गन्ने की फसल बोई थी।
आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में मजदूरों से उनकी गन्ने की फसल कटवा दी। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनसे अभद्रता करते हुए उन्हें मौके से भगा दिया। पीड़िता का कहना है कि उक्त भूमि से संबंधित मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसके बावजूद जबरन फसल कटवा दी गई। पीड़िता ने मामले में मुख्यमंत्री पोर्टल और पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

## बदायूं दोहरे हत्याकांड को लेकर जितिन प्रसाद ने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी से की मुलाकात

पूरनपुर।बदायूं में हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड के मामले को लेकर जितिन प्रसाद, सांसद पीलीभीत एवं केंद्रीय मंत्री, ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने घटना की पूरी जानकारी देते हुए मामले में आवश्यक कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात रखी बताया जा रहा है कि यह मामला बदायूं में हुए दोहरे हत्याकांड से जुड़ा है, जिससे क्षेत्र में काफी आक्रोश और चिंता का माहौल है मुलाकात के दौरान सांसद जितिन प्रसाद ने घटना की गंभीरता को रेखांकित करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि पीड़ित परिवार के साथ न्याय होना चाहिए और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी लेकर उचित कदम उठाए जाएंगे इस घटना के बाद से लगातार जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हैं इससे पहले भी स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारी पीड़ित परिवार से मिल चुके हैं और मामले की जांच जारी है।

# गैस की किल्लत पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। रसोई गैस की भारी किल्लत और आसमान छूती कीमतों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सरकार विरोधी नारेबाजी की और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस नेता राजेश तिवारी ने केंद्र सरकार की विदेश नीति और प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत पहले रूस और ईरान से सस्ते दामों पर और भारतीय मुद्रा (रुपये) में गैस खरीदता था, लेकिन मौजूदा सरकार ने इन देशों से संबंध खराब कर लिए हैं। तिवारी ने कहा कि आज भारत अमेरिका से आठ गुना अधिक दाम पर गैस खरीद रहा है, जिसे भारत पहुंचने में 45 दिन लगते हैं। जबकि ईरान से गैस केवल सात दिन में आ जाती थी। राजेश तिवारी ने इसे प्रधानमंत्री की विदेश नीति की बड़ी विफलता बताया। उन्होंने राहुल गांधी के बयान 'नरेंद्र सरेंडर' का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अमेरिकी दबाव में आकर अपने पुराने मित्र देशों का साथ छोड़ दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री के पुराने बयानों का हवाला देते हुए उन पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। तिवारी ने कहा, ल्लप्रधानमंत्री ने अपना नाम बचाने के लिए देश की ऊर्जा सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। आज गरीब के घर में चूल्हा नहीं जल रहा क्योंकि सिलेंडर गायब हैं और जो हैं वो इतने महंगे हैं कि आम आदमी की पहुंच से बाहर हैं।ल्ल इस प्रदर्शन में राहुल तिवारी, रंजीत सिंह सलूजा, सलाउद्दीन हाश्मी, शरद श्रीवास्तव सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसोसिएशन ने बीमा वेतन और सामाजिक सुरक्षा की आवाज उठाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले में आपदा मित्र एसोसिएशन ने भारत सरकार के गृह मंत्री और जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में आपदा मित्रों के लिए बीमा राशि बढ़ाने, न्यूनतम वेतनमान लागू करने और सामाजिक सुरक्षा सहित सात प्रमुख मांगें रखी गई हैं।एसोसिएशन ने बताया कि वर्ष 2018 से आपदा मित्र उत्तर प्रदेश सरकार और राहत आयुक्त के निर्देशों का पालन करते हुए विभिन्न आपदा प्रबंधन कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कोरोना काल, माघ मेला, कुंभ मेला, गणतंत्र दिवस परेड, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और मॉक ड्रिल जैसी गतिविधियों में प्रशासन के साथ मिलकर काम किया है। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री और राहत आयुक्त द्वारा आपदा मित्रों को दिए गए प्रोत्साहनों का भी उल्लेख किया। इनमें गोरखपुर, वाराणसी और बलिया के 105 आपदा मित्रों को टैबलेट और वर्दी का वितरण, होमगार्ड भर्ती में 3 अतिरिक्त अंक, डीजी वॉकर सर्टिफिकेट तथा 3 साल के लिए 5 लाख रुपये का जीवन एवं दुर्घटना बीमा कवर शामिल है। साथ ही, उन्हें सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था से जोड़ने का वादा भी किया गया था। आपदा न्यूनीकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, उत्तर प्रदेश आपदा मित्र एसोसिएशन ने सरकार से 5 लाख रुपये की बीमा राशि को बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने की मांग की है। इसके अतिरिक्त, सभी आपदा मित्रों को सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, मुख्यमंत्री सुरक्षित विद्यालय योजना और अग्निशमन सेवाओं में कर्मचारी घोषित करने की भी मांग की गई है। एसोसिएशन ने स्वास्थ्य बीमा, ईएमआई, पीएफ और सेवानिवृत्ति सहित अन्य सुविधाओं के साथ सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देने की भी मांग की है। साथ ही, सभी आपदा मित्रों के लिए 26,910 रुपये प्रति माह का न्यूनतम वेतनमान सुनिश्चित करने की बात कही गई है। अन्य मांगों में सरकार द्वारा स्वीकृत आपदा कार्यालयों में आपदा मित्रों की बहाली, मानसून से पहले बीमा पॉलिसी, डीजी वॉकर सर्टिफिकेट, बैंक केवाईसी कार्ड और ड्रेस किट उपलब्ध कराना शामिल है। एसोसिएशन ने सभी आपदा मित्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने और उनके सभी कार्य दिवसों का तत्काल भुगतान करने की भी अपील की है।

# ब्राह्मण/पंडित समाज के अपमान के विरोध पर कांग्रेसियों में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण/पंडित समाज के कथित अपमान के विरोध में कांग्रेसियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। यह ज्ञापन जिला कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश में ब्राह्मण समाज के साथ हो रहे कथित भेदभाव और हाल ही में आयोजित यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में पूछे गए विवादित प्रश्न पर कड़ी आपत्ति जताई। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कुछ समय पूर्व प्रयागराज में आयोजित माघ मेले के दौरान धर्माचार्य स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को कथित रूप से अपमानित किए जाने की घटना ने भी समाज की भावनाओं को आहत किया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ऐसी घटनाएं समाज में असंतोष और आक्रोश पैदा करती हैं। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक

**किसी भी समाज का अपमान लोकतांत्रिक मूल्यों के है खिलाफ: अभिषेक सिंह राणा**

सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश में लगातार ब्राह्मण/पंडित समाज की भावनाओं को आहत करने वाली घटनाएं सामने आ रही हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का अपमान लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। पीसीसी सदस्य प्रमोद मिश्र ने मांग की कि विवादित प्रश्न की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा परीक्षार्थियों को न्याय दिलाया जाए।

वहीं वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार के शासनकाल में समाज के विभिन्न वर्गों के साथ अन्याय और भेदभाव की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सामाजिक सद्भाव और सभी जाति-धर्म के सम्मान की पक्षधर रही है।

## पंच प्रयाग आश्रम न्यूरिया में हनुमान रक्षा दल संगठन का विस्तार

पीलीभीत।जनपद के न्यूरिया क्षेत्र में हनुमान रक्षा दल संगठन के विस्तार को लेकर एक बैठक आयोजित की गई बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने पर जोर दिया गया कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों ने कहा कि हनुमान रक्षा दल समाज सेवा, धर्म रक्षा और जनहित के कार्यों के लिए लगातार सक्रिय है संगठन के विस्तार के तहत कई नए सदस्यों को जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि युवाओं को सामाजिक कार्यों में आगे आना चाहिए और संगठन के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए इस मौके पर क्षेत्र के कई युवाओं ने संगठन की सदस्यता भी ग्रहण की कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का संकल्प लिया सभी अतिथियों ने भारत माता के चित्र एवं श्री हनुमान जी के चित्र के समीप दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पण किया और कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाअध्यक्ष अमित गुप्ता ने की संरक्षक स्वतंत्र देवल ने संगठन की नीतियों एवं संस्कारों पर विस्तार से जानकारी दी मुख्य वक्ता के रूप में जगदीश सक्सेना ने शताब्दी वर्ष पर संपूर्ण भारत में चल रहे हिंदू सम्मलेन के जरिए हिंदू समाज को जोड़ने की चर्चा की।

# दो बाइकों की आपस में टक्कर बाइक सवार घायल, अस्पताल में भर्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लम्भुआ/सुल्तानपुर। लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र स्थित नरहरपुर के पास सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। सूचना मिलने पर 1033 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लम्भुआ में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुलतानपुर निवासी जुनेद अपनी चाची के साथ बाइक से कोइरीपुर स्थित अपने घर जा रहे थे। नरहरपुर के पास एक मोड़ पर पहुंचते ही सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं।घटना की जानकारी मिलते ही 1033 एंबुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची। एंबुलेंस कर्मियों ने घायलों को तुरंत सीएचसी लम्भुआ पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को घर भेज दिया। चिकित्सकों के मुताबिक, अब दोनों घायलों की हालत स्थिर और खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## ब्लॉक सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना पर एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

पूरनपुर। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत सोमवार दोपहर तीन बजे विकासखंड स्तर पर ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) को प्रभावी ढंग से तैयार करने के उद्देश्य से एक दिवसीय अनवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड सभागार में किया गया। प्रशिक्षण में प्रत्येक ग्राम पंचायत से तीन सदस्यों–ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत समिति के अध्यक्ष सदस्य तथा ग्राम पंचायत सचिव व पंचायत सहायक–को प्लानिंग फ़ेसिलिटेशन टीम के रूप में प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने ग्राम पंचायत विकास योजना की रूपरेखा, योजना निर्माण की प्रक्रिया, स्थानीय आवश्यकताओं के आकलन तथा सरकारी योजनाओं के समन्वय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभागियों को बताया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की प्राथमिकता तय कर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास संभव हो सके।कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए ग्राम पंचायतों में विकास योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने का संकल्प लिया।

## सम्पादकीय

# संकट में ऊर्ज़ा

आज की दुनिया को अक्सर श्वैश्विक गांवश कहा जाता है। तकनीक, व्यापार और संचार के विस्तार ने देशों को इतना परस्पर जुड़ा हुआ बना दिया है कि विश्व के किसी भी हिस्से में घटित घटना का प्रभाव सीमाओं से परे जाकर अन्य देशों तक पहुंच जाता है। पश्चिम-एशिया में हाल ही में बढ़े सैन्य तनाव और युद्ध की स्थिति ने इस वास्तविकता को एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई और उसके बाद उत्पन्न भू-राजनीतिक संकट ने केवल क्षेत्रीय सुरक्षा को ही नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्ज़ा आपूर्ति और आर्थिक स्थिरता को भी प्रभावित किया है। इसका असर भारत जैसे ऊर्ज़ा-आयातक देशों पर विशेष रूप से दिखाई दे रहा है। पश्चिम एशिया विश्व की ऊर्ज़ा राजनीति का केंद्र माना जाता है। तेल और गैस के विशाल भंडार के कारण यह क्षेत्र दशकों से वैश्विक अर्थव्यवस्था की ऊर्ज़ा आवश्यकताओं की पूर्ति करता रहा है, लेकिन जब भी इस क्षेत्र में संघर्ष या अस्थिरता पैदा होती है, तो उसका सीधा असर वैश्विक ऊर्ज़ा बाजार पर पड़ता है। वर्तमान संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय ऊर्ज़ा आपूर्ति श्रृंखला में बाधा उत्पन्न हुई है, जिसका प्रभाव कई देशों के साथ-साथ भारत पर भी दिखाई देने लगा है। भारत में एलपीजी (लिक्वीफाइड पैट्रोलियम गैस) गैस-सिलेंडरों की आपूर्ति में देरी, बुकिंग की अवधि में वृद्धि और होटल-रेस्टोरेंट उद्योग में गैस की कमी जैसी समस्याएं इसी व्यापक संकट की ओर संकेत करती हैं। भारत की ऊर्ज़ा संरचना को समझे बिना इस समस्या की गंभीरता को नहीं समझा जा सकता। भारत विश्व के सबसे बड़े ऊर्ज़ा उपभोक्ताओं में से एक है, लेकिन उसकी घरेलू ऊर्ज़ा उत्पादन क्षमता अभी भी सीमित है। एलपीजी की मांग का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा किया जाता है और इन आयातों का अधिकांश भाग पश्चिम एशियाई देशों से आता है। ऐसी स्थिति में यदि उस क्षेत्र में युद्ध या परिवहन मार्गों में बाधा उत्पन्न होती है, तो उसका सीधा प्रभाव भारत की ऊर्ज़ा आपूर्ति पर पड़ना स्वाभाविक है। भारत में रसोई गैस केवल एक घरेलू ईंधन नहीं रह गई है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। पिछले दशक में विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से करोड़ों परिवारों को श्एलपीजीश कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम हुई है, लेकिन इस बढ़ती सहूलियत के साथ-साथ आयात पर बढ़ती निर्भरता भी एक चुनौती बनकर सामने आई है। यदि वैश्विक संकट के कारण गैस की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो इसका असर केवल घरों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि छोटे व्यापार, होटल-रेस्टोरेंट उद्योग और खाद्य क्षेत्र पर भी पड़ता है। ऊर्ज़ा संकट का आर्थिक प्रभाव भी कम गंभीर नहीं होता। ऊर्ज़ा की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। परिवहन, उद्योग और उत्पादन की लागत बढ़ जाती है, जिससे वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ती हैं। इसका सबसे अधिक प्रभाव आम नागरिकों पर पड़ता है। इसलिए ऊर्ज़ा आपूर्ति में किसी भी प्रकार की अनिश्चितता किसी भी देश की आर्थिक स्थिरता के लिए चुनौती बन सकती है। ऐसी परिस्थितियों में भारत की विदेश नीति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है और उसकी विदेश नीति परंपरागत रूप से संतुलन, संवाद और शांति के सिद्धांतों पर आधारित रही है। भारत के संबंध पश्चिम-एशिया के लगभग सभी प्रमुख देशों के साथ हैं - चाहे वह इजराइल हो, ईरान हो या अरब देश। इसलिए भारत के सामने चुनौती यह है कि वह अपनी कूटनीतिक संतुलन क्षमता को बनाए रखते हुए क्षेत्र में शांति और स्थिरता की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाए। भारत की विदेश नीति का मूल आधार हमेशा से यह रहा है कि वह किसी भी संघर्ष में पक्ष लेने के बजाय संवाद और कूटनीति के माध्यम से समाधान का समर्थन करे। आज भी यही दृष्टिकोण सबसे उपयुक्त प्रतीत होता है।

# मध्यप्रदेश की सुगम संपर्कता परियोजना: अब सड़क से समृद्धि और शिक्षा की यात्रा

मध्यप्रदेश जैसे विशाल और ग्रामीण बाहुल्य राज्य में विकास की असली कसौटी शहरों की चमक नहीं, बल्कि गांवों और मजरे-टोलो की बुनियादी सुविधा और संपर्क व्यवस्था होती है। किसी भी समाज की प्रगति तब सार्थक मानी जाती है जब विकास की धारा अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं होती, बल्कि वह अवसरों, संभावनाओं और समृद्धि की राह भी खोलती है। ऐसे समय में जब राज्य सरकार ने सुगम संपर्कता परियोजना की शुरुआत की है, तो इसे ग्रामीण खासकर मजरे-टोलो पर जीवन की वास्तविक जरूरतों को समझते हुए उठाया गया एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम माना जा सकता है। मध्यप्रदेश के हजारों गांवों और बस्तियों की एक बड़ी समस्या यह रही है कि ये आज भी संपर्क सुविधाओं से पूरी तरह नहीं जुड़ सके हैं। बरसात के मौसम में कच्चे रास्ते कीचड़ में तब्दील हो जाते हैं, आवागमन लगभग ठप पड़ जाता है और शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार तथा प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच बाधित हो जाती है। कई बार यह दूरी केवल भौगोलिक नहीं होती, बल्कि विकास की मुख्यधारा से अलगाव का प्रतीक बन जाती है। यही कारण है कि ग्रामीण संपर्कता को विकास की बुनियादी शर्त माना जाता है। राज्य सरकार की सुगम संपर्कता परियोजना इसी वास्तविकता को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इस योजना के तहत 100 से अधिक आबादी वाले मजरा-टोले, दूरस्थ बस्तियों और चिन्हित स्थानों को सड़क सुविधा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। यह केवल सड़क निर्माण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का एक समग्र प्रयास है। सड़कें बनती हैं तो केवल रास्ते नहीं खुलते, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और सामाजिक अवसरों के नए द्वार भी खुलते हैं। इस योजना का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसका क्रियान्वयन वीबी जीराम-जी (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के माध्यम से किया जाएगा। वीबी जीराम जी का मूल उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन समय के साथ यह ग्रामीण आधारभूत ढांचे के निर्माण का भी प्रभावी माध्यम बन गया है। जब सड़क जैसे स्थायी विकास कार्य वीबी जीराम जी के माध्यम से किए जाते हैं, तो इससे दोहरा लाभ मिलता है। एक ओर ग्रामीण मजदूरों को रोजगार मिलता है और दूसरी ओर गांवों को स्थायी विकास सुविधाएं प्राप्त होती हैं। इस योजना में जनपद पंचायतों को तीन करोड़ रुपये तक की स्वीकृति देने का अधिकार भी एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय है। सामान्यतः विकास योजनाओं में वित्तीय स्वीकृति के लिए लंबी प्रशासनिक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक देरी होती है। लेकिन जब जनपद पंचायतों को तीन करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को स्वीकृति देने का अधिकार मिलता है, तो स्थानीय स्तर पर निर्णय प्रक्रिया तेज हो जाती है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप योजनाएं जल्दी तैयार और लागू की जा सकती हैं। यह व्यवस्था प्रशासनिक विकेंद्रीकरण की उस सोच को भी मजबूत करती है, जिसमें स्थानीय संस्थाओं को अधिक अधिकार और जिम्मेदारी देकर विकास को गति देने का प्रयास किया जाता है। परियोजना में तकनीक का उपयोग भी इसे आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सड़कों के निर्माण के लिए स्थान चयन और डीपीआर तैयार करने में सिपरी सॉफ्टवेयर और अन्य डिजिटल प्रणालियों का उपयोग किया जाएगा। इससे योजनाओं का चयन अधिक वैज्ञानिक और तथ्य आधारित हो सकेगा। कई बार विकास योजनाओं के चयन को लेकर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन यदि तकनीक आधारित प्रणाली अपनाई जाती है तो पारदर्शिता और निष्पक्षता दोनों को मजबूती मिलती है। इसके साथ ही निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग करने का निर्णय भी उल्लेखनीय है। आज के समय में प्रशासनिक दक्षता केवल योजनाओं की घोषणा से नहीं, बल्कि उनके क्रियान्वयन की गुणवत्ता से तय होती है। ड्रोन निगरानी से निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता पर सतत नजर रखी

मध्यप्रदेश के हजारों गांवों और बस्तियों की एक बड़ी समस्या यह रही है कि ये आज भी संपर्क सुविधाओं से पूरी तरह नहीं जुड़ सके हैं। बरसात के मौसम में कच्चे रास्ते कीचड़ में तब्दील हो जाते हैं, आवागमन लगभग ठप पड़ जाता है और शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार तथा प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच बाधित हो जाती है। कई बार यह दूरी केवल भौगोलिक नहीं होती, बल्कि विकास की मुख्यधारा से अलगाव का प्रतीक बन जाती है। यही कारण है कि ग्रामीण संपर्कता को विकास की बुनियादी शर्त माना जाता है। राज्य सरकार की सुगम संपर्कता परियोजना इसी वास्तविकता को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इस योजना के तहत 100 से अधिक आबादी वाले मजरा-टोले, दूरस्थ बस्तियों और चिन्हित स्थानों को सड़क सुविधा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। यह केवल सड़क निर्माण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का एक समग्र प्रयास है। सड़कें बनती हैं तो केवल रास्ते नहीं खुलते, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और सामाजिक अवसरों के नए द्वार भी खुलते हैं। इस योजना का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसका क्रियान्वयन वीबी जीराम-जी (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के माध्यम से किया जाएगा। वीबी जीराम जी का मूल उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन समय के साथ यह ग्रामीण आधारभूत ढांचे के निर्माण का भी प्रभावी माध्यम बन गया है। जब सड़क जैसे स्थायी विकास कार्य वीबी जीराम जी के माध्यम से किए जाते हैं, तो इससे दोहरा लाभ मिलता है। एक ओर ग्रामीण मजदूरों को रोजगार मिलता है और दूसरी ओर गांवों को स्थायी विकास सुविधाएं प्राप्त होती हैं। इस योजना में जनपद पंचायतों को तीन करोड़ रुपये तक की स्वीकृति देने का अधिकार भी एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय है। सामान्यतः विकास योजनाओं में वित्तीय स्वीकृति के लिए लंबी प्रशासनिक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक देरी होती है।

जा सकेगी। इससे अनियमितताओं को समय रहते रोका जा सकेगा और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। हालाँकि किसी भी योजना की सफलता उसकी घोषणा से नहीं, बल्कि उसके प्रभावी क्रियान्वयन से तय होती है। मध्यप्रदेश में पहले भी कई सड़क और ग्रामीण विकास योजनाएँ लागू की गई हैं, जिनसे सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। लेकिन यह भी सच है कि कई बार निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठते रहे हैं या योजनाएं समय पर पूरी नहीं हो पातीं। इसलिए सुगम संपर्कता परियोजना की सफलता के लिए यह आवश्यक होगा कि प्रशासनिक स्तर पर सख्त निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, इस बात को भी मध्य प्रदेश सरकार ने इस योजना में ध्यान रखा है। सड़क का महत्व केवल आवागमन तक सीमित नहीं होता। सड़कें गांवों की अर्थव्यवस्था को गति देती हैं। जब किसी गांव तक पक्की सड़क पहुंचती है तो किसान अपनी उपज को आसानी से बाजार तक ले जा सकते हैं, व्यापार बढ़ता है और ग्रामीण क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं भी बढ़ जाती हैं। सड़कें स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को भी आसान बनाती हैं। आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में सड़क की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। शिक्षा के क्षेत्र में भी सड़क का सीधा प्रभाव पड़ता है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे केवल इसलिए नियमित रूप से स्कूल नहीं जा पाते क्योंकि रास्ते कठिन और असुरक्षित होते हैं। ऐसे में यदि विद्यालयों तक सड़क सुविधा सुनिश्चित की जाती है, तो यह शिक्षा के प्रसार में भी सहायक सिद्ध हो सकती है। इस परियोजना में विशेष रूप से सांदीपनि विद्यालयों तक सड़क निर्माण की व्यवस्था इस दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखी जा सकती है। परियोजना का एक महत्वपूर्ण सामाजिक पक्ष भी है। अक्सर छोटे-छोटे मजरे-टोले और दूरस्थ बस्तियाँ विकास की योजनाओं से पीछे रह जाती हैं। समग्र रूप से देखा जाए तो सुगम संपर्कता परियोजना केवल एक सड़क निर्माण कार्यक्रम नहीं, बल्कि मजरे-टोलो के विकास की व्यापक सोच का हिस्सा है। यदि इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाता है, तो यह हजारों गांवों और बस्तियों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला सकती है। सड़कें केवल दूरी कम नहीं करतीं, बल्कि अवसरों की खाई को भी पाटती हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शुरू की गई यह पहल ग्रामीण मध्यप्रदेश को नई गति देने की क्षमता रखती है। यदि प्रशासनिक इच्छाशक्ति, पारदर्शिता और जनभागीदारी के साथ इस परियोजना को आगे बढ़ाया जाता है, तो यह निश्चित रूप से मध्यप्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य को बदलने वाली एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो सकती। **–पवन वर्मा**

# लड़ाकू विमान अपग्रेड: भारत का वायु रक्षा में क्रांतिकारी कदम

**रजनीश कपूर**

उन्नत माध्यमिक लड़ाकू विमान को 5.5वीं और छठी पीढ़ी में अपग्रेड करना भारत की रक्षा क्षमताओं में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। हाल के वर्षों में, भारत ने अपनी वायु सेना को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी तकनीकों पर जोर दिया है। 'एमका' कार्यक्रम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 2026 तक, 'एमका' को 5.5वीं पीढ़ी और आगे छठी पीढ़ी के स्तर तक अपग्रेड करने की योजना ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। इस योजना के तहत, नई स्टैल्थ तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) के उपयोग पर जोर दिया गया है। सवाल उठता है कि क्या यह भारत की वैश्विक वायु क्षेत्र में स्थिति को कैसे मजबूत करेगा और क्या यह अमरीका तथा चीन से मुकाबला करने में सक्षम होगा? 'एमका' कार्यक्रम की शुरुआत 2011 में हुई थी, जब रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डी.आर.डी.ओ.) की एयरोनॉटिकल डिवैल्पमैंट एजैंसी (एडीए) ने 5वीं पीढ़ी के स्टैल्थ फाइटर जैट विकसित करने का फैसला किया। उल्लेखनीय है कि 'एमका' एक ट्विन-इंजन, सिंगल-सीट विमान है, जिसका वजन लगभग 27 टन है और यह मैक 2.15 की गति से उड़ान भर सकता है। एम.के.1 संस्करण जी.ई. एफ-414 इंजन का उपयोग करेगा, जबकि एम.के.2 को 110-120 के.एन. थ्रस्ट वाले नए इंजन से लैस किया जाएगा, जो फ्रांस की साफरान या अन्य सांझेदारों के साथ सह-विकसित होगा। 2026 तक, 'एमका' एम.के.2 को 5.5वीं पीढ़ी का द.र्ज़ा दिया जा रहा है, जिसमें छठी पीढ़ी की विशेषताएं जैसे ए.आई. संचालित इलैक्ट्रॉनिक पायलट और प्रेडिक्टिव मेंटेनैंस शामिल हैं। इसका प्रोटोटाइप रोलआऊट 2028 के अंत तक और पहली उड़ान 2029 में होने की उम्मीद है, जबकि इंडक्शन 2035 तक हो सकता है। यह अपग्रेड भारत को अमरीका, रूस और चीन जैसे देशों की श्रेणी में खड़ा करेगा, जो 5वीं पीढ़ी के विमान संचालित करते हैं। जानकारों का मानना है कि 'एमका' में अपनाई जा रही नई स्टैल्थ तकनीक भारत की वायु रक्षा को अभूतपूर्व मजबूती प्रदान करेगी। स्टैल्थ का मतलब है राडार से बचाव, जो विमान को दुश्मन की नजरों से छिपा कर रखता है। 'एमका' में डाइवर्टरलैस सुपरसोनिक इनलेट , सर्पेंटाइन एयर इनटेक डक्ट और उन्नत राडार-एब्ज़ॉर्बेंट मैटीरियल्स का उपयोग किया जा रहा है। ये विशेषताएं राडार सिग्नेचर को न्यूनतम करती हैं, जिससे विमान दुश्मन के वायु रक्षा सिस्टम को भेद सकता है। यह तकनीक 'एमका' को चीनी जे-20 या अमरीकी एफ-35 जैसे विमानों से बेहतर छिपाव प्रदान करेगी। गौरतलब है कि 'एमका' में 'इलैक्ट्रॉनिक पायलट' नामक ए.आई.-सिस्टम होगा, जो पायलट के साथ सहयोगी की भूमिका निभाएगा। यह ए.आई. खतरे का पता लगाने, रूट ऑप्टिमाइजेशन, कॉम्बैट स्ट्रैटेजी और मिशन प्लानिंग में मदद करेगा। इसके अलावा, ए.आई.-आधारित प्रेडिक्टिव मेंटेनैंस से विमान की उपलब्धता दर 75 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी, जो वर्तमान विमानों से कहीं अधिक है। सैंसर फ्यूजन और नैटवर्क-सैंट्रिक वार.फ़ेयर सिस्टम 'एमका' को ड्रोन स्वार्म्स और अन्य प्लेटफॉर्म्स के साथ एकीकृत करेगा। यह छठी पीढ़ी की दिशा में कदम है, जहां ए.आई. स्वायत्त निर्णय लेने में सक्षम होगा। विशेषज्ञों के अनुसार, यह अपग्रेड भारत की वायु सेना को आधुनिक युद्धों में बढ़त देगा, जहां ए.आई. और स्टैल्थ निर्णायक कारक हैं। रक्षा विशेषज्ञ यह सवाल भी उठा रहे हैं कि इस अपग्रेड से भारत की वैश्विक वायु क्षेत्र में स्थिति कैसे सुधरेगी? यह स्वदेशी तकनीक पर निर्भरता बढ़ाएगा, जो आयात पर निर्भरता कम करेगा। वर्तमान में, भारतीय वायु सेना में स्क्वाड्रन की कमी है और 'एमका' इस कमी को पूरा करेगा। स्टैल्थ और ए.आई. से लैस 'एमका' भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में मजबूत डिटरैंस प्रदान करेगा। चीन के साथ सीमा विवादों में 'एमका' जे-20 का मुकाबला कर सकेगा, जो वर्तमान में भारत के लिए चुनौती है। पाकिस्तान के चीनी जे-10 या जे.एफ.-17 के खिलाफ भी यह श्रेष्ठ होगा। वैश्विक स्तर पर, 'एमका' भारत को क्वाड (भारत, अमरीका, जापान, ऑस्ट्रेलिया) जैसे गठबंधनों में मजबूत भागीदार बनाएगा। यह एशिया में पावर बैलेंस को भारत के पक्ष में झुका सकता है, क्योंकि यह चौथा देश होगा, जो स्वदेशी 5वीं पीढ़ी का विमान विकसित करेगा। उल्लेखनीय है कि अमरीका के एफ-22 और एफ-35 परिपक्व तकनीक वाले लड़ाकू विमान हैं, जिनमें दशकों का अनुभव है। 'एमका' की स्टैल्थ और ए.आई. विशेषताएं एफ-35 से तुलनीय हैं लेकिन उत्पादन और संचालन अनुभव की कमी एक कमजोरी है। हालांकि, 'एमका' की लागत कम होगी और यह भारत की विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप होगा। वहीं चीन के जे-20 के खिलाफ 'एमका' की उन्नत स्टैल्थ और ए.आई. बढ़त दे सकती है, खासकर एल.ए.सी. पर, जहां जे-20 की संख्या अधिक है, लेकिन 'एमका' की ए.आई. एकीकरण से भारत गुणवत्ता में आगे निकल सकता है।

## सेहत मंत्र

# सुबह खाली पेट अजवाइन का पानी पीने से तेजी से घटता है वजन

अनियमित जीवनशैली हमें कई तरह की बीमारियों के चक्रव्यूह में फंसा देती है, जिनसे निकल पाना बहुत ही मुश्किल होता है। खराब जीवनशैली वजन बढ़ने की प्रमुख वजह है। वजन बढ़ने के साथ ही उच्च रक्तचाप, डायबिटीज और हृदय रोगों जैसी गंभीर समस्याएं शुरू होने लगती है। ऐसे में मोटापा कम करना बहुत बड़ी चुनौती बन जाती है, जिससे आसानी से छुटकारा मिल पाना मुश्किल होता है। अगर आप भी अपने बढ़ते वजन से परेशान हैं और इसे कम करने के लिए तरह-तरह की युक्तियां अपना रहे हैं तो यह लेख आपके लिए है। यहां हम आपको आज ऐसा नुस्खा बता रहे हैं जो वजन कम करने और पेट के आस-पास जमा हानिकारक फैट को खत्म करने में आपको मदद मिलेगी। आयुर्वेद के अनुसार, अजवाइन कई गंभीर रोगों से लड़ने में हमारी मदद करता है। अजवाइन के सेवन से डायबिटीज, कब्ज, पेट की समस्या, डायरिया और अस्थमा में काफी लाभप्रद होता है। अजवाइन वजन कम करने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रोजाना सुबह-सुबह ब्रश करने के बाद खाली पेट अजवाइन का पानी पीने से तेजी से वजन घटता है। वजन कम करने के लिए यह दादी मां के नुस्खों में से एक बेहतरीन नुस्खा माना गया है, जिसका सेवन आज भी भारतीय घरों में महिलाएं प्रेग्नेंसी के बाद बढ़े वजन को कम करने के लिए करती हैं, हालांकि इसे प्रेग्नेंसी के अलावा भी वजन कम करने के लिए प्रयोग किया जा सकता है। सुबह के समय अजवाइन का पानी पीने से कई असाध्य रोग दूर हो जाते हैं। इसका इस्तेमाल करने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। 1: 25 ग्राम अजवाइन रोजाना रात में सोने से पहले पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इसे छानकर पी लें, हालांकि इसे खाली पेट पीना ज्यादा फायदेमंद होगा। इसका स्वाद बढ़ाने के लिए आप इसमें एक चम्मच शहद मिला लें। शहद भी आपके लिए फायदेमंद होगा। मेटाबॉलिज्म बढ़ाने और वजन कम करने के लिए इसे रोजाना 15 से 20 दिनों तक पीजिए।

## धर्म मंत्र

# भगवान शंकर ने परहित हेतु अपने प्राणों की परवाह न करते हुए विषपान किया

संसार की भी बड़ी विचित्र रीति है। सीस पर अगर मुकुट सजवाना हो, तो हर कोई तैयार है। किंतु अगर उसी सीस को देश व धर्म पर न्योछावर करना हो, तो आटे में नमक जितने ही सीस देखने को मिलेंगे। समुद्र मंथन में भी जब अमृत की जगह कालकूट विष निकला, तो हर कोई उसे अपनाने से मना करने लगा। न देवता उसे ग्रहण करना चाह रहे थे, और न ही दानव। अन्य बड़े बड़े ईष्ट भी अपनी असमर्थता जता चुके थे। किंतु वहीं, जब भगवान शंकर को निवेदन किया गया, तो उनसे धरातल के समस्त जीवों का दुख देखा न गया। रोते कर्राहते जीवों की रुदनता, उन्हें अथाह कष्ट पहुँचा रही थी। कालकूट विष का दुष्प्रभाव ऐसा था, कि कोई भी उससे अछूता नहीं रह पा रहा था। यूँ भासित हो रहा था, मानों पृथवी कुछ ही क्षणों में समाप्त हो जायेगी। देवता और दानव सब ने दोनों हाथ जोड़ कर करुण प्रार्थना की, कि हे शंभूनाथ! अब तो आप ही एक अंतिम आश्रय बचे हैं। कहीं किसी ने सहायता नहीं की। सबको अपने प्राणों से प्रेम है। हर कोई अपने प्राणों को बचाना चाह रहा है। किंतु यह भी कटु सत्य है, कि कोई भी अपने प्राण बचा नहीं पायेगा। हम तो हर घाट का पानी पीकर थककर आपकी शरण पहुँचे हैं। केवल तो केवल बस आप ही हैं, जो कोई उपाय कर सकते हैं। भगवान शंकर से धराधाम के जीवों का कष्ट देखा न गया। उन्होंने उसी समय एक महान संकल्प लिया, एवं एक दिव्य घटना को साकार किया। उन्होंने अपने दोनों हाथों से अँजुलि बनाई, और उस विष को अँजुलि के माध्यम से अपने गले में उतारने लगे। वे उस विष को घटाघट पीने लगे।

## पर्यटन



# भारत का एकमात्र ऐसा किला जो आज भी है बिना नींव के खड़ा

राजस्थान के झालावाड़ जिले में स्थित यह किला चारों ओर से पानी से घिरा हुआ है। यही नहीं यह भारत का एकमात्र ऐसा किला है जिसकी नींव नहीं है। गागरोन का किला अपने गौरवमयी इतिहास के कारण भी जाना जाता है। सैकड़ों साल पहले जब यहां के शासक अचलदास खींची मालवा के शासक होशंग शाह से हार गए थे तो यहां की राजपूत महिलाओं ने खुद को दुश्मनों से बचाने के लिए जौहर (जिंदा जला दिया) कर दिया था। सैकड़ों की तादाद में महिलाओं ने मौत को गले लगा लिया था। इस शानदार धरोहर को यूनेस्को ने वर्ल्ड हेरिटेज की सूची में भी शामिल किया है। किले के दो मुख्य प्रवेश द्वार हैं। एक द्वार नदी की ओर निकलता है तो दूसरा पहाड़ी रास्ते की ओर। इतिहासकारों के अनुसार, इस दुर्ग का निर्माण सातवीं सदी से लेकर चौदहवीं सदी तक चला था। पहले इस किले का उपयोग दुश्मनों को मौत की सजा देने के लिए किया जाता था। किले के अंदर गणेश पोल, नक्कारखाना, भैरवी पोल, किशन पोल, सिलेहखाना का दरवाजा महत्पवूर्ण दरवाजे हैं। इसके अलावा दीवान-ए-आम, दीवान-ए-खास, जनाना महल, मधुसूदन मंदिर, रंग महल आदि दुर्ग परिसर में बने अन्य महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल हैं। गागरोन किले को राजा बीजलदेव ने बारहवीं सदी में बनवाया था। यहां 14 युद्ध और 2 जौहर हुए हैं। यह उत्तरी भारत का एकमात्र ऐसा किला है जो चारों ओर से पानी से घिरा हुआ है, इस कारण इसे जलदुर्ग के नाम से भी पुकारा जाता है। यह ऐसा किला है जिसके तीन परकोटे हैं। झालावाड़ के दक्षिण भाग में शहर से 150 किमी दूर स्थित उन्हेल जैन मंदिर है। जो भगवान पार्श्वनाथ को समर्पित है। यहां विराजमान भगवान पार्श्वनाथ की मूर्ति तकरीबन 1000 साल पुरानी है। यहां घूमने के साथ-साथ कम पैसों में रहने और खाने का भी लुत्फ उठाया जा सकता है। बौद्ध गुफा कोल्वी गांव में स्थित है जो झालावाड़ के खास आकर्षणों में से एक है। गुफाओं के अंदर की शोभा बढ़ाते हैं भगवान बुद्ध की विशाल मूर्ति और नक्काशीदार स्तूप। झालावाड़ से 90 किमी दूर इस जगह आकर आप भारतीय कला का अद्भुत नमूना देख सकते हैं।

# जनगणना के सटीक आंकड़े जनकल्याणकारी योजनाओं की आधारशिला : डीएम

## प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भारत की जनगणनाऽ2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणनाङ्क के सफल संचालन हेतु जनपद बाराबंकी में फील्ड ट्रेनर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अयोध्या रोड निकट रसौली स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में प्रारंभ हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा फीता काट कर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में जनगणना कार्य का शुभारंभ आज से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार की जनगणना पूर्णतः ऐप आधारित एवं डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जिससे आंकड़ों के संकलन, संधारण तथा विश्लेषण में काफी सुविधा होगी और योजनाओं के निर्माण एवं



क्रियान्वयन में सटीकता आएगी। उन्होंने कहा कि जनगणना जनकल्याण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। सही एवं सटीक आंकड़ों के आधार पर ही सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर सकती है। जिस प्रकार किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य की जांच प्रयोगशाला में विभिन्न परीक्षणों के माध्यम से की जाती है, उसी प्रकार समाज की वास्तविक स्थिति का आकलन भी जनगणना के माध्यम से किया जाता है।

डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि जनगणना कार्य दो चरणों में संपादित किया जाएगा। प्रथम चरण में ल्लमकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण में वर्ष 2027 में जनसंख्या की गणना का कार्य किया जाएगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं जिला जनगणना अधिकारी निरंकार सिंह ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनगणना कार्य की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही जानकारियों को गंभीरता से आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनंद तिवारी, मण्डल स्तरीय मास्टर ट्रेनर, तहसीलदार नवाबगंज सहित नामित फील्ड ट्रेनर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मां काली मंदिर पर विशाल भंडारा हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी कोठी क्षेत्र के पूरे बसनी गांव में स्थित मां काली मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के साथ-साथ दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने मां काली के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की तथा जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। ल्लजय मां कालीङ्क के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। आयोजकों द्वारा भंडारे की व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से की गई थी, जिससे हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने शांति पूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान गांव के गणमान्य लोग और श्रद्धालु मौजूद रहे तथा सभी ने आयोजन को सफल बनाने



में सहयोग किया। इस मौके पर अध्यक्ष संजय दीक्षित, विनीत दीक्षित, सत्यम सिंह, रंजीत यादव, बैजनाथ ,रंजीत वर्मा , आदित्य वर्मा सूरज संत कुमार सिंह बबलू दीक्षित सुमित विमलेश विमलेश ,राजेश ,रोहित दीक्षित राजा यादव माया राम राम सुमिरन लल्लन यादव तेज राम आशीष ,सोनू , जीत राम यादव सचिन अखिलेश , सत्यनाम,विनोद राम जी प्रमोद, रिंकू, बाबादीन सीताराम प्रवेश सरवन अनिल पवन पंजाबी सोहनलाल रवि विशाल यादव संदीप शिवम यादव आदि ग्राम वासी मौजूद रहे ।

## वासंतिक नवरात्रि, पालकी से पधारेंगी माता रानी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। वासंतिक नवरात्रि को लेकर चहुं ओर उत्साह और उल्लास है।पूरे क्षेत्र में देवी मंदिरों में साफ सफाई का कार्य चल रहा है। सभी देवी मंदिरो व मठों आदि की रंगाई-पुताई का कार्य भी चल रहा है। इस बार 19 मार्च से नवरात्रि का पर्व प्रारंभ हो रहा है जो 9 दिनों तक धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। आदि शक्ति मां दुर्गा जी पृथ्वी लोक पर पालकी से पधार रहीं है। पालकी से सवार होकर आने से मां अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करेंगी।पूरे नवरात्र भर खुशियों का माहौल रहेगा। इस बार कलश स्थापना बृहस्पति के दिन होगा।जिसको लेकर पूरे वर्ष मां के भक्तों पर गुरु की कृपा बनी रहेगी।नवरात्रि के पावन अवसर पर सभी देवी मंदिरों व घरों में आदि शक्ति मां की कलश स्थापना विधि विधान से किया जाएगा।जिसकी 9 दिनों तक सभी पूजा अर्चना करेंगे।

## बालक-बालिका हॉकी टूर्नामेंट, गांधी क्लब विजयी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। खेल निदेशालय द्वारा स्थानीय पी ए सी हॉकी ग्राउंड पर आयोजित ज़िला स्तरीय हॉकी बालक-बालिका हॉकी टूर्नामेंट का उद्घाटन पी ए सी हॉकी टीम के कोच अमित सिंह द्वारा किया गया।टूर्नामेंट मे 6 टीमों ने प्रतिभाग किया।फाइनल मैच गांधी क्लब बाराबंकी और स्टेडियम के बीच हुआ। जिसमें गांधी क्लब ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए स्टेडियम टीम को 2-0 से हराकर टूर्नामेंट जीत लिया। गांधी क्लब की ओर से समद ने शानदार मैदानी गोल करके अपनी टीम को विजेता के खिताब पर कब्ज़ा कर लिया। फाइनल मैच में पुरस्कार वितरण बाराबंकी हॉकी एसोसिएशन के सचिव मज़हर अज़ीज़ खां ने किया,इस अवसर पर हॉकी एसोसिएशन की संयुक्त सचिव चंदा रानी, हॉकी कोच विवेक कुमार,रेलवे के राष्ट्रीय खिलाड़ी मुजीब अहमद, शाकिब अहमद,आदि मौजूद रहे,मैदान पर जूनियर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए ओलंपियन ललित उपाध्याय मौजूद रहे। उन्होंने बाराबंकी की बालिका खिलाड़ियों की प्रशंसा की।

## मिथुन के हत्यारों को फांसी की मांग, विरोध प्रदर्शन

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मिथुन रावत हत्याकांड के आरोपियों को फांसी और कुछ दबंग आरोपियों द्वारा सार्वजनिक भूमि पर बने अवैध घरों को ध्वस्त किए जाने की मांग को लेकर सुहेलदेव आर्मी के कार्यकर्ताओं ने कुर्सीऽइटौंजा मार्ग पर विरोध -प्रदर्शन किया। लखनऊ के महिगवां थाना क्षेत्र के श्रीराम पुरवा निवासी छविनाथ रावत के 20 वर्षीय पुत्र मिथुन रावत की बीती छः मार्च को निर्मम हत्या की गई थी।सोमवार को धरना-प्रदर्शन के दौरान सुहेलदेव आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पासी अगुवाई में विरोध प्रदर्शन हुआ। धरना-प्रदर्शन के दौरान थाना कुर्सी और बड्डूपुर पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रही। स्मरण रहे कि इससे पहले दुर्री पुरवा में आरोपियों के करीब आधा दर्जन से अधिक मकानों को प्रशासन द्वारा गिराया जा चुका है तथा 10 आरोपितों को जेल भेजा जा चुका है। नायब तहसीलदार फतेहपुर अंकिता पांडेय मौके पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि कस्बा कुर्सी में बने आरोपियों के घरों के संबंध में रिपोर्ट भेज दी गई है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है और न्यायालय के आदेश के अनुसार ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, एक गंभीर

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत अलग अलग क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की असमय मौत हुई।बीती देर रात्रि तासीपुर गांव के पास तेज रफ्तार बोलेरो कार अनियंत्रित होकर कल्याणी नदी के पुल की रेलिंग तोड़कर नदी में जा गिरी। इस हादसे में वाहन चालक धनकुमार यादव (30) की दर्दनाक मौत हुई,जबकि दूसरा युवक रवि गंभीर रूप से घायल हुआ।पुलिस के अनुसार मृतक धनकुमार यादव पुत्र रामसूरत यादव निवासी गांव अमहिया थाना रामसनेहीघाट व गंभीर रूप से घायल रवि रानीमऊ निवासी है। दूसरा हादसा सोमवार दोपहर लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुरारपुर के पास हुआ।अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी,जिससे बाइक सवार की मौत हुई।मृतक की पहचान गौरव सिंह उम्र करीब 24 वर्ष पुत्र अनिल कुमार सिंह निवासी गांव मंजपुरवा बम्भौरा लोधी थाना जैदपुर के रूप में हुई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## राम की शक्ति रामलीला का भव्य यादगार अवसान

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ एवं आदर्श सेवा संस्थान बाराबंकी के संयुक्त तत्वावधान में रामलीला मंच अशोकपुर चाचू सरायं में आयोजित 15 दिवसीय निःशुल्क संस्कृत नाट्य कार्यशाला का रविवार की रात संस्कृत नाटक आदि शक्ति राम शक्ति के सफल मंचन के साथ पूर्ण हुआ।यह नाटक महान कवि पंडित सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की कृति राम की शक्ति पूजा पर आधारित था।कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता शरद अवस्थी ने दीप जलाकर किया।कार्यशाला के प्रशिक्षक व निर्देशक ललित कुमार पोखरिया ने बताया कि 15 दिनों के प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को संस्कृत भाषा अभिनय उच्चारण और नाट्यशास्त्र की शिक्षा दी गई।मंचन में राम की भूमिका में सुमित श्रीवास्तव लक्ष्मण अभिनव सिंह हनुमान अभिजीत सिंह और माँ भीमा के रूप में आकांक्षा पांडे ने प्रभावशाली अभिनय किया।कार्यक्रम के आयोजक डा.सुरेश चन्द्र शर्मा ने अतिथियों का सम्मान किया।

## सेहरामऊ पुलिस पर मारपीट का आरोप निकला झूठा, दो भाइयों में हुआ था विवाद

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के थाना सेहरामऊ पुलिस के खिलाफ लगाए गए आरोपों को स्थानीय ग्रामीणों ने भ्रामक और अतिरंजित बताया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस घटना को लेकर शिकायतें की जा रही हैं, वैसी कोई गंभीर घटना गांव में घटित होने की पुष्टि नहीं हुई। ग्रामीणों के अनुसार संबंधित पक्षों के बीच केवल कहासुनी हुई थी, जिसे ग्राम प्रधान व गांव के संभ्रांत लोगों के हस्तक्षेप से आपसी समझौते के जरिए समाप्त कर दिया गया था। सोमवार दोपहर तीन बजे ग्राम प्रधान अवधेश कुमार ने बताया कि पुलिस पर लगाए गए आरोप निराधार हैं और आरोप लगाने वाला युवक शराब के नशे का आदी बताया जा रहा है। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह के अनुसार आठ मार्च को युवक का अपने भाई से विवाद हुआ था, जिसे बाद में आपसी सहमति से सुलझा लिया था।


## उरई में मंदिर के पास शराब ठेका खुलने से आक्रोश, महिलाओं ने किया सड़क जाम

उरई,। उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन के जिला मुख्यालय उरई से सटे बोहदपुरा गांव में सोमवार को ग्रामीण महिलाओं का गुस्सा सड़कों पर उतर आया। उन्होंने गांव के मंदिर के पास स्थित शराब के ठेके के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। बोहदपुरा गांव में सोमवार को दर्जनों महिलाएं सड़क पर धरने पर बैठ गईं। महिलाओं का आरोप है कि धार्मिक स्थल के निकट होने के कारण इस ठेके से गांव का माहौल दूषित हो रहा है। उनका कहना था कि इस ठेके की वजह से इलाके में शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जो अश्लील हरकतें और गाली-गलौज करते हैं। इससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक इस ठेके को यहां से नहीं हटाया जाता, वे अपना आंदोलन जारी रखेंगी। महिलाओं के सड़क पर बैठने से मुख्य मार्ग पर आवागमन ठप हो गया ।

# समाज को नई दिशा दे रही है समूह की महिलाएं : साकेन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। आजीविका मिशन के अंतर्गत मिशन शक्ति के तहत अनवारी न्याय पंचायत के ग्राम मदारपुर में आयोजित महिला सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास खंड अधिकारी आलोक वर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं के मान-सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार निरंतर कार्य कर रही है।इस अवसर पर विधायक द्वारा ग्राम मदारपुर में 240 मीटर आरसीसी सड़क निर्माण की घोषणा की गई, जिसकी अनुमानित लागत 17 लाख रुपये है। इस घोषणा पर गांव के



लोगों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आयोजक सरवन रावत, पार्टी कार्यकर्ता विशाल सिंह, प्रदीप रावत, मुकेश सिंह, नितिन मौर्या, प्रमोद रावत, ओमप्रकाश पाल, श्रीश रावत, दीपक यादव, मिथुन रावत सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विज्ञान के साथ नैतिकता होना ही विकास अनिवार्यता : साकेन्द्र प्रताप

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन) के दिशा निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में सोमवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर तहसील फतेहपुर के वारिस चिल्ड्रेन्स एकेडेमी इण्टर कालेज में आयोजित विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम में

बतौर मुख्य अतिथि पधारे क्षेत्रीय विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज सबसे बड़ा चुनौती विज्ञान के साथ नैतिकता का समावेश करना है। विज्ञान बिना नैतिक मूल्यों के मानवता के लिए सार्थक नहीं हो सकता है।उन्होंने सर सीवी रमन के भौतिकी की क्षेत्र में किए गए कार्यो पर विस्तार से चर्चा की प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा एवं अन्य अतिथिगणों* ने पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक जिला विज्ञान क्लब आशीष पाठक ने किया। सभी अतिथियों के प्रति विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती कमलेश शुक्ला ने आभार जताया। इस अवसर पर जीजीआईसी फतेहपुर की प्रिंसिपल श्रीमती पूनम, युगान्तर इण्टर कालेज के प्रबंधक आशुतोष वर्मा, आचार्य श्री चन्द्र देव इण्टर कालेज के प्रबंधक हेमन्त दास, सरस्वती शिशु मंदिर इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र वर्मा, अंशुमान मिश्रा, शिशिर मिहिर, सौरभ श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, गिरीन्द्र नाथ मिश्र, कुलदीप कुमार, रीनू वर्मा, अनिल वर्मा, सुशील पाठक, आयुष्मती, रवि मिश्र, अमित कुमार सहित अनेक प्रधानाचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# संस्कृत नाटक आदि शक्ति राम शक्ति को देखने के लिए जुटी दर्शकों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## आदर्श सेवा संस्थान व संस्कृत संस्थान के संयुक्त तत्वाधान मैँ आयोजित नाटक मैँ कलाकारों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

## 15 दिवसीय निशुल्क संस्कृत नाटक कार्यशाला के पश्चात प्रशिक्षित कलाकारों ने किया शानदार अभिनय

रामनगर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के अशोकपुर चाचू सराय के रामलीला मंच पर उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ एवं आदर्श सेवा संस्थान बाराबंकी के संयुक्त तत्वाधान में 15 दिवसीय निशुल्क संस्कृत नाट्य कार्यशाला के समापन के अवसर पर महान प्रखर कवि पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की अमर कृति राम की शक्ति पूजा पर आधारित आदि शक्ति राम शक्ति का सुंदर मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता रत्नेश कुमार, पंकज चतुर्वेदी, संत कुमार उपाध्याय सहित कई पत्रकार व कवि गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस मौके पर पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने कहा कि संस्कृत भाषा मानवीय मूल्य की संवाहक है जो संस्कृत साहित्य में वसुधैव कुटुंबकम् यानि विश्व एक परिवार है का सन्देश देता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति मैँ सर्वे भवंतु सुखिनः जैसी उदारवादी भावनाएं निहित हैं जो वैश्विक शांति और नैतिकता को बढ़ावा देती है जिसके आदर्श हमारे श्री राम हैं। बिरजू संस्थान के अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता रत्नेश कुमार ने अपने सम्बोधन मैँ कहा कि संस्कृत भाषा सांस्कृतिक और ज्ञान की धरोहर है जो भाषा की जननी है। वहीं समाजसेवी अमित भैया ''राम जी'' ने कहा कि संस्कृत भाषा का महत्व अतुलनीय है। क्योंकि यह न केवल विश्व की प्राचीनतम और सबसे समृद्ध भाषाओं में से एक है इसलिए इसे देववाणी कहा गया है। कार्यक्रम के कुशल प्रशिक्षक एवं निर्देशक ललित कुमार पोखरिया ने बताया है कि इस 15 दिवसीय प्रशिक्षण दौरान संस्कृत भाषा, ज्ञान एवं शिक्षण का ज्ञान, संस्कृत विद्वान डॉ अनिल कुमार गौतम, नाट्यशास्त्र के उद्भट



विद्वान डॉ अशोक कुमार शतपथी, एसोसिएट प्रोफ़ेसर संस्कृत एवं प्रकृति भाषा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा भारतीय नाट्यशास्त्र और उसमें निर्दशित अभिनय एवं रस सिद्धांत पर महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रदान किया। उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा प्रतिभागियों को आंगिक अभ्यास उच्चारण, अभिनय कला, संवाद आदि का प्रशिक्षण कराया गया, उसका परिणाम आज के प्रभावशाली मंचन के रूप में देखने को मिला। नाटक आदि शक्ति राम शक्ति भूमिका में राम की भूमिका में सुमित श्रीवास्तव, लक्ष्मण अभिनव सिंह, हनुमान अभिजीत सिंह तथा मां भीमा आकांक्षा पांडे ने अपने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया इस प्रकार सभी कलाकारों ने नाट्यशास्त्र में वर्णित रस भाव और भंगिमाहों का प्रभावी प्रयोग किया जिसमें पूरा वातावरण नाट्यमय और जीवंत हो उठा इस संस्कृत नाट्यमंचन में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 20 कलाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम आयोजक डॉ सुरेश चंद्र शर्मा,प्रबंधक, आदर्श सेवा संस्थान ने आए हुए मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को प्रतीक चिन्ह,अंग वस्त्र तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया रचनात्मक सहयोग में रामलीला सेवा समिति, अशोकपुर चाचू सराय से मोहम्मद इरफान, राय सिंह ,सतीश यादव, शिवम यादव, लालू यादव, गोविंद शर्मा ,रवि शर्मा, शरद शर्मा ,अनुज कुमार, गीतकार साहब नारायण शर्मा, दीपक दिवाकर वर्मा ,अनुज रावत वह मनीष रावत तथा अंजलि रावत ने कार्यक्रम सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया। इसके अलावा क्षेत्र के तमाम गणमान्य सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे। मंच का संचालन कवि हरिदत्त पांडे ने किया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के प्रमुख आयोजक डॉ सुरेश चंद शर्मा ने नाट्य निर्देशक कलाकारों व उपस्थित दर्शकों को धन्यवाद दिया और आभार प्रकट किया।

# गैस की किल्लत, भोजन को तरसे नौनिहाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ब्लाक सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में मिड डे मील योजना गैस की किल्लत के कारण प्रभावित है। कई विद्यालयों में बच्चों के लिए भोजन बनाने में समस्या आ रही है, जबकि कुछ जगहों पर खाना बन ही नहीं पा रहा है। सोमवार को कम्पोजिट विद्यालय दरवेशपुर में महिला रसोइयां ईंटों का चूल्हा बनाकर बड़े भगोने में सब्जी बना रही थीं। रसोइयां मूंगा देवी, दयावती और मिथलेश कुमारी ने बताया कि शनिवार से गैस उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण उन्हें इसी तरह खाना बनाना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि गैस की आपूर्ति के लिए अध्यापक लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।प्राथमिक विद्यालय ददरौली भवानीपुर जहां स्थिति और भी गंभीर थी। इस विद्यालय में मिड डे मील का भोजन बनाया ही नहीं गया था। वहां मौजूद शिक्षक ओमकार ने बताया कि गैस न होने के कारण भोजन तैयार नहीं हो सका।प्राथमिक विद्यालय ददरौली भवानीपुर की छात्राओं नेहा और शांति ने बताया कि गैस न होने के चलते स्कूल में खाना नहीं बना था। वे अपने घर से खाना खाकर आई थीं, जबकि कुछ अन्य छात्राओं ने बताया कि वे घर से अपना लंच लेकर आई थीं।दोनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापक प्रशिक्षण में होने के कारण उनसे संपर्क नहीं हो पाया।इस संबंध में सिरौलीगौसपुर खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा ने बताया कि गैस की समस्या के बारे में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात की जा रही है।



## भूपेंद्र बने अध्यक्ष, व्यापार मंडल की बधाई

बाराबंकी। गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा के नव निर्वाचित अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह का उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियो ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत व सम्मान किया है। जिसमे प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष जयदीप सिंह, नगर अध्यक्ष मुन्नू लाल चौरसिया, महामन्त्री भूपेंद्र शुक्ला, उपाध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा, संगठन मन्त्री अतुल गुप्ता, राम शरण गुप्ता व संतोष कश्यप प्रमुख है।

# मन की आवाज पर ईशान को विश्व कप के लिये चुना एक्स फैक्टर महसूस किया था : कप्तान सूर्यकुमार

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि 'पावर हिटर' ईशान किशन को टी20 विश्व कप टीम में चुनने का फैसला विशुद्ध रूप से मन की आवाज पर लिया गया था क्योंकि उन्हे महसूस हुआ था कि बिहार के इस बल्लेबाज में 'एक्स फैक्टर' है जो मैचों में निर्णायक साबित हो सकता है। पॉडकास्ट इंटरव्यू में सूर्यकुमार से पूछा गया था कि वह आंकड़ों पर चलने वाले कप्तान हैं या मन की आवाज सुनते हैं और जितेश शर्मा की बजाय ईशान के चयन के फैसले की क्या वजह थी। उन्होने कहा ,'' यह बिल्कुल मन की आवाज पर लिया गया फैसला था। उस समय जितेश शर्मा के लिये यह काफी कठिन था क्योंकि वह एक साल से अधिक समय से टीम के साथ था। और वह खेल रहा था, अगर नहीं खेल रहा होता तो कहानी अलग होती। भारत को आठ मार्च को टी20 विश्व कप 2026 जिताने वाले कप्तान सूर्यकुमार ने अपने कैरियर, भारतीय क्रिकेट के भविष्य, मुख्य कोच गौतम गंभीर और टीम से अपने संबंधों पर तफ्सील से बात की। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी बल्लेबाजी प्रतिक्रिया और सहजता का मिला जुला रूप है। उन्होंने कहा कि मैं भी बहुत दुखी था जब हमने जितेश को छोड़कर ईशान को चुना लेकिन हमें ऐसे सलामी बल्लेबाज की जरूरत थी जो शीर्ष क्रम पर आक्रामक प्रदर्शन कर सके। ऐसे में किसी को तो बाहर रहना था। उन्होंने बताया कि ईशान कैसे टीम में आये , उन्होंने ईशान को फोन करके कहा, '' छोटू , विश्व कप जितायेगा' , इस पर ईशान ने जवाब दिया, भरोसा करोगे' और इस पर सूर्यकुमार ने कहा 'चल किया। सूर्यकुमार ने कहा कि और उसने जो प्रदर्शन किया, वह अद्भुत था। मुझे हमेशा से लगता था कि वह एक्स फैक्टर हो सकता है क्योंकि उस पर कोई दबाव नहीं था। उन्होंने कहा कि ईशान खराब दौर से गुजर रहा था और टीम से बाहर था लेकिन खेल में बने रहने के लिये वह पूरे भारत में छोटे छोटे मैच खेला और अभ्यास मैच भी खेला। ईशान ने अपने कप्तान को निराश नहीं किया और नौ मैचों में 190 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से 317 रन बनाये। पैतीस वर्ष के सूर्यकुमार ने घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने पर टीम से बाहर किये जाने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी को लेकर ईशान की प्रतिबद्धता की तारीफ की। ईशान ने इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल में 18 गेंद में 39 रन बनाने के बाद फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक जमाया। भारत की खिताबी जीत में एक और फैसला निर्णायक साबित हुआ और वह था पारी की शुरूआत का मौका संजू सैमसन को देना। केरल के इस बल्लेबाज ने सेमीफाइनल और फाइनल में 89 रन बनाये और 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' रहे।

# बांग्लादेश के रिव्यू को लेकर पाकिस्तान ने दर्ज कराई आधिकारिक शिकायत

एजेंसी

मीरपुर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ रविवार को खेले गए तीसरे वनडे मैच के दौरान लिए गए विवादित रिव्यू को लेकर मैच रेफरी नेयामुर राशिद से आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। यह मामला मीरपुर में खेले गए मुकाबले के आखिरी ओवर से जुड़ा है, जिसमें ऑन-फील्ड अंपायर कुमार धर्मसेना के फैसले पर सवाल उठाए गए हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान टीम प्रबंधन का आरोप है कि बांग्लादेश ने आखिरी से दूसरी गेंद पर एलबीडब्ल्यू का रिव्यू उस समय लिया जब उस गेंद का रिप्ले पहले ही स्टेडियम की बड़ी स्क्रीन पर दिखाया जा चुका था। मुकाबले के उस समय पाकिस्तान को जीत के लिए दो गेंदों पर 12 रन की जरूरत थी। बांग्लादेश के गेंदबाज रिशाद हुसैन ने लेग स्टंप पर फ्लाइटेड गेंद डाली, जो लेग साइड की ओर घूमती हुई बल्लेबाज शाहीन शाह अफरीदी से दूर निकल गई। अंपायर ने इसे वाइड करार दिया। इसके बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने आपस में चर्चा की और




एलबीडब्ल्यू के लिए रिव्यू ले लिया, जबकि पहली नजर में गेंद अफरीदी के शरीर या पैरों के पास भी नहीं दिख रही थी। सामान्य नियमों के अनुसार रिव्यू लेने का फैसला खिलाड़ियों को रिप्ले दिखने से पहले करना होता है, ताकि स्क्रीन पर दिखाई देने वाली जानकारी से निर्णय प्रभावित न हो। पाकिस्तान का आरोप है कि इस मामले में यह प्रोटोकॉल सही तरीके से नहीं अपनाया गया। उनका यह भी कहना है कि संभव है कि बांग्लादेश ने 15 सेकंड की तय समय-सीमा के बाद रिव्यू लिया हो, हालांकि प्रसारण में कोई टाइमर नहीं दिखाया गया, जिससे इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी। डीआरएस में जब मामला हॉक-आई तक पहुंचा तो पता चला कि गेंद बल्ले के निचले हिस्से से हल्का सा संपर्क कर गई थी। इस कारण वाइड का फैसला पलट दिया गया। हालांकि बांग्लादेश का रिव्यू असफल रहा, लेकिन वाइड हटने से समीकरण बदलकर पाकिस्तान के लिए आखिरी गेंद पर 12 रन रह गया। आखिरी गेंद पर अफरीदी स्टंप आउट हो गए और निराशा में उन्होंने बल्ला स्टंप्स पर मार दिया। इसके साथ ही बांग्लादेश ने यह मुकाबला 11 रन से जीत लिया और सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड मैच रेफरी से क्या कार्रवाई चाहता है, लेकिन माना जा रहा है कि बोर्ड कम से कम इस मामले में गलती की सार्वजनिक स्वीकारोक्ति की मांग कर सकता है। गौरतलब है कि इससे पहले दूसरे वनडे में भी पाकिस्तान को एक विवादित फैसले का सामना करना पड़ा था। उस मैच में सलमान आगा गेंद लौटाने के दौरान क्रीज से बाहर पाए गए और मेहदी हसन मिराज ने उन्हें रन आउट कर दिया। इस घटना के बाद मैदान पर दोनों खिलाड़ियों के बीच तीखी बहस हुई थी, जिसके चलते आगा पर एक डिमेरिट अंक और मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया था, जबकि मिराज पर 20 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगा था।

# न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका करेंगे एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2025-26 की मेजबानी

एजेंसी

लॉज़ान (स्विट्ज़रलैंड)। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने सोमवार को घोषणा की है कि न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग के एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2025-26 के चौथे संस्करण की मेजबानी करेंगे। इस प्रतियोगिता के विजेता को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2026-27 सत्र में शामिल होने का अवसर मिलेगा। पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन शहर में आयोजित की जाएगी, जिसमें दुनिया की कई मजबूत टीमें भाग लेंगी। इन टीमों में मेजबान दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया, स्कॉटलैंड और आयरलैंड शामिल हैं। स्कॉटलैंड ने एफआईएच हॉकी नेशंस कप-2 के माध्यम से पदोन्नति हासिल की है, जबकि आयरलैंड 2024-25 सत्र की एफआईएच हॉकी प्रो लीग से बाहर होकर इस टूर्नामेंट में उतरेगा। एफआईएच हॉकी पुरुष नेशंस कप 2025-26 का आयोजन 11 से 20 जून 2026 तक किया जाएगा। यह प्रतियोगिता एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होगी, जिसने 2022 में पोटचेफस्ट्रूम शहर में पुरुष वर्ग के पहले संस्करण की मेजबानी की थी। महिला वर्ग की प्रतियोगिता न्यूजीलैंड के ऑकलैंड शहर में 15 से 21 जून 2026 तक खेली जाएगी। इस टूर्नामेंट में मेजबान न्यूजीलैंड के अलावा अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड, फ्रांस और भारत की टीमें भाग लेंगी। फ्रांस ने एफआईएच हॉकी नेशंस कप-2 से पदोन्नति हासिल की है, जबकि भारत 2024-25 सत्र की एफआईएच हॉकी प्रो लीग से बाहर होकर इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा।

# एथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस भारतीय खेलों के भविष्य का मार्गदर्शन करेगी: पीटी उषा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) अध्यक्ष पीटी ऊषा ने भारतीय खेलों में एथलीट-केंद्रित शासन व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र का भविष्य ऐसी नीतियों से तय होना चाहिए जिनमें खिलाड़ियों को निर्णय प्रक्रिया के केंद्र में रखा जाए। आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा ने रविवार को स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के स्वर्ण जयंती राष्ट्रीय सम्मेलन के तीसरे दिन इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों की तैयारी, कल्याण और विकास खेल प्रशासकों तथा खेल संस्थाओं की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस सम्मेलन की मेजबानी दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) कर रहा है। पीटी उषा ने कहा, ल्लएथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस भारतीय खेलों के



भविष्य का मार्गदर्शन करनी चाहिए। खिलाड़ियों की तैयारी, उनका कल्याण और विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए। भारतीय खेलों के बदलते परिदृश्य पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि देश इस समय अपने खेल सफर के एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। बेहतर बुनियादी ढांचा, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और संस्थागत समर्थन के कारण भारतीय खिलाड़ी अब वैश्विक मंच पर अधिक आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले एक दशक में हमने देखा है कि देश में खेलों को समर्थन और सम्मान देने के तरीके में बड़ा बदलाव आया है। आज खिलाड़ियों को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और मजबूत संस्थागत समर्थन मिल रहा है। पीटी उषा ने जमीनी स्तर पर खेलों के विकास के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय खेलों की असली ताकत गांवों, कस्बों और स्कूलों में छिपी हुई प्रतिभाओं में है, जिन्हें पहचानने और आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, भारतीय खेलों की असली ताकत जमीनी स्तर पर है—गांवों, कस्बों और स्कूलों में जहां नई प्रतिभाएं सामने आने का इंतजार कर रही हैं। यदि हम कोचिंग, बुनियादी ढांचे और प्रतिभा पहचान में लगातार निवेश करते रहें, तो भारत लगातार विश्वस्तरीय खिलाड़ी तैयार कर सकता है। पीटी उषा ने खेल पत्रकारिता की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि खेल पत्रकार केवल परिणाम बताने वाले नहीं होते, बल्कि वे खिलाड़ियों के संघर्ष, भावनाओं और उपलब्धियों की कहानियों को सामने लाते हैं। जिम्मेदार और गहन खेल पत्रकारिता देश में खेलों की मजबूत नींव तैयार करती है। सम्मेलन के दौरान आयोजित एक पैनल चर्चा में आईओए के सीईओ रघुराम अय्यर ने कहा कि भारत इस समय अपने खेल विकास के एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, जहां बढ़ती महत्वाकांक्षा, निवेश और भागीदारी देश को एक प्रमुख खेल राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि भारत खेलों में इस समय एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। हमारे पास महत्वाकांक्षा है और इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। अय्यर ने कहा कि खेलों में भारत की प्रगति को बनाए रखने के लिए मजबूत जमीनी खेल ढांचा तैयार करना बेहद जरूरी है, जिसकी शुरुआत समुदाय स्तर पर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी बढ़ाने से होगी।

# थोक महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.13 फीसदी हुई, खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़े

एजेंसी




नई दिल्ली। महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को झटका लगने वाली खबर आई है। खुदरा के बाद थोक महंगाई दर फरवरी में लगातार चौथे महीने बढ़कर 2.13 फीसदी पर पहुंच गई है। इसकी वजह खाद्य एवं गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी रही। हालांकि, इस दौरान सब्जियों की कीमतों में मासिक आधार पर कुछ नरमी आई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को आंकड़ों के जरिये बताया कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.13 फीसदी पर पहुंच गई है। जनवरी में यह 1.81 फीसदी थी, जबकि फरवरी 2025 में यह 2.45 फीसदी रही थी। दिसंबर में थोक महंगाई दर 0.83 फीसदी के स्तर पर थी। मंत्रालय के मुताबिक फरवरी में मुख्य रूप से अन्य विनिर्माण, आधार धातुओं के विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य वस्तुओं और वस्त्र आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक महंगाई दर बढ़ी है। सब्जियों की महंगाई जनवरी के 6.78 फीसदी से घटकर फरवरी में 4.73 फीसदी रह गई। हालांकि, दाल, आलू एवं अंडा, मांस तथा मछली की कीमतों में फरवरी में पिछले महीने की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई है। मंत्रालय के मुताबिक विनिर्मित उत्पादों के मामले में डब्ल्यूपीआई पर आधारित थोक महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.92 फीसदी हो गई, जो इससे पिछले महीने 2.86 फीसदी थी। वहीं, गैर-खाद्य वस्तुओं की श्रेणी में महंगाई जनवरी के 7.58 फीसदी से बढ़कर फरवरी में 8.80 फीसदी हो गई। ईंधन तथा ऊर्ज़ा श्रेणी की महंगाई में गिरावट फरवरी में भी जारी रही, यह 3.78 फीसदी दर्ज की गई है, जो जनवरी में 4.01 फीसदी थी।

# 'एआई कोहोर्ट 2026' में शामिल होंगे पांच स्टार्टअप

एजेंसी

बेंगलुरु। उद्योग पूंजी कंपनी एक्सेल और गूगल के एआई फ्यूचर्स फंड ने 'एटम्स एआई कोहोर्ट 2026' में शामिल होने वाले पांच स्टार्टअप की सोमवार को घोषणा की जो एंटरप्राइज, वॉयस और औद्योगिक एआई में नए समाधान विकसित करेंगे। 'एटम्स एआई कोहोर्ट', एक्सेल एटम्स का एक विशेष कार्यक्रम है जिसे एआई स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। 'एटम्स एआई कोहोर्ट 2026' एक्सेल और गूगल के एआई फ्यूचर्स फंड के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी है। बयान के अनुसार, 4,000 से अधिक आवेदनों में से चुने गए इन पांच स्टार्टअप को भारतीय उद्यमियों को समर्थन देने के एक्सेल के लंबे अनुभव और गूगल की उन्नत कृत्रिम मेधा (एआई) अवसंरचना का लाभ मिलेगा, जिससे वे शुरुआती विचार से वैश्विक स्तर तक विस्तार कर सकेंगे। प्रत्येक स्टार्टअप को 20 लाख अमेरिकी डॉलर तक का संयुक्त निवेश मिलेगा। इसके साथ ही गूगल क्लाउड, जेमिनी और गूगल डीपमाइंड के संसाधनों के लिए 3.5 लाख अमेरिकी डॉलर तक की संगणनात्मक (कंप्यूट) क्रेडिट सुविधा भी दी जाएगी। ये पांच स्टार्टअप के-डेंस, डॉज एआइ, पर्सिस्टेंस लैब्स, जिंगरोल और लेवलप्लेन हैं। 'के-डेंस', जीवन विज्ञान, भौतिकी एवं रसायन विज्ञान में खोज को तेज करने के लिए एआई आधारित सह-वैज्ञानिक विकसित कर रहा है। 'डॉज एआई', आधुनिक उद्यम संसाधन नियोजन प्रणालियों को उन्नत बनाने के लिए स्वायत्त कृत्रिम मेधा एजेंट विकसित कर रहा है। 'पर्सिस्टेंस लैब्स', बड़े पैमाने पर कॉल सेंटर संचालन को बदलने के लिए आवाज आधारित कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग कर रहा है। 'जिंगरोल', उपभोक्ताओं के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित मनोरंजन और स्ट्रीमिंग अनुभव विकसित कर रहा है जबकि 'लेवलप्लेन', सटीकता आधारित वाहन और एयरोस्पेस विनिर्माण के लिए औद्योगिक स्वचालन को आगे बढ़ा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सेबी ने ट्रैवलस्टैक, लर्नफ्लूएंस और टी पोस्ट को दी आईपीओ के लिए मंजूरी

**नयी दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने ट्रैवलस्टैक, लर्नफ्लूएंस एजुकेशन और टी पोस्ट को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने की मंजूरी दे दी है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से अद्यतन जानकारी ने अनुसार, इसी के साथ रेज़ पावर इन्फ्रा, मधुर आयरन एंड स्टील और अर्जुन ज्वेलर्स के दस्तावेज नौ से 13 मार्च के बीच वापस ले लिए गए या लौटा दिए गए। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारतीय शेयर बाजार दबाव में हैं। सेबी के आंकड़ों के अनुसार, यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी ट्रैवलस्टैक टेक, 'लक्ष्य' कोचिंग सेंटर संचालित करने वाली लर्नफ्लूएंस एजुकेशन और टी पोस्ट ने जून से दिसंबर के बीच अपने आईपीओ दस्तावेज जमा किए थे और उन्हें 10 से 11 मार्च के दौरान नियामकीय की ओर से टिप्पणियां मिल गईं। ट्रैवलस्टैक टेक के प्रस्तावित आईपीओ में 250 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे और इसके साथ प्रवर्तकों व अन्य शेयरधारकों द्वारा 2,68,52,969 शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी लाई जाएगी। लर्नफ्लूएंस एजुकेशन के प्रस्तावित आईपीओ में 246 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी होंगे और 40 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश होगी। टी पोस्ट के आईपीओ में 1.43 करोड़ नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और 1.43 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश भी शामिल होगी।

### देश का निर्यात फरवरी में 0.81 प्रतिशत घटकर 36.61 अरब डॉलर

**नयी दिल्ली।** देश का वस्तु निर्यात फरवरी में 0.81 प्रतिशत घटकर 36.61 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आयात फरवरी में 24.11 प्रतिशत बढ़कर 63.71 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया जबकि फरवरी, 2025 में यह 51.33 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन महीने में व्यापार घाटा 27.1 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने व्यापार आंकड़ों पर मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि चुनौतियों के बावजूद देश का निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-फरवरी अवधि में देश का निर्यात 1.84 प्रतिशत बढ़कर 402.93 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। इसी अवधि में आयात भी 8.53 प्रतिशत बढ़कर 713.53 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न लॉजिस्टिक चुनौतियों की वजह से मार्च में निर्यात में गिरावट देखने को मिल सकता है। यह संकट 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद उत्पन्न हुआ है जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य सहित प्रमुख व्यापार मार्गों में व्यापक व्यवधान आया है।

### पश्चिम एशिया संकट: देश की कोयला मांग, बिजली क्षेत्र की जरूरतें पूरी करने को तैयार एसईसीएल

**नयी दिल्ली।** कोल इंडिया लिमिटेड की दूसरी सबसे बड़ी कोयला उत्पादक इकाई साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक हरीश दुहान ने सोमवार को कहा कि कंपनी बदलती वैश्विक ऊर्ज़ा परिस्थितियों के बीच देश की कोयला मांग, विशेषकर बिजली क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे वैश्विक ऊर्ज़ा मार्ग प्रभावित हुए हैं जिससे आयातित कोयला एवं द्रवीकृत प्राकृतिक गैस की लागत बढ़ गई है। इसका अप्रत्यक्ष दबाव भारत के कोयला और बिजली क्षेत्रों पर पड़ रहा है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक दुहान ने बातचीत में कहा कि कंपनी मजबूत परिचालन गति बनाए हुए है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने मार्च के मध्य तक करीब 16.5 करोड़ टन कोयले का उत्पादन और 16.9 करोड़ टन से अधिक कोयले का प्रेषण किया है जिससे बिजलीघरों तथा अन्य उपभोक्ताओं को स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। कंपनी एनटीपीसी, राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएनएल) और मध्य प्रदेश पावर जेनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) जैसे प्रमुख बिजली उत्पादकों को कोयला आपूर्ति करती है। दुहान ने बताया कि कंपनी के पास फिलहाल करीब 2.3 करोड़ टन कोयले का भंडार है जो बिजली क्षेत्र से मांग बढ़ने की स्थिति में पर्याप्त सहारा प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त कंपनी के पास लगभग 1.2 करोड़ टन कोयला भंडार ऐसा है जिसे तुरंत उत्पादन में बदला जा सकता है जिससे परिचालन में मजबूती बनी रहती है।

# एआई क्षेत्र में संभावित प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में सीसीआई: चेयरपर्सन

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने सोमवार को कहा कि आयोग कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में उभरने वाली प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयार कर रहा है जिनमें एल्गोरिथम संबंधी मिलीभगत भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि निगरानी संस्था खेल, नागर विमानन, 'पेंट व वार्निश' तथा मद्य क्षेत्रों में भी प्रतिस्पर्धा-विरोधी मामलों की जांच कर रही है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) बाजार में अनुचित व्यापारिक गतिविधियों पर नजर रखता है। उन्होंने कहा कि हम कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में उभरने वाली किसी भी प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधि के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे हैं। कौर ने कहा कि हमने संभावित प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों की पहचान की है३ जिसमें कृत्रिम मेधा (एआई) की मूल्य श्रृंखला में अत्यधिक केंद्रीकरण शामिल हो सकता है। इसमें एल्गोरिथम आधारित मिलीभगत, लक्षित मूल्य भेदभाव, स्वयं को प्राथमिकता देना या कृत्रिम मेधा (एआई) में किसी प्रकार की अपारदर्शिता शामिल हो सकती है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने पिछले वर्ष कृत्रिम मेधा (एआई) और प्रतिस्पर्धा पर एक बाजार अध्ययन भी जारी किया था। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित प्रतिस्पर्धा कानून के अर्थशास्त्र पर 11वें राष्ट्रीय सम्मेलन में आयोग की चेयरपर्सन ने कहा कि नियामक के पास आए करीब 90 प्रतिशत प्रतिस्पर्धा-विरोधी मामलों का निपटारा किया जा चुका है। उन्होंने कहा, '' हमें हर क्षेत्र से प्रतिस्पर्धा-विरोधी मामलों की जानकारी मिलती है। आयोग को कुल 1,360 प्रतिस्पर्धा-विरोधी सूचनाएं प्राप्त हुई हैं और इनमें से 1,211 मामलों का निपटारा किया जा चुका है।

# सोना और चांदी की कीमत में मामूली गिरावट

एजेंसी




नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक कमजोरी नजर आ रही है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,59,650 रुपये से लेकर 1,59,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,46,340 रुपये से लेकर 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,74,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,59,800 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,59,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,59,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,46,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,59,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,46,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,59,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,46,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,59,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,59,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,46,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पूर्व सेना प्रमुख पांडे का डीपफ़ेक वीडियो सामने आया

# सरकार ने पाकिस्तान से जुड़े खातों को ठहराया दोषी

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और बढ़ते तनाव के बीच पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का एक डिजिटल रूप से संपादित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है जिसमें झूठा दावा किया गया है कि इजरायल ने भारतीय सेना को एक ''नैतिक बल'' से ''जातीय बल'' में बदल दिया है।

सरकार ने इस वीडियो को प्रसारित करने वाली कई पोस्टों को डीपफ़ेक बताते हुए चिह्नित किया है और कहा है कि इसे पाकिस्तान से जुड़े दुष्प्रचार खातों द्वारा पश्चिम एशिया संकट के दौरान भारत को निशाना बनाने वाले एक व्यापक दुष्प्रचार अभियान के तहत प्रसारित किया जा रहा है।

हाल ही में माइक्रोब्लॉगिंग साइट 'एक्स' पर कई हैंडल्स द्वारा साझा किए गए पोस्ट में पूर्व सेना प्रमुख एक कार्यक्रम में बोलते हुए दिखाई दे रहे हैं। डिजिटल रूप से संपादित क्लिप में जनरल पांडे (सेवानिवृत्त) को यह कहते हुए सुना जा सकता है, ''इजरायल का समर्थन करने से हमारी भारतीय सेना को सबसे बड़ा नुकसान हुआ है। हमारी भारतीय सेना को हमेशा एक नैतिक बल के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। वर्तमान स्थिति इसे एक जातीय बल में बदल रही है। मेरी बात याद रखना, यह स्थिति पूर्ण विद्रोह की ओर बढ़ रही है। हम सभी ने असम में जो हो रहा है वह देखा है। हमारी सेना को इजरायली प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिनका पहला निर्देश यह है कि सभी मुसलमान, सिख, रेंगमा और कुकी इंसान नहीं हैं। वे पहले उन्हें अमानवीय बनाना सिखाते हैं और फिर उन पर अत्याचार करते हैं। यह ठीक नहीं है। अगर यह जारी रहा तो इससे आंतरिक विद्रोह होगा।''




प्रेस सूचना ब्यूरो की फैक्ट चेकिंग यूनिट ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''डीपफ़ेक अलर्ट! पाकिस्तानी दुष्प्रचार करने वाले खाते एक डिजिटल रूप से हेरफ़ेर किया हुआ वीडियो प्रसारित कर रहे हैं, जिसमें पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे (सेवानिवृत्त) को भारतीय सेना के बारे में झूठे बयान देते हुए गलत तरीके से दिखाया गया है। सावधान! यह एआई द्वारा निर्मित डीपफ़ेक वीडियो है। पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे (सेवानिवृत्त) ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है।''

मूल, बिना संपादित वीडियो साझा करते हुए सरकार ने कहा कि पाकिस्तानी दुष्प्रचार करने वाले खाते जनता को गुमराह करने और भारतीय सशस्त्र बलों में विश्वास को कम करने के लिए एक समन्वित दुष्प्रचार अभियान के तहत ऐसे हेरफ़ेर किए गए वीडियो प्रसारित कर रहे हैं।

मूल वीडियो क्लिप में पूर्व सेना प्रमुख भविष्य के लिए तैयार रहने की आवश्यकता पर बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''हम एक जटिल दुनिया में रहते हैं। हमें न केवल वर्तमान सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सक्षम होना चाहिए, बल्कि भविष्य का भी अनुमान लगाना चाहिए। एक बार अनुमान लगा लेने के बाद, आपको उसी के अनुसार तैयारी करनी होगी। आपके पास वे क्षमताएं होनी चाहिए जो आपको भविष्य के युद्धों को प्रभावी ढंग से लड़ने में सक्षम बनाएंगी। सशस्त्र बलों को भविष्य के लिए तैयार रहना होगा।'' इसमें नागरिकों को यह भी चेतावनी दी गई कि वे जानकारी साझा करने से पहले आधिकारिक और विश्वसनीय स्रोतों से उसकी पुष्टि कर लें।

# सरकार ने फिर दोहराया देश में कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच देश में ऊर्जा सुरक्षा, व्यापारिक जहाजों के सुरक्षित निकासी और भारतीयों की स्वदेश वापसी के प्रयास कर रही है। सरकार ने फिर दोहराया कि देश में कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं है और वितरण एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है। एलपीजी से लदा एक जहाज भारतीय तट पर पहुंच रहा है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को सप्लाई लगातार मिल रही है और डिस्ट्रीब्यूटर-लेवल पर कहीं भी स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि अब लगभग 90 प्रतिशत एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन ही की जाती हैं और 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' का इस्तेमाल बढ़कर 72 प्रतिशत तक पहुंच गया है। राज्यों ने जमाखोरी और कालाबाज़ारी के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज़ कर दी है। साथ ही, जिन उपभोक्ताओं के पास पीएनजी और एलपीजी दोनों कनेक्शन हैं, उन्हें सलाह दी गई है कि वे अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर दें और घबराहट में बुकिंग करने से बचें। इसके अलावा कच्चे तेल की सप्लाई पर्याप्त बनी हुई है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। पेट्रोल पंप भी सामान्य रूप से चल रहे हैं और कहीं भी तेल खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। प्राकृतिक गैस की सप्लाई भी बिना किसी रुकावट के जारी है और सीएनजी तथा पीएनजी उपभोक्ताओं के लिए 100 प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। कमर्शियल एलपीजी इस्तेमाल करने वालों को पीएनजी पर स्विच करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए सीजीडी कंपनियां इंसेंटिव दे रही हैं और नए कनेक्शन देने की प्रक्रिया को भी तेज़ कर रही हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को कहा कि तमाम मुश्किलों के बावजूद, तेहरान स्थित हमारा दूतावास पूरी तरह से काम कर रहा है। पिछले कुछ दिनों में, दूतावास ने उन छात्रों को भी तेहरान से बाहर निकालकर ऐसे शहरों में पहुँचाया है, जो उनके लिए ज़्यादा सुरक्षित हैं।उन्होंने जानकारी दी कि ईरान में मौजूद 550 से ज़्यादा भारतीय नागरिक ज़मीनी सीमा पार करके आर्मेनिया पहुंच गए हैं। इसके अलावा ईरान से हमारे लगभग 90 नागरिक ज़मीनी सीमा के रास्ते अज़रबैजान भी पहुंचे हैं। इन लोगों की आवाजाही में तेहरान स्थित हमारे दूतावास ने मदद की। दूतावास ने उन्हें वीज़ा दिलाने के साथ-साथ ज़रूरी इमिग्रेशन की औपचारिकताएँ पूरी करने में भी सहायता दी। इनमें से 284 तीर्थयात्रा के लिए ईरान गए थे।

# ट्रंप ने ईरान के 'झूठ' फैलाने के लिए मीडिया पर साधा निशाना

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया है और कुछ मीडिया संस्थानों पर ईरान युद्ध को लेकर झूठी खबरें फैलाने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि ईरान झूठी सूचनाएं फैलाने में माहिर है और वह एआई का उपयोग कर भ्रामक सामग्री तैयार कर रहा है, जिसे कुछ मीडिया संस्थान प्रसारित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान सैन्य रूप से कमजोर है, लेकिन जनसंपर्क और मीडिया प्रबंधन के जरिए गलत सूचनाएं फैलाने में कुशल है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मीडिया संस्थान गलत रिपोर्टिंग कर रहे हैं और अमेरिकी प्रसारण माध्यमों का उपयोग देश के खिलाफ प्रचार के लिए कर रहे हैं। श्री ट्रंप ने कहा कि ऐसी संस्थाओं के खिलाफ देशद्रोह जैसे आरोपों में कार्रवाई की जानी चाहिए। श्री ट्रंप ने दावा किया कि ईरान द्वारा जारी किए जा रहे कई वीडियो और तस्वीरें एआई से तैयार की गयी हैं, जिनमें समुद्र में जहाजों पर हमले या आग लगने जैसे दृश्य दिखाए जा रहे हैं, जबकि वास्तविकता में ऐसा कुछ नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन अमेरिकी ईंधन आपूर्ति विमानों के क्षतिग्रस्त होने की खबरें सामने आई थीं, वे सभी अब भी सेवा में हैं और उनमें से एक विमान जल्द ही फिर से उड़ान भरेगा। श्री ट्रंप ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ मीडिया संस्थानों ने अमेरिकी विमानवाहक पोत के क्षतिग्रस्त होने की झूठी खबरें प्रसारित कीं, जबकि उस पर कोई हमला नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि ईरान और कुछ मीडिया संस्थान मिलकर झूठी कहानियां गढ़ रहे हैं और इन्हें प्रसारित कर रहे हैं।

# चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के दिये निर्देश

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों और छह राज्यों में होने वाले उपचुनाव के लिये आदर्श चुनावी आचार संहिता का सख्ती से लागू करने और पालन करने के निर्देश दिये हैं।

ज्ञात रहे है कि आयोग ने एक दिन पहले रविवार को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडू और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के लिए आम चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की थी। इसके साथ ही इन राज्यों में आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी थी।

चुनाव आयोग ने चुनावी राज्यों के मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं। यह आचार संहिता संबंधित राज्यों के संदर्भ में केंद्र सरकार पर भी लागू होगी, विशेष रूप से नई घोषणाओं और नीतिगत फैसलों के मामले में। आयोग ने निर्देश दिया है कि सरकारी, सार्वजनिक और निजी संपत्तियों पर लगे पोस्टर, बैनर या अन्य प्रकार के प्रचार से होने वाली तोड़-फोड़ को तुरंत हटाया जाए। किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार द्वारा सरकारी वाहनों, सरकारी आवास या अन्य सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग पर पूरी तरह रोक रहेगी। इसके साथ ही सरकारी खर्च पर विज्ञापन जारी करने पर भी प्रतिबंध रहेगा। आयोग ने इस संबंध में नागरिकों की निजता का सम्मान करने पर भी जोर दिया है। इसके साथ ही किसी भी व्यक्ति के निजी आवास के बाहर प्रदर्शन या धरना देने की अनुमति नहीं होगी। इसी तरह किसी भी भूमि, भवन या दीवार पर मालिक की अनुमति के बिना झंडे, पोस्टर या बैनर नहीं लगाए जा सकेंगे। आयोग ने आचार संहिता के उल्लंघन पर नजर रखने के लिए शिकायत निगरानी प्रणाली भी स्थापित की है। इसके तहत कोई भी नागरिक या राजनीतिक दल हेल्पलाइन नंबर 1950 पर शिकायत दर्ज करा सकता है। इसके अलावा सी-विजिल ऐप और ईसीआईनेट पोर्टल के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। आयोग ने बताया कि शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 5,173 से अधिक फ्लाइंग स्क्वॉड (उड़न दस्ते) तैनात किए गये हैं। इसके अलावा 5,200 से अधिक स्टैटिक सर्विलांस टीमें भी निगरानी के लिए लगाई गई हैं, जिनका उद्देश्य शिकायत मिलने के 100 मिनट के भीतर कार्रवाई करना है। आयोग ने राजनीतिक दलों को निर्देश दिया है कि वे सभाओं और जुलूसों के आयोजन से पहले पुलिस प्रशासन को सूचित करें, ताकि यातायात और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# सुप्रीम कोर्ट ने प्रोफ़ेसर महमूदाबाद के ख़िलाफ़ आपराधिक कार्यवाही समाप्त की

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफ़ेसर अली खान महमूदबाद के ख़िलाफ़ 'ऑपरेशन सिंदूर' पर उनके सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चल रही आपराधिक कार्यवाही समाप्त दी। इससे पहले हरियाणा सरकार ने शीर्ष अदालत को बताया था कि उसने प्रोफ़ेसर के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए मंज़ूरी देने से इनकार कर दिया है।

हरियाणा पुलिस ने पिछले साल मई में प्रोफ़ेसर महमूदबाद को गिरफ़्तार किया था। यह मामला प्रोफ़ेसर महमूदबाद के ख़िलाफ़ दर्ज एक प्राथमिकी से जुड़ा था, जिसमें उन पर भारत में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले बर्ताव को लेकर सोशल मीडिया पर कुछ टिप्पणियां करने का आरोप था। ये टिप्पणियां 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रेस ब्रीफ़िंग का नेतृत्व करने वाली कर्नल सोफ़िया कुरैशी की तारीफ़ के संदर्भ में की गयी थीं।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इस मामले का निपटारा करते हुए कहा, ''हमें इस बात पर शक करने का कोई कारण नहीं है कि याचिकाकर्ता, जो एक अत्यंत विद्वान प्रोफ़ेसर हैं, भविष्य में भी समझदारी और विवेकपूर्ण तरीके से ही काम करेंगे। उच्चतम न्यायालय ने इससे पहले राज्य सरकार से आग्रह किया था कि वह इस मामले पर पुनर्विचार करे और अभियोजन की मंज़ूरी देने से इनकार कर इस मामले को बंद कर दे। पिछले साल मई में, उच्चतम न्यायालय ने प्रोफ़ेसर को अंतरिम ज़मानत दे दी थी, लेकिन ज़मानत देते समय मौखिक रूप से उनकी पोस्ट की आलोचना भी की थी। शीर्ष अदालत ने इन पोस्ट का असली मतलब समझने और यह पता लगाने के लिए कि क्या उनमें कोई आपराधिक तत्व मौजूद था, एक विशेष जांच दल का भी गठन किया था।

## पेज एक का शेष

### बच्चों को रोने ...

संचालित कर रहे हैं। जहां विरोध को भी अपने में समाहित करने का सामर्थ्य हो और समतामूलक समाज को एकता के सूत्र में आगे बढ़ाने की ताकत हो, वही भारत है। भारत ने दुनिया को जीने की कला सिखाई। ऋषि-मुनियों की साधना, वीर-वीरांगनाओं के बलिदान, अन्नदाता किसानों के परिश्रम, कारीगरों की उद्यमिता, हस्तशिल्पियों के कार्य व श्रमिकों के पसीने से भारत का निर्माण हुआ है। समाज का हर तबका जुडकर योगदान देता है तो देश 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' बनता है। धर्म जोड़ता है और जातिवाद व्यवस्था को कमजोर करता हैमुख्यमंत्री ने मत्स्यनाथ पीठ, फतेहपुर में बाबा अमृतनाथ पीठ आदि का जिक्र किया और कहा कि मंच पर बैठे सभी योगेश्वर गुरु परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। इन पीठों के द्वारा समाज व समिष्टि के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। भक्ति, साधना व सामर्थ्य के माध्यम से लोककल्याण का बड़ा अभियान चल रहा है। हम भी इस परंपरा को बढ़ाने में अपनी ओर से प्रयास प्रारंभ करें। भारत छोड़कर किसी भी देश में ऋषि-मुनियों की परंपरा से जुड़ने का अवसर नहीं मिलेगा। हमारे पास लंबी विरासत-परंपरा है। सनातन धर्मावलंबी आश्रम व संतों-योगेश्वरों के साथ संवाद-संबंध जोड़कर परंपरा से रच-बस जाता है। उसे यहां परिवार, अपनत्व, अभिभावक का भाव दिखता है। ईश्वर के अवतार की भूमि भी सिर्फ भारत ही बनती है। धर्म जोड़ने का माध्यम है, लेकिन जातिवाद व्यवस्था को कमजोर करता है। गोरक्षपीठाधीश्वर ने कहा कि नाथ संप्रदाय की परंपरा हर काल खंड में धराधाम पर विराजमान है। संत, योगी, योगेश्वर सदैव अजर-अमर हैं। इनकी कृपा भक्तों व आस्थावान श्रद्धालुओं पर बरसती है। हम भी प्रयास करें क्योंकि देश, समाज, धर्म के लिए किया गया योगदान कभी व्यर्थ नहीं जाता। समाज को बांटने का पाप करने वाले को समझाएं और उसे दूर करने का प्रयास करें। वीरों-वीरांगनाओं के बलिदान से बना है यह देशमुख्यमंत्री ने वीरमदेव, कीर्ति चौहान आदि वीरों को याद करते हुए कहा कि यह देश वीरों व वीरांगनाओं के बलिदान से बना है। चित्तौड़गढ़ में रानी पद्मिनी ने हजारों वीरांगनाओं के साथ जौहर किया था। जालोर में भी अलाउद्दीन खिलजी और उसके बाद भी यह परंपरा देखने को मिली। मुख्यमंत्री ने सिरे मंदिर की बारीक कारीगरी, दुर्लभ कला, शिलालेखों का जिक्र करते हुए महाराजा मान सिंह के योगदान की भी चर्चा की। पहले की सरकारों ने बांटा, मोदी जी ने देश को जोड़ामुख्यमंत्री ने कहा कि भारतवासी समृद्ध विरासत के वारिस हैं, इसलिए इसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी हमारी होनी चाहिए। दुनिया में सर्वाधिक कामकाजी (56-60 फीसदी) लोग भारत में हैं, जो परिश्रम, पुरुषार्थ करते हैं। इनकी ताकत ही भारत की ताकत है। भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया की बड़ी ताकत बनने की ओर अग्रसर हुआ है। नेतृत्व पर निर्भर करता है कि ताकत का इस्तेमाल किस रूप में करता है। पहले की सरकारों ने बांटने पर विश्वास किया था तो हम जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर बंटे थे। कश्मीर व नक्सलवाद की समस्या, भाषाई विवाद, जातीय संघर्ष, अराजकता का तांडव था। शासन की सुविधाओं का लाभ गरीबों, दलितों, वंचितों, अतिपिछड़ों को नहीं मिलता था। मोदी ने देश को एक स्वर में जोड़ने का काम किया। कश्मीर, नक्सलवाद की समस्या का समाधान निकाला और गरीबों को बिना भेदभाव सुविधाएं और अधिकार दिलाए। ट्रेन, रोड, मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट, मेट्रो, इंजीनियरिंग कॉलेज, आईआईएम, एम्स आदि संस्थाएं दीं मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारें आस्था को अंधविश्वास मानती थीं, लेकिन पीएम मोदी ने कहा कि सनातन धर्म की आस्था भारत की आस्था है। आस्था के बिना कोई समाज आगे नहीं बढ़ सकता। इसके लिए उन्होंने कार्य भी प्रारंभ किया। राम मंदिर का निर्माण 1947, 1948, 19 49 या 1950 में भी हो सकता था, लेकिन नहीं हुआ। हम अभिवादन में राम-राम कहते हैं, लेकिन पिछली सरकारें कहती थीं कि राम कृष्ण हुए ही नहीं। जिसने राम को नकारा, उन्हें प्रभु ने भी ठुकरा दिया। अब अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो गया। जब 145 करोड़ जनशक्ति का भारत बोलता है तो 500 वर्ष की विकट समस्या का भी समाधान होता है। जब एकजुट होकर सोचेंगे, बोलेंगे और सामूहिक प्रयास करेंगे तो राम मंदिर जैसी सफलता प्राप्त होगी। काशी में काशी विश्वनाथ धाम बन गया। मथुरा-वृंदावन में भी ऐसी व्यवस्था चल रही है। बस करने की इच्छाशक्ति और मन में भाव होना चाहिए। हम एकजुट होकर मुकाबला करते तो कोई भी आक्रांता भारत के सामने ठहर नहीं सकतामुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आस्था केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना का प्रज्ज्वलित दीप भी है। आस्था बनी रहेगी तो राष्ट्रीयता को भी ऊर्जा प्राप्त होती रहेगी।

### ईरान युद्ध का स्थायी अंत...

रही है, लेकिन ईरान की दृढ़ता, रक्षा और जवाबी कार्रवाई पूरे राष्ट्र के लिए गर्व का विषय है। श्री अराघची ने होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद किए जाने के सवाल पर कहा कि यह मार्ग ईरान के दुश्मनों और आक्रमण करने वाले देशों को छोड़कर अन्य देशों के लिए खुला है। उन्होंने कहा कि अब तक विरोधी पक्ष को स्पष्ट संदेश मिल चुका है कि ईरान अपनी रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाने को तैयार है और आवश्यकता पड़ने पर संघर्ष जारी रखेगा। दूसरी ओर,अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग के बंद होने के मद्देनजर चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अन्य देशों से इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग की सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि यदि सहयोगी देश मदद नहीं करते हैं तो नाटो के लिए भविष्य ''बहुत खराब'' हो सकता है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अब तक ऑस्ट्रेलिया और जापान ने स्पष्ट किया है कि वे फिलहाल अपने जहाज भेजने की योजना नहीं बना रहे हैं। ब्रिटेन ने कहा है कि वह विकल्पों पर विचार कर रहा है, जबकि चीन ने संघर्ष को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया है। श्री अराघची ने साफ किया है कि जो देश जलडमरूमध्य के सुरक्षित उपयोग को लेकर बातचीत करना चाहते हैं, उनके साथ ईरान चर्चा के लिए तैयार है। अमेरिका और इज़रायल की ओर से ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू करने के बाद से अब तक राजधानी तेहरान में कम से कम 500 लोग मारे गए हैं और 5,700 लोग घायल हुए हैं। ईरान के मार्कज़ी प्रांत में सोमवार को कम से कम पांच लोगों की मौत हुई, जबकि सात अन्य घायल हो गये। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ये हमले अलग-अलग स्थानों पर किये गये। इस बीच, पश्चिम एशिया में इस युद्ध की लपटें सोमवार को भी फैलती रहीं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह में एक पेट्रोलियम केन्द्र पर ड्रोन हमले के बाद आ लग गयी, हालांकि इसपर समय रहते काबू पा लिया गया।

### फरवरी में थोक...

विनिर्मित उत्पादों के मोर्चे पर भी महंगाई में हल्की बढ़ोतरी हुई। फरवरी में इस श्रेणी की थोक महंगाई 2.92 प्रतिशत रही, जो जनवरी में 2.86 प्रतिशत थी। वहीं गैर-खाद्य वस्तुओं की महंगाई 7.58 प्रतिशत से बढ़कर 8.80 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो इस बात का संकेत है कि कच्चे माल और अन्य जरूरी औद्योगिक वस्तुओं की कीमतों में दबाव बना हुआ है। दूसरी ओर, ईंधन और बिजली श्रेणी में गिरावट यानी डिफ्लेशन का दौर जारी रहा। फरवरी में इस श्रेणी में महंगाई दर माइनस 3.78 प्रतिशत रही, जबकि जनवरी में यह माइनस 4.01 प्रतिशत थी। इसका मतलब है कि इस क्षेत्र में कीमतें अभी भी पिछले साल के मुकाबले नीचे बनी हुई हैं, हालांकि गिरावट की रफ्तार थोड़ी कम हुई है। इस बीच, खुदरा महंगाई भी फरवरी में बढ़कर 3.2 प्रतिशत हो गई, जो जनवरी में 2.75 प्रतिशत थी। खुदरा महंगाई के ये आंकड़े पिछले सप्ताह जारी किए गए थे। भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दरों पर फैसला लेते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई को आधार मानता है। चालू वित्त वर्ष में महंगाई के अपेक्षाकृत निचले स्तर पर बने रहने के बीच अब तक 1.25 प्रतिशत अंक की कटौती कर चुका है। थोक महंगाई में लगातार चौथे महीने आई तेजी यह संकेत देती है कि बाजार में कीमतों का दबाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। हालांकि सब्जियों में राहत मिली है, लेकिन खाद्य और गैर-खाद्य दोनों श्रेणियों में बढ़ती कीमतें आने वाले समय में महंगाई के रुख पर असर डाल सकती हैं।

### पीएनजी कनेक्शन...

एक शिवालिक आज शाम गुजरात में मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंच रहा है और दूसरे के कल तक पहुंचने की संभावना है। ये दोनों टैंकर कुछ दिन पहले ही होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकले थे। पश्चिम एशियाई देशों में फंसे भारतीयों में से दो लाख 20 हजार भारतीय अब तक स्वदेश लौट चुके हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यहाँ मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि एलपीजी का उपयोग करने वाले वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अपनी संबंधित सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों से ईमेल, उपभोक्ता पोर्टल, पत्र या कॉल सेंटर के माध्यम से संपर्क करके पीएनजी में स्विच कर सकते हैं। कंपनियों का विवरण पीएनजी सेवा वेबसाइटों पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ईंधन की ओर लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए कई कंपनियों ने प्रोत्साहन योजनाएँ घोषित की हैं। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड और गेल गैस लिमिटेड ने घरेलू उपभोक्ताओं को 31 मार्च से पहले पीएनजी कनेक्शन लेने और गैस की खरीद शुरू करने पर 500 रुपये मूल्य की मुफ्त गैस दे रही है। महानगर गैस लिमिटेड ने नये घरेलू उपभोक्ताओं को पंजीकरण शुल्क में 500 रुपये की छूट की पेशकश की है। वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए उसने और बीपीसीएल ने जमा राशि माफ करने की बात कही है। इस श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट एक लाख रुपये से पांच लाख तक होती है। अधिकारियों ने बताया कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड ने भी कंपनियों को अतिरिक्त संसाधन तैनात करने और पीएनजी कनेक्शनों के विस्तार की प्रक्रिया तेज करने की सलाह दी है। श्रीमती शर्मा ने बताया कि स्थिति अभी भी चिंताजनक है लेकिन उपभोक्ताओं को सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है और किसी भी वितरक के पास गैस खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं है।

### साहित्य अकादेमी...

संस्कृत में श्री महामहोपाध्याय साधु भद्रेश दास 'प्रस्थानचतुष्टये ब्रह्मघोषः' तथा मराठी में श्री राजू बाविस्कर को उनकी आत्मकथा 'कालयानिलया रेषा' के लिए यह पुरस्कार दिया जायेगा। पुरस्कार के लिए चुने गये अन्य भाषाओं के साहित्यकारों में असमिया में श्री देवव्रत दास को उनके उपन्यास 'कड़ि खेलर साधु,' बांग्ला में श्री प्रसून बंद्योपाध्याय को उनके कविता संग्रह 'श्रेष्ठ कविता', बोडो में सहायसुलि ब्रह्म को उपन्यास 'दोनै लामाः मोनसे गाथोन', डोगरी में खजूर सिंह ठाकुर को कविता दोहे के संग्रह 'ठाकुर सतसई', गुजराती में योगेश वैद्य को उनके कविता संग्रह 'भट्ट खडकी', कन्नड़ में अमरेश नुगडोनी को कहानी संग्रह 'दडा सेरिसु तंदे', कश्मीरी में अमरेश नुगडौणी को कविता 'नजदावनेकी पॉट अलाव' के लिए प्रदान किया जायेगा। इनके अलावा कोंकणी भाषा में हेनरी मेंडोंका (एचेम पेसनाल) को उनके आलोचनात्मक निबंध ''कोंकणी काव्यः रूप आनी रूपकं, मलयालम भाषा में एन. प्रभाकरण को उनके उपन्यास 'मायामानुश्यर', मणिपुरी भाषा में हाओबाम नलिनि को उनके कहानी-पुस्तक 'कंगलमद्रीब इफुत', नेपाली भाषा में प्रकाश भट्टराई को उनके निबंध 'नेपाली पारम्परिक संस्कृति र सभ्यताको बुकटी', ओड़िया भाषा में गिरिजाकुमार बलियारसिंह को उनकी कविता-पुस्तक 'पद्पुराण', को भी पुरस्कार देने के लिए चुना गया है। संताली भाषा में सुमित्रा सोरेन को उनकी कहानी-पुस्तक 'मिड बिर्ना चेनने साओन इनाग सागई', सिंधी भाषा में भगवान अटलानी को उनकी कहानी-पुस्तक 'वाघू', तमिल भाषा में सा तमिलसेलवन को उनकी साहित्यिक आलोचना-पुस्तक 'तमिल सिरुकथैयिन थडंगल', और तेलुगु भाषा में नंदिनी सिद्धरेड्डी को उनकी कविता-पुस्तक 'अनिमेष' के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार देने की घोषणा की गयी है।

### बंगाल में आयोग...

फेरबदल किया है। एडीजी (कानून व्यवस्था) विनीत गोयल की जगह 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय मुकुंद रानाडे को नया एडीजी और आईजीपी (कानून व्यवस्था) नियुक्त किया गया है।एक अन्य फ़ेरबदल में, 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी नटराजन रमेश बाबू को जेल महानिदेशक नियुक्त किया गया है। यह नवीनतम फ़ेरबदल रविवार देर रात चुनाव आयोग द्वारा लिए गए एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय के बाद हुआ है, जिसमें पश्चिम बंगाल की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीना को उनके पदों से हटा दिया गया था। श्री दुष्यंत नारियाला को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है, जबकि संघमित्रा घोष को गृह एवं पर्वतीय मामलों के विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है।आयोग ने कहा कि राज्य की चुनाव तैयारियों की समीक्षा के बाद ये बदलाव किए गए हैं और इनका उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया के दौरान प्रशासन में निष्पक्षता सुनिश्चित करना है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा रविवार को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित करने के तुरंत बाद इस फ़ेरबदल की घोषणा की गई। राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होंगे, जबकि मतगणना चार मई को होगी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए आयोग ने कहा था कि चरणों की संख्या कम होने के बावजूद, वह पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा-मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सूत्रों ने बताया कि वरिष्ठ राज्य और कोलकाता पुलिस अधिकारियों के तबादलों सहित प्रशासनिक फ़ेरबदल इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए किया गया था।

### भाजपा ने पश्चिम बंगाल के लिए...

को चुनाव कराये जाएंगे। पहले चरण में 152 और दूसरे चरण में 142 सीटों पर मतदान कराया जाएगा। भाजपा पहला दल है जिसने अब तक पश्चिम बंगाल के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। प्रधानमंत्री और भाजपा अध्यक्ष तथा पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता पिछले कुछ दिनों में राज्य का दौरा कर चुनाव अभियान का बिगुल बजा चुके हैं।

### अस्पताल में भीषण...

जाएगी। एक अधिकारी ने बताया कि आग देर रात ढाई बजे से तीन बजे के बीच लगी। दमकलकर्मी तुरंत अस्पताल पहुंचे और आग बुझाने के लिए अभियान शुरू किया। दमकल सेवा के अधिकारियों ने अस्पताल के कर्मचारियों, पुलिस कर्मियों और मरीजों के तीमारदारों के साथ मिलकर आईसीयू में भर्ती मरीजों को बाहर निकाला और उन्हें एससीबी अस्पताल के अन्य विभागों में स्थानांतरित किया। माझी ने स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग के साथ अस्पताल का दौरा किया और स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों का भी हालचाल जाना। उन्होंने कहा, ''मैंने संबंधित अधिकारियों को घायल मरीजों और कर्मचारियों के उचित उपचार के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजन को 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की है। माझी ने बताया कि 11 चिकित्सा अधिकारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर बचाव अभियान में हिस्सा लिया और उनका अस्पताल के एक वार्ड में इलाज हो रहा है। उन्होंने बताया, ''पदभार ग्रहण करने के बाद मैंने संबंधित विभाग को सभी चिकित्सा संस्थानों को आग लगने की स्थिति से निपटने के लिए तैयार करने के निर्देश दिए थे और मैंने उन्हें इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने इस उद्देश्य के लिए 2025-26 के वार्षिक बजट में 320 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जबकि आगामी वर्ष (2026-27) के बजट में 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी चिकित्सा प्रतिष्ठानों में अग्निशमन उपकरण लगाने का काम युद्धस्तर पर जारी है। विपक्ष के नेता नवीन पटनायक के कार्यालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पटनायक ने आग लगने की घटना में मारे गए 10 मरीजों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और उनका एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का दौरा करने का कार्यक्रम है

# मुख्यमंत्री ने पटना समाहरणालय का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना समाहरणालय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पटना समाहरणालय के विकासात्मक कार्यों का जायजा भी लिया। मुख्यमंत्री ने समाहरणालय भवन के पांचवे तले पर मीटिंग हॉल, उप विकास आयुक्त जिला परिषद कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी सदर कार्यालय का मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने समाहरणालय के सभी तल का भी मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने पटना के कलेक्टेरियट घाट से सभ्यता द्वार तक बनायी जानेवाली सड़क निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। इस सड़क के बन जाने से छठ वर्तियों को पूजा में सहूलियत होगी, मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों को भी इससे सुविधा मिलेगी साथ ही कल्केटेरियट घाट की भव्यता और बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कलेक्टेरियट घाट से सभ्यता द्वार तक बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने समाहरणालय परिसर में बनने वाले वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने डबल डेकर पुल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने बाकी बचे हुये कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से समन्वय स्थापित कर इसको जल्द से जल्द पूरा करें। इन कार्यों के पूर्ण होने से मेट्रो से कनेक्टिविटी और बेहतर हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री के द्वारा निश्चय यात्रा के दौरान पुराने पटना समाहरणालय परिसर के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक के बाद जीर्ण-शीर्ण भवनों का निरीक्षण किया गया था। इन भवनों की जर्जर स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री द्वारा इसी परिसर में पुराने भवनों को तोड़कर नये समाहरणालय भवन के निर्माण का निर्णय लिया गया था। पटना समाहरणालय के नये भवन का निर्माण गंगा नदी के किनारे अवस्थित समाहरणालय के पुराने परिसर में ही जीर्ण-शीर्ण भवनों को तोडकर 632 एकड़ भूखंड पर किया गया है। इस नये भवन मे कुल निर्मित क्षेत्रफल 28388 वर्गमीटर है जो पुराने समाहरणालय की तुलना में काफी ज्यादा है।

# मुंडका में एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी का भंडाफोड़, क्राइम ब्रांच ने 610 सिलेंडर बरामद किए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बाहरी दिल्ली के मुंडका इलाके में एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी और काले कारोबार के बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान एक गोदाम से कुल 610 एलपीजी सिलेंडर बरामद किए गए हैं, जिन्हें नियमों के खिलाफ एक ही जगह पर रखा गया था। पुलिस ने इस मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त संजीव यादव ने सोमवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की एंटी-एक्सटॉर्शन एंड किडनैपिंग सेल यूनिट को गुप्त सूचना मिली थी कि मुंडका क्षेत्र में बड़ी संख्या में एलपीजी सिलेंडरों को अवैध रूप से जमा कर रखा गया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मुंडका स्थित गुरुजी इंडेन गैस सर्विस के गोदाम पर छापा मारा। जांच के दौरान पाया गया कि यहां इंडेन के साथ-साथ भारत गैस और एचपी गैस कंपनियों के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर भी बड़ी संख्या में रखे हुए थे। नियमों के अनुसार यह गैस एजेंसी केवल इंडियन कंपनी के कमर्शियल सिलेंडर की अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर है, लेकिन गोदाम में अन्य कंपनियों के सिलेंडर भी अवैध रूप से जमा किए गए थे, जो एलपीजी आपूर्ति और वितरण नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 610 सिलेंडर बरामद किए, जिनमें 197 भरे हुए और 392 खाली कमर्शियल सिलेंडर शामिल हैं, जबकि 21 छोटे आकार के सिलेंडर भी मिले। बरामद सिलेंडरों में 423 इंडेन, 92 भारत गैस और 95 एचपी गैस के सिलेंडर शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के रिकॉर्ड के अनुसार 10 मार्च तक एजेंसी के पास इंडेन के कमर्शियल सिलेंडरों का स्टॉक शून्य होना चाहिए था, लेकिन छापे के दौरान 133 भरे हुए इंडेन सिलेंडर गोदाम में मौजूद मिले। इससे स्टॉक रिकॉर्ड में गड़बड़ी और अवैध भंडारण की आशंका और मजबूत हो गई है। पुलिस के अनुसार एलपीजी सिलेंडरों की इस तरह अवैध जमाखोरी अक्सर सप्लाई कम होने या कृत्रिम कमी पैदा करने के दौरान की जाती है। बाद में इन सिलेंडरों को बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर मुनाफा कमाया जाता है। यह न केवल उपभोक्ताओं का शोषण है, बल्कि एक ही स्थान पर बड़ी संख्या में ज्वलनशील सिलेंडरों का गलत तरीके से भंडारण गंभीर सुरक्षा खतरा भी पैदा करता है। छापेमारी के दौरान खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों विभाग के फूड सप्लाई ऑफिसर विकास कुमार भी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने पुष्टि की कि इंडेन गैस एजेंसी परिसर में अन्य कंपनियों के एलपीजी सिलेंडर रखना पूरी तरह अवैध है और यह एलपीजी नियंत्रण नियमों का उल्लंघन है।

# बिहार राज्यसभा चुनाव: नितिन नवीन ने किया मतदान, राजद विधायक से मिलाया हाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में राजनीति के लिहाज से आज (सोमवार) का दिन काफी अहम माना जा रहा है। राज्य की पांच राज्यसभा सीटों के लिए विधानसभा परिसर में सुबह 9 बजे से मतदान जारी है, जो शाम 4 बजे तक चलेगा। मतदान के लिए सभी दलों के विधायक लगातार विधानसभा पहुंच रहे हैं और अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा उम्मीदवार नितिन नवीन भी विधानसभा पहुंचे और मतदान किया।

मतदान प्रक्रिया के दौरान अब तक कई विधायकों ने अपने वोट डाल दिए हैं, जबकि बाकी विधायक भी धीरे-धीरे विधानसभा पहुंच रहे हैं। मतदान के दौरान सभी राजनीतिक दल अपने-अपने विधायकों को एकजुट बनाए रखने को लेकर बेहद सतर्क नजर आ रहे हैं। खासतौर पर पांचवीं सीट को लेकर मुकाबला दिलचस्प माना जा रहा है। यही वजह है कि दलों की कोशिश है कि उनके विधायकों का एक भी वोट इधर-उधर न हो। इस कारण मतदान के दौरान नेताओं की हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर राजनीतिक नजरें टिकी हुई हैं। इसी बीच विधानसभा परिसर में एक दिलचस्प दृश्य देखने को मिला। जब नितिन नवीन विधानसभा पहुंचे, तो राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक रणविजय साहू ने उनसे हाथ मिलाया। दोनों नेताओं के बीच हुई इस मुलाकात की तस्वीर सामने आते ही राजनीतिक गलियारों में चर्चा का दौर शुरू हो गया। हालांकि, इस मुलाकात को सामान्य शिष्टाचार बताया जा रहा है। फिर भी राज्यसभा चुनाव के दौरान अलग-अलग दलों के नेताओं की इस तरह की मुलाकातें अक्सर राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन जाती हैं।

# सदर पुलिस के विरोध में नगर परिषद के सफाईकर्मी हड़ताल पर, शहर की सफाई व्यवस्था ठप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुपौल। सदर थाना पुलिस की कार्रवाई के विरोध में सुपौल नगर परिषद के सफाईकर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। सफाईकर्मियों के काम बंद कर देने से शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है और कई जगह कचरे का ढेर लगने लगा है। इससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि मामला शहर के वार्ड संख्या 22 का है, जहां रविवार को नाला खोदने का काम चल रहा था। इसी दौरान अबू बकर नाम के एक युवक पर आरोप है कि उसने वहां काम कर रहे जेसीबी चालक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। घटना के बाद नगर परिषद के कुछ कर्मचारी शिकायत दर्ज कराने के लिए एसटी-एससी थाना पहुंचे। कर्मचारियों का आरोप है कि पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज करने में आनाकानी की। इससे नाराज होकर सफाईकर्मियों ने विरोध स्वरूप थाना गेट के सामने कचरा फेंक दिया। आरोप है कि इस घटना के बाद पुलिस ने नगर परिषद के क्लर्क असजद आलम, जो बिहार लोकल बॉडीज एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव भी हैं, के घर पर छापेमारी की और मारपीट करते हुए कुल पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। इस कार्रवाई के विरोध में नगर परिषद के सफाईकर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। सफाईकर्मियों का कहना है कि जब तक हिरासत में लिए गए कर्मियों को रिहा नहीं किया जाता, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल के कारण सुपौल शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है और जगह-जगह कचरा जमा होने लगा है। वहीं सफाईकर्मियों ने इस मामले में थाना अध्यक्ष और एक सब इंस्पेक्टर पर कार्रवाई की मांग करते हुए एसपी से शिकायत करने की बात कही है।

## आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वच्छता की दिशा में पंजाब सरकार का बड़ा कदम, 2162 केंद्रों में बनेंगे नए शौचालय : डॉ. बलजीत

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने राज्य के आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सरकार ने राज्य के 2162 आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए नए शौचालयों के निर्माण को मंजूरी दी है, ताकि नन्हे बच्चों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण प्रदान किया जा सके।

सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि इन शौचालयों के निर्माण पर कुल 7.78 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रत्येक शौचालय के निर्माण हेतु लगभग 36 हजार रुपये की राशि निर्धारित की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिलों को जल्द ही यह फंड जारी कर दिया जाएगा ताकि निर्माण कार्य बिना किसी देरी के शुरू हो सके।

## कर्ज, गैंगस्टरवाद और नशे का प्रसार है आप सरकार की चार साल की उपलब्धि: सुनील जाखड़

**चंडीगढ़।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने पंजाब में आम आदमी पार्टी ( आप) सरकार के चार साल पूरे होने पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि इस सरकार की मुख्य उपलब्धियां राज्य पर कर्ज का भारी बोझ , गैंगस्टरवाद और नशे का विस्तार रही हैं। श्री जाखड़ ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री गैंगस्टरवाद को अंतरराष्ट्रीय समस्या बताकर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते हैं। उनके अनुसार, हर पंजाबी इस मुद्दे पर सरकार की असलियत जानता है। रोजमर्रा की आपराधिक घटनाओं के कारण लोग डर और असुरक्षा के माहौल में जी रहे हैं। लोगों को फिरौती के फोन आ रहे हैं, जबकि सरकार दावा कर रही है कि सब कुछ नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि यदि नशा खत्म करने के सरकार के दावे सच होते, तो पुलिस को लोगों से ग्राम समितियां बनाकर रात का पहरा देने की अपील नहीं करनी पड़ती।

# जनसुनवाई में 70 शिकायतें दर्ज, 38 का मौके पर निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। जनपदवासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 70 शिकायतें, समस्याएं दर्ज की गईं, जिनमें से 38 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। जनसुनवाई में मुख्य रूप से राजस्व, भूमि विवाद, विद्युत, राशन, अतिक्रमण, पेयजल सहित अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में दर्ज शिकायतों का समयबद्ध और संवेदनशीलता के साथ निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिन मामलों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है, वहां संबंधित विभाग आपसी समन्वय से निरीक्षण कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 36 दिन से अधिक लंबित शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाए। वर्तमान में एल-1 स्तर पर 401 और एल-2 स्तर पर 117 शिकायतें लंबित हैं, जिनके शीघ्र समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही शिकायतकर्ताओं से सिस्टम के माध्यम से फोन पर वार्ता करने को भी कहा गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, अपर जिलाधिकारी पी.आर. चौहान, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.के. सिंह, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला पंचायतराज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नलिनी ध्यानी, अधिशासी अभियंता यूपीसीएल दीपक सैनी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सरिता पंवार, परियोजना निदेशक उरेडा वाई.एस. बिष्ट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि रहे।

# ललित ग्राम जंक्शन से दिल्ली जा रही वैशाली एक्सप्रेस से 4 किलो 165 ग्राम गांजा बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सहरसा। वैशाली एक्सप्रेस से सहरसा आरपीएफ एस्कॉर्ट पार्टी ने 4 किलो 165 ग्राम गांजा बरामद किया।यह ट्रेन ललित ग्राम से नई दिल्ली जा रही थी हालांकि मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। सोमवार को 15565 ललित ग्राम नई दिल्ली वैशाली एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से खुली। सुपौल आने से पहले वैशाली एक्सप्रेस के सामान्य कोच में आरपीएफ एस्कॉर्ट पार्टी ट्रेन की गश्त कर रही थी। अचानक बैठने के सीट के नीचे एक लावारिस संदिग्ध अवस्था में बैग दिखा। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पूछे जाने पर किसी ने उसे बैग के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इसके बाद एस्कॉर्ट पार्टी ने इसकी सूचना सहरसा आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार यादव को दी। घटना की सूचना रेलवे सुरक्षा बल के एनडीओ संतोष कुमार सुमन को भी दी गई। जब ट्रेन सहरसा पहुंची तो आरपीएफ और जीआरपी की टीम पहले से मौजूद थी।वही ट्रेन के रुकने पर फिर से लावारिस बैग के बारे में यात्रियों से पूछताछ की गई लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया।तब स्टेशन अधीक्षक की मौजूदगी में जब बैग की तलाशी ली गई तो उसमें गांजा भरा था। बैग से 4 किलो 165 ग्राम गांजा बरामद किया गया। इस संदर्भ में सूचना जिला प्रशासन को दी गई।

# मुख्यमंत्री ने 63 सफाई निरीक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

■ शहरी विकास निदेशालय के नए भवन का वर्चुअली शिलान्यास- उत्तराखंड आस्था, आध्यात्म और पर्यटन का प्रमुख केंद्रः मुख्यमंत्री



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में शहरी विकास विभाग के अंतर्गत चयनित 63 सफाई निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने लगभग 62 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाले शहरी विकास निदेशालय के नए भवन का वर्चुअली शिलान्यास किया और कूड़ा निस्तारण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले चार वर्षों में लगभग 30 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। उन्होंने लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित सभी सफाई निरीक्षकों से कहा कि यह उनके जीवन में नई जिम्मेदारी की शुरुआत है और उन्हें अपने कर्तव्यों का निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। उन्होंने बताया कि राज्य गठन के समय प्रदेश में केवल 63 स्थानीय नगर निकाय थे, जबकि वर्तमान में 11 नगर निगम, 46 नगरपालिका परिषद और 51 नगर पंचायत सहित कुल 108 स्थानीय निकाय कार्यरत हैं। इससे स्पष्ट है कि राज्य के शहर विकास और आर्थिक गतिविधियों के महत्वपूर्ण केंद्र बन चुके हैं। सरकार इन शहरों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निकाय शहरों के समग्र विकास के मजबूत स्तंभ हैं और सफाई निरीक्षक इसकी आधारशिला हैं। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग पांच वर्षों में शहरी निकायों में 63 अधिशासी अधिकारियों, 22 कर एवं राजस्व निरीक्षकों तथा 32 अवर अभियंताओं को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। 63 सफाई निरीक्षकों की नियुक्ति से नगर निकायों की कार्यक्षमता और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड आस्था, आध्यात्म और पर्यटन का प्रमुख केंद्र है, जहां चारधाम और गंगा-यमुना के पवित्र तीर्थ हर वर्ष लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। वर्ष 2027 में कुंभ मेले का आयोजन प्रस्तावित है और अगले महीने से चारधाम यात्रा भी प्रारंभ होने वाली है। ऐसे अवसरों पर शहरों और तीर्थस्थलों की स्वच्छता और व्यवस्थाओं को बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शहरों को आधुनिक और सुरक्षित बनाने के लिए कई योजनाओं पर कार्य कर रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठोस कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ किया जा रहा है। साथ ही स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन और खुले में शौच मुक्त अभियान के माध्यम से शहरी नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों में अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थापित किए गए हैं तथा निराश्रित गौवंशों के संरक्षण के लिए आश्रय योजना संचालित की जा रही है। कचरा प्रबंधन के लिए मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन बनाए गए हैं और कूड़ा वाहनों की निगरानी के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है।

# छातापुर विद्युत शक्ति उपकेंद्र का डीएम सावन कुमार ने किया औचक निरीक्षण, निर्बाध बिजली आपूर्ति के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुपौल। जिले में बेहतर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को जिलाधिकारी सावन कुमार ने छातापुर स्थित विद्युत शक्ति उपकेंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिजली आपूर्ति से जुड़े विभिन्न फीडरों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया और यह जानकारी ली कि 24 घंटे में उपभोक्ताओं को कितने समय तक बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित रजिस्टर का भी गहन निरीक्षण किया और अधिकारियों से बिजली आपूर्ति की वास्तविक स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी फीडरों का नियमित रूप से समय पर मेंटेनेंस किया जाए, ताकि तकनीकी खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित न हो और उपभोक्ताओं को 24$\times$7 निर्बाध बिजली मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में समान रूप से बेहतर और लगातार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ काम करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी फीडर में तकनीकी समस्या उत्पन्न होती है तो उसका तत्काल समाधान किया जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपकेंद्र परिसर की साफ-सफाई, उपकरणों की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली आम लोगों के दैनिक जीवन और विकास कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इससे जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखना जरूरी है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063